# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-07-2025

# 12 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, जेल

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** राजघाट पुलिस ने एक युवक को शुक्रवार को 12.123 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने उड़ीसा से गांजा लेकर आने की जानकारी दी है। आशंका है कि हुक्का बारों में गांजा की सप्लाई करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आरोपितों की पहचान रामगढ़ताल इलाके के मंझरिया के बिस्टौल बड़गो निवासी धर्मवीर कुमार निषाद के रूप में हुई। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि एक युवक गांजा की तस्करी कर रहा था। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी थी। शुक्रवार को आरोपित को पुलिस ने राजघाट के अमरूतानी के पास से गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तार आरोपी

### शहर के व्यापारी सहित कई लोगों ने खुद पैसा लगाने के साथ दूसरों का भी लगवाया

# निवेशकों के करोड़ों रुपये लेकर भागी कम्पनी, 11 पर मुकदमा

**जालसाजी**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** एक चिट फंड कम्पनी शहर के व्यापारियों के ढाई करोड़ रुपये लेकर फरार हो गई है। यह आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। अच्छी आमदनी के चक्कर में व्यापारियों ने खुद के अलावा अपने परिचितों का भी कम्पनी में पैसा लगवा दिया था। कम्पनी ने जिम्मेदारों ने पहले अपना ऑफिस बंद किया और बाद में मोबाइल ऑफ कर बातचीत भी बंद कर दी। अब एक व्यापारी ने कोर्ट के माध्यम से कोतवाली थाने में कम्पनी के 11 अधिकारियों और कर्मचारियों पर केस दर्ज कराया है। कम्पनी का सीएमडी महाराष्ट्र के थाणे का रहने वाला है, तो कई अधिकारी वाराणसी के निवासी हैं।

कोतवाली इलाके के खूनीपुर निवासी व्यापारी संजय कुमार अग्रहरी के प्रार्थनापत्र पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने कम्पनी के अधिकारियों और कर्मचारियों पर केस दर्ज किया है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

संजय अग्रहरी ने बताया कि 2017 में परिचित मुरारी मिश्रा अपने साथ बाबूलाल गुप्ता को लेकर उनके घर आए। परिचय कराते हुए कहा कि उनकी दि लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट नाम से कोऑपरेटिव सोसाइटी है। यह भारत सरकार के कृषि मंत्रालय में वर्ष 2012 में पंजीकृत है। फर्म का मुख्यालय इंदौर में है। बाबूलाल गुप्ता ने खुद का परिचय जोनल हेड के रूप में देते हुए कहा कि बहुत से लोगों ने इस सोसाइटी में अभिकर्ता के रूप में जुड़ कर पैसा निवेश किया है और अन्य लोगों से भी पैसा निवेश कराकर अच्छा लाभ प्राप्त कर रहे हैं। बताया कि सोसाइटी के सीएमडी महाराष्ट्र के थाणे के घुले के रहने वाले समीर अग्रवाल हैं।

बाबूलाल गुप्ता की बातों पर विश्वास करके संजय ने वर्ष 2017 से सोसाइटी में पैसा निवेश करना प्रारम्भ किया। शुरुआती निवेश का लाभांश समय से मिल गया। सोसाइटी का कार्यालय एल्युमिनियम फैक्ट्री के पास था, बाद में उसे हटकर बशारतपुर स्थित विद्यानन्द यादव के मकान में शिफ्ट कर दिया गया। वाराणसी के पहड़िया के रहने वाले राघवेन्द्र तिवारी ने गोरखपुर शाखा प्रबंधक के रूप में ज्वाइन किया। संजय अग्रहरी ने पुलिस को बताया कि महीने में दो से तीन बार बीएल गुप्ता, राघवेन्द्र तिवारी निवेशकों के साथ निवेश को लेकर शहर के एक होटल में बैठक लिया करते थे। संजय ने बताया कि उन्होंने कई बार में 26 लाख रुपये का निवेश किया। जिसका सर्टिफिकेट सोसाइटी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर से जारी किया गया। लेकिन पैसा नहीं मिला।

**2024 से शुरू हुई दिक्कत, फरवरी 2025 में भाग गई कम्पनी :** वर्ष 2024 के शुरुआत में निवेशकों की परिपक्वता धनराशि समय पूरा होने पर रुपये वापस ना कर पाने के कारण संजय अग्रहरी तथा अन्य निवेशकों ने कम्पनी के जोनल हेड बीएल गुप्ता, ब्रांच मैनेजर राघवेन्द्र तिवारी आदि से सम्पर्क किया। उन लोगों ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते कैश पैसा ब्रांच तक नहीं पहुंच पा रहा है। चुनाव समाप्त होने के बाद भुगतान का दबाव बढ़ने लगा तो 29 नवम्बर 2024 को कम्पनी की साइट बंद कर दी गई। उसके बाद अधिकारियों ने बरगलाना शुरू किया और यह सिलसिला पांच फरवरी 2025 तक चला। शाखा प्रबन्धक राघवेन्द्र तिवारी व जोनल हेड बीएल गुप्ता की ओर से पैसा देने से इंकार किए जाने के बाद संजय अग्रहरी ने कोर्ट का दरवाजा खटकटाया।



- पहले ऑफिस और बाद में फोन भी बंद कर दिया अधिकारियों ने
- कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया केस
- कम्पनी का सीएमडी महाराष्ट्र व अन्य अधिकारी वाराणसी के

### अभिकर्ता के रूप में भी कराया निवेश, दो करोड़ डूबे

संजय की तरह अजय यादव ने खुद का 1.5 लाख व अन्य लोगों का 2.5 लाख रुपये, ज्योति गुप्ता ने चार लाख स्वंय का और अभिकर्ता के रूप में अन्य लोगों का 51 लाख, तमन्ना परवीन ने अपना व अन्य निवेशकों का लगभग 35 लाख, रामदत्त साहनी ने अपना व अन्य निवेशकों का 50 हजार, शारदा गुप्ता ने अपना एवं अन्य निवेशकों का 1.93 लाख, संजय राज ने अपना व अन्य के छह लाख , तेजस गुप्ता ने अपना व अन्य निवेशकों का दो लाख, यशवंत गुप्ता ने अपना व अन्य निवेशकों का 65.82 लाख, पुष्पा श्रीवास्तव ने अपना व अन्य का 16.64 लाख, विनय त्रिपाठी ने अपना व अन्य निवेशकों का छह लाख, अरविन्द कुमार ने अपना व अन्य के आठ लाख, पंकज अग्रवाल ने खुद का 10 लाख और अन्य के सात लाख निवेश कराए।

### ये हैं आरोपित

- मुरारी मिश्रा पुत्र निरंजन कुमार, आनन्दपुरी कॉलोनी, मोहल्ला-पहाडिया पीडी के पास कान्वेंट वरुणा (कमिश्नरेट वाराणसी)
- बाबूलाल गुप्ता, निवासी राज काम्प्लेक्स अक्र रोड, पहाड़िया, सारनाथ, वरुणा (कमिश्नरेट वाराणसी)
- राघवेन्द्र तिवारी, सारंग रोड पहड़िया, सारनाथ वरुणा (कमिश्नरेट वाराणसी)
- समीर अग्रवाल, महाराष्ट्र घुले
- बीएल गुप्ता, गोरखपुर
- शबाब हुसैन, गोरखपुर
- अनूप जैन, गोरखपुर
- संजय मुद्गिल, गोरखपुर
- सानिया अग्रवाल, पति समीर अग्रवाल
- आरके शेट्टी, गोरखपुर
- अभय राय, गोरखपुर

# सोशल मीडिया पर युवती ने डाली जानवरों संग डर्टी रील, सीएम पोर्टल पर शिकायत

- संभल में 3 युवतियों की डर्टी रील के बाद गोरखपुर में भी सामने आया मामला
- तिवारीपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है युवती, एसपी ने दिया जांच का आदेश

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** सोशल मीडिया पर व्यूअर बढ़ाने के लिए हदें पार कर जाने का एक मामला गोरखपुर में भी सामने आया है। एक युवक ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की है कि पास की रहने वाली युवती व्यूअर बढ़ाने के लिए जानवरों संग आपत्तिजनक फोटो के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालती है। मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी ने पुलिस को जांच का आदेश दिया है।

दरअसल, प्रदेश के संभल जिले में तीन युवतियों को अश्लील वीडियो बनाए जाने का मामला सामने आने पर पुलिस ने जेल भेजा था। साथ ही पुलिस सोशल मीडिया पर आपत्तिजक सामग्री की जांच कर रही है। इसी बीच एक युवक ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की है कि तिवारीपुर इलाके की रहने वाली युवती बकरी संग आपत्तिजनक वीडियो बनाती है। इसे सोशल मीडिया पर वायरल करती है। बच्चे भी उस वीडियो को देखते हैं और तरह-तरह के सवाल करते हैं। युवक ने इस पूरे मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस ने उससे संपर्क किया तो उसने आकर बयान देने से इनकार कर दिया है, इस वजह से जांच अभी अधर में लटकी हुई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर कार्रवाई होगी।

## सोशल मीडिया पर बढ़ गए व्यूअर

युवक का कहना है कि सोशल मीडिया पर युवती के आपत्तिजनक वीडियो डालने के बाद उसके व्यूअर बढ़ गए हैं। इस वजह से उसे बढ़ावा मिल रहा है, लेकिन समाज के लिए यह ठीक नहीं है। इस वजह से इस मामले में कार्रवाई जरूरी है।

---

यातायात व्यवस्था को लेकर हुई बैठक में कमिश्नर ने दिए निर्देश

# ठेले-खोमचे के लिए वेंडिंग जोन, अतिक्रमण भी हटाएं

- अतिक्रमण हटने के बाद दोबारा कब्जा करने पर सख्ती से निपटें
- गोलघर व बेतियाहाता से फिराक चौराहे पर वाहन पार्किंग में खड़े हों

**निर्देश**

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** यातायात व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर अनिल ढींगरा शहर में अतिक्रमण की समस्या पर सख्त नजर आए। कहा कि शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए सभी प्रमुख खड़कों से अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें। कहीं कोई अड़चन आए तो वरिष्ठ अफसरों को सूचित करें। मौजूद अफसरों से कहा कि ठेले, खोमचे वालों के लिए वेन्डिग जोन बनाएं और सुनिश्चित करें कि वे उसी में खड़े हों।

पैडलेगज से नौकायन और बेतियाहाता में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके लिए टीम के गठन के साथ ही पुलिस अफसरों को निर्देश दिया गया है कि अतिक्रमण हटने के बाद दोबारा से कब्जा न होने पाए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नगर, एसपी ट्रैफिक और नगर निगम के अधिकारियो को निर्देश दिया कि गोलघर और बेतियाहाता से फिराक चौराहे के व्यापारियों के साथ बैठक करें। साथ ही यहां आने वाले वाहनों को पार्किंग में खडा कराने के लिए व्यवस्था बनाएं। ये सुनिश्चित करें कि सड़क पर वाहन खड़ा न होने पाए।

नगर निगम के अफसरों को निर्देश दिया कि गोलघर में पार्किंग स्थल के साईनेज भी लगाएं ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने वाहन को पार्किंग में ही पार्क करें। उन्होंने रोडवेज आरएम को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि रोडवेज की बसें किसी भी सूरत में सड़क पर खड़ी न हो। मंडलायुक्त ने पौधरोपण अभियान की समीक्षा करते कहा कि दो दिनों के अन्दर लगाए गए पौधों का जीओ टैगिंग करा लिया जाए।

कमिश्नर ने कहा कि देखने में आया है कि सहजनवा में दुर्घटना के मामले बढ़े हैं। ऐसे में उन्होंने एनएच के अफसरों को निर्देश दिया कि वे नियमित पेट्रोलिग के साथ ही क्रास बैरियर लगवाएं ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। परिवहन विभाग के अधिकारियों से कहा कि स्कूल वाहनों की फिटनेस की जांच जरूर करें। बैठक में डीआईजी एस चनप्पा, जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, एसएसपी राजकरन नैयर समेत सभी विभागों के अफसर मौजूद थे।



सीएम डैशबोर्ड की बैठक करते कमिश्नर अनिल ढींगरा और डीएम कृष्ण करुणेश।

## सभी पात्रों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ

मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने शुक्रवार को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता एवं सीएम डैशबोर्ड से संबंधित समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि मंडल में किए जा रहे विकास व निर्माण कार्यों को सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करके तेजी से कराएं। कार्य की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी इससे वंचित न रहे। उन्होंने हर घर नल योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध ढंग से पूरा करें। इस अवसर पर डीएम कृष्णा करूणेश, सीडीएम शाश्वत त्रिपुरारी, प्रभागीय वनाधिकारी विकास यादव, एवं वर्चुअल माध्यम से देवरिया, कुशीनगर तथा महाराजगंज के जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

---

# किराने की दुकान पर सरकारी देसी शराब बेचते दबोचा

**हरनही।** खजनी थाने के वार्ड संख्या 13 में एक किराना की दुकान पर देसी शराब बेची जा रही थी। शिकायत के बाद पुलिस ने छापा मारकर दुकान से 25 पीस देसी शराब बरामद की। पुलिस ने दुकानदार पर केस दर्ज कर उसे निजी मुचलके पर छोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस की पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बताया कि वह सरकारी देसी शराब के ठेके से शराब खरीद कर लाता था और अधिक मूल्य पर बेच देता था, ऐसा वह धन कमाने के इरादे से किया करता था। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी को बिना लाइसेंस के अवैध रूप से सरकारी देसी शराब बेचते हुए पकड़ा गया था, केस दर्ज कर लिया गया है। बताया कि इलाके में सुबह सरकारी देसी शराब की दुकानों के खुलने से पहले ही आसपास की दुकानों से अधिक मूल्य ले कर सरकारी देसी शराब की धड़ल्ले से बिक्री हो रही थी।

# कुंभकरण केस में हाईकोर्ट की दखल पर रिपोर्ट तैयार

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** पीपीगंज के बढ़नी निवासी कुंभकरण की मौत के राजफाश को अब हाईकोर्ट ने दखल दिया है। बीते दिनों पुलिस की जांच में सांप डंसने से मौत की पुष्टि हुई थी, लेकिन रिपोर्ट पर असंतोष जाहिर करते हुए बहन सुमित्रा हाईकोर्ट चली गई थी। अब हाईकोर्ट ने इस प्रकरण में प्रशासनिक अफसर की देखरेख में जांच का निर्देश दिया है। खबर है कि सीओ कैंपियरगंज एक बार फिर पंजाब भी गए और चंडीगढ़ पीजीआई से 20 वर्ष पुरानी पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रमाणित कॉपी भी ले आए। एक बार फिर मौत की वजह से पुरानी ही आई है। अब एसएसपी के माध्यम से हाईकोर्ट में भी रिपोर्ट भेजी जाएगी।

कुंभकरण की बहन सुमित्रा ने पुलिस को पहले भी प्रार्थना पत्र दिया था। इसके जरिए उसने बताया था कि 2005 में उसका भाई कुंभकरण कमाने के लिए पंजाब गया था। बाद में पता चला कि गुलरिहा इलाके की एक युवती भी उसके साथ गई थी। उसने आकर बताया कि कुंभकरण की सर्पदंश से मौत हो गई, लेकिन उसकी लाश नहीं मिली। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज हुआ तो विवेचक ने भी अपनी चार्जशीट में सर्पदंश से मौत की बात लिखी, लेकिन उसके शव के बारे में नहीं बता सके।

> सुमित्रा के हाईकोर्ट जाने पर फिर से जांच का निर्देश आया। सीओ कैंपियरगंज इसकी जांच कर रहे हैं। जल्द ही साक्ष्यों संग रिपोर्ट भेजी जाएगी।
> **- जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव,** एसपी नार्थ

बाद में सुमित्रा को चंडीगढ़ से पता चला कि उसके साथ आए भोला ने पोस्टमार्टम न कराने की बात लिखित में दी थी। सुमित्रा के अनुसार वहीं के एक नौकर ने उसे बताया था कि आपके भाई को मालिक ने कहीं दूर भेज दिया था। अब इसी राज का सच जानने के लिए पुलिस चंडीगढ़ गई थी।

# सड़क के गड्ढे ने ली युवक की जान

- **खजनी इलाके की घटना, गड्ढे में पानी भरने की वजह से हुआ हादसा**
- **कूदकर गड्ढा पार करते समय गिरा युवक, सिर में चोट से गई जान**

**हरनही, हिन्दुस्तान संवाद।** खजनी थाने के पीछे डॉक्टर सीबी सिंह गली में इंटरलॉकिंग रोड पर पानी से भरे गड्ढे को कूद कर पार करते हुए अचानक फिसल कर गिरे युवक की मौत हो गई। युवक के सिर के पिछले हिस्से में लगी गंभीर चोट के कारण मौत हो गई। घटना के बाद पहुंचे परिजनों ने पुलिस में शिकायत की।

खजनी क्षेत्र के बारी गांव निवासी पन्नेलाल निषाद (42) घर पर रहकर मजदूरी करता था। शुक्रवार की दोपहर में तीन बजे के करीब वह डॉ. सीबी सिंह गली में इंटरलॉकिंग रोड से जा रहा था। रास्ते में बने गड्ढे में पानी भरा होने के कारण वह कूदकर गड्ढे को पार कर रहा था। अचानक पैर फिसलने से वह सिर के बल पीछे गिर कर तड़पने लगा। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे उठा कर दूसरी जगह लिटाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे पिपरौली अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक सिर्फ अपने गांव का नाम ही बता पाया था, घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पन्नेलाल के माता-पिता और पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। एक पुत्र 12 वर्ष तथा पुत्री 14 वर्ष है। उसकी मौत के बाद दोनों बच्चे अनाथ हो गए। स्थानीय लोगों ने कहा कि सड़क के गड्ढे ने युवक की जान ले ली। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

# बीआरडी गेट के सामने शराब बेचते समय युवक को दबोचा

**गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज गेट के सामने एक भोजनालय के पास एक युवक झोले में रखकर अंग्रेजी और देसी शराब बेच रहा था। मेडिकल चौकी पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर रही है।

मेडिकल कालेज गेट के सामने स्थित जनता भोजनालय के पास एक युवक झोले में अंग्रेजी व देसी शराब बेच रहा था। गश्त के दौरान पुलिस टीम पहुंची तो युवक झोला लेकर भागने लगा। पुलिसवालों ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान झोले से 16 बोतलें अंग्रेजी तथा 19 बोतलें देसी शराब की बरामद हुई। युवक की पहचान चिलुआताल क्षेत्र के झुंगिया निवासी राजेश निगम के रूप में हुई है।

# पत्नी के हत्यारोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हि फॉलोअप

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** पत्नी की हत्या कर फरार चल रहे पति को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल नल के हत्थे को बरामद कर लिया है। पति ने हत्थे से पत्नी की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। शव छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी।

जंगल छत्रधारी टोला शाहपुर का रहने वाला शनि साहनी बेंगलुरू में रहकर पेंट पालिश व मजदूरी करता था। एक सप्ताह पूर्व वह घर आया था और दिन भर नशे में रहता था। शाम को घर पहुंचकर पत्नी नीलम साहनी से विवाद करता था। 11 जुलाई की रात में भी वह नशे में घर पहुंचा और पत्नी से रुपये मांगने लगा। जब पत्नी से मना किया तो विवाद कर मारपीट करने लगा। इस पर पत्नी ने उसका विरोध किया तो नाराज होकर पहले तीन बच्चों शिवानी, प्रियांश और कल्लू को छत पर सोने के लिए भेज दिया। इसके बाद पास में रखे हैंडपंप के हत्थे से नीलम की हत्या कर दी।

घटना की सूचना पर पहुंचे नीलम के भाई चिलुआताल के मोहरीपुर निवासी जितेन्द्र साहनी ने थाने में तहरीर देकर आरोपित शनि केस दर्ज कराया है।

## विवाहिता की आत्महत्या में पति गिरफ्तार, जेल

**बेलीपार।** बेलीपार थाना क्षेत्र के हाटा में 12 जुलाई की रात में एक महिला ने छत में लगे पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। विवाहिता के पिता हाटा निवासी भानु प्रताप सिंह की तहरीर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया। पिता ने पुलिस को बताया कि 7-8 वर्ष पूर्व उनकी पुत्री रुचि सिंह की शादी बड़हरा थाना हरपुर बुदट निवासी पवन सिंह से हुई थी। शादी के बाद से ही पवन सिंह मेरी पुत्री को शारीरिक व मानसिक यातना देता था। पवन सिंह का किसी अन्य युवती से प्रेम प्रसंग भी था।

पोस्टमार्टम के बाद गांव में शव पहुंचने पर मचा कोहराम, घटना से आक्रोश, पुलिस की निगरानी में छात्र के शव को घरवालों ने दफनाया

# छात्र की मौत के बाद स्कूल पड़ोस के गांव में शिफ्ट

फॉलोअप

**ब्रह्मपुर/चौरीचौरा, हिसं।** पांचवीं के छात्र अंकित की करंट से हुई मौत का गम शुक्रवार को भी गांव में दिखा। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा कोहराम मच गया। परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल था अन्य लोगों की आंखें भी नम हो गईं। पुलिस की मौजूदगी में परिजनों ने बच्चे के शव को मझना नाले के किनारे दफना दिया। वहीं प्राथमिक विद्यालय रामपुरा के छात्रों को दो किमी दूर बगल के गांव के स्कूल से संबद्ध कर दिया गया है। कठघरे में खड़े बिजली निगम के अधिकारियों ने स्कूल का निरीक्षण किया और उन्होंने स्टेक में करंट न आने का दावा किया है।

झंगहा क्षेत्र के रामपुरा निवासी पांचवीं कक्षा के छात्र अंकित की गुरुवार को स्कूल परिसर में करंट लगने से मौत हो गई। घटना से अक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल घेरकर शिक्षकों को दो घंटे तक बंधक बना लिया था। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के समझाने के बाद वह माने। पुलिसवाले शिक्षकों को वहां से किसी तरह से निकाल कर थाने ले गए और वहां से उन्हें छोड़ दिया। वहीं दूसरी तरफ छात्र का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था।

शुक्रवार की शाम को 5 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। शव के पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

गांव के लोग शव आने की सूचना पर पीड़ित परिवार के घर पर पहुंच गए। भारी संख्या में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में बच्चे को मंझना नाला के किनारे मिट्टी में दफन किया गया। झंगहा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभी तक परिवार की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उधर, बेटे की मौत की सूचना पर उसके पिता प्रमोद प्रजापति बेंगलुरु से घर के लिए चल दिए हैं।



छात्र की मौत के बाद शुक्रवार को स्कूल के गेट पर बंद रहा ताला।

■ बिजली निगम के अफसरों ने स्कूल का निरीक्षण कर स्टेक में करंट न आने का दावा किया



झंगहा क्षेत्र के रामपुरा गांव में छात्र का शव पहुंचने के बाद शुक्रवार को रोते परिजन।

### छात्र की मौत पर शिक्षकों ने जताया दुख, करेंगे आर्थिक मदद

**ब्रह्मपुर/चौरीचौरा।** छात्र अंकित की मौत से स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाएं भी काफी दुखी हैं। सहायक अध्यापक दिव्या गौतम अभी उस सदमे से उबर नहीं पाई हैं। प्रधानाध्यापिका सरवर जहां अंसारी शुक्रवार से ही मेडिकल लीव पर चली गईं। उधर ब्रह्मपुर ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश राय, मंत्री सीबी त्रिपाठी, डॉ. प्रवीण सिंह सहित सभी शिक्षकों ने परिवार के प्रति शोक जताते हुए कहा कि सभी शिक्षकों के साथ मिलकर परिवार की आर्थिक मदद की जाएगी।

### बच्चे दूसरे स्कूल से संबद्ध लेकिन नहीं गया कोई छात्र

छात्र की मौत के बाद देर रात डीएम से बीएसए की वार्ता के बाद शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए प्राथमिक विद्यालय रामपुरा के छात्रों को दो किमी दूर बगल के गांव बेलवा में सम्बद्ध किया गया। सभी शिक्षकों को भी उसी स्कूल में पठन-पाठन करने का निर्देश दिया गया। सभी शिक्षक सम्बद्ध स्कूल में शुक्रवार की सुबह समय से पहुंच गए थे। लेकिन हादसे से कारण कोई भी बच्चा पढ़ने नहीं गया। शिक्षकों का कहना था कि रात में सूचना आई थी। बच्चों को सूचना नहीं दी जा सकी। अब सूचना भेजी जा रही है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट से तय होगा कैसे हुई अंकित की मौत

**चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद।** बिजली विभाग का दावा है कि इंसुलेटर लगने की वजह से बिजली नीचे नहीं उतर सकती है। बिजली विभाग के मुताबिक आकाशीय बिजली गिरने से ही मौत हुई होगी।

अब सवाल यह उठता है कि बच्चा ट्रांसफॉर्मर के स्टेक से कैसे चिपक गया? वज्रपात से उसकी मौत होती तो पूरा शरीर झुलस जाता। अब इसको लेकर नया पेच फंस गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि आकाशीय बिजली से मौत हुई या इलेक्ट्रिक से हुई। राहत सहयोग मिलने की बात को लेकर एसडीएम कुंवर सचिन सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि किस बिजली से मौत हुई है। यदि आकाशीय बिजली से मौत होने की रिपोर्ट आएगी तो तहसील प्रशासन इस पर त्वरित कार्रवाई करके जिला प्रशासन से अनुमति लेकर सहायता राशि पीड़ित परिवार को शीघ्र उपलब्ध करा देगा। बिजली से मौत की पुष्टि होने पर विद्युत विभाग द्वारा सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री सहायता कोष से भी मदद के लिए प्रयास किया जाएगा।

### जांच के लिए पहुंचे बिजली निगम के एसडीओ

शुक्रवार की शाम को मौके पर जांच करने बिजली निगम के एसडीओ पंकज कुमार गुप्ता पहुंचे। गेट के बाहर से ही परिसर में लगे ट्रांसफार्मर, पोल आदि की तस्वीर ली। उनके निरीक्षण में पाया गया कि इंसुलेटर के लगे होने से स्टेक के सहारे बिजली उतरने की संभावना नहीं रहती है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच कर विभाग कार्रवाई करेगा।

"छात्र के मौत के कारणों की जांच के लिए टीम गठित की गई है। दो दिनों में टीम को जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है। प्रथम दृष्टया छात्र की मृत्यु करंट नहीं आकाशीय बिजली लग रही है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

-डीके सिंह, अधीक्षण अभियंता रीजन फर्स्ट

# नदी में फेंकने में एक आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** मनबढ़ों से बचने के लिए नदी में कूदे युवक की मौत के मामले में बेलीपार पुलिस ने शुक्रवार को एक आरोपित प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।

बेलीपार क्षेत्र के कतरारी गांव की तोता देवी का बेटा अक्षय कुमार और भतीजा अंगद प्रसाद रविवार की शाम को अपनी बाइक से मौसी के घर जा रहे थे। एक अन्य बाइक से चंद्रेश गुप्ता व चन्दन गुप्ता आए और बाइक को रोककर अक्षय और भतीजे अंगद को मारने-पीटने लगे। बाइक की चाभी निकालकर मोबाइल से बात करके साथियों को बुला लिए। स्कॉर्पियो से पहुंचे अन्य हमलावरों ने लोहे की रॉड व हॉकी से मारने-पीटने लगे।

# टीका लगाने व कलावा बांधने पर तीन किशोरों को पीटा

**गोला बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** नगर पंचायत के एक स्कूल से पढ़कर लौट रहे तीन किशोरों से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दूसरे समुदाय के तीन किशोरों ने माथे पर टीका व कलावा बांधने को लेकर पीटा है। पीड़ितों की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। हालांकि, घटना के पीछे बताए गए वजहों को गलत बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर पंचायत गोला के टोला मुन्नीपुर निवासी अनुराग पुत्र सदन तिवारी, भीटी नायक के सन्नी नायक पुत्र शिव शंकर नायक और हर्ष नायक पुत्र उदय नारायण ने थाने में दी गई तहरीर में लिखा है कि हम लोग कस्बा के एक स्कूल में पढ़ते हैं। शाम को छुट्टी के बाद अपने वाहन से घर जा रहे थे। शाम करीब 3:50 बजे टीवीएस एजेंसी के पास पहुंचे थे कि गोला कस्बा के टीचर कॉलोनी के तीन किशोर ने वाहन रोक लिया। हम लोगों के माथे पर लगे टीका और हाथ में पहने कलावा को हटाने के लिए कहने लगे।

■ गोला थाने में तीन किशोरों की ओर से दी गई तहरीर, स्कूल से आते समय हुई घटना

जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो वह तीनों लोग हम लोगों को लात-मुक्का, थप्पड़ व हाथ में पहने चूरला से मारने-पीटने लगे। शोर गुल करने पर गाली देते हुए हम लोगों को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सीओ गोला दरवेश कुमार ने बताया कि स्कूली छात्रों में आपसी झगड़ा हुआ है।

# छिनैती के एक ही मामले में 10 दिन के भीतर दर्ज किए दो केस

## गोरखनाथ थाने का मामला, पहले पत्नी फिर पति को बनाया वादी, पुलिस आरोपियों को भिजवा चुकी है जेल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** छिनैती जैसे गंभीर मामले में गोरखनाथ पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पुलिस ने एक ही मामले में 10 दिन के भीतर दो केस दर्ज किए हैं। बृहस्पतिवार को छिनैती में जो केस दर्ज किया गया है, उसके दोनों आरोपियों को पुलिस उसी मामले में एक हफ्ते पहले ही मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है। मामला संज्ञान में आने के बाद सीओ गोरखनाथ ने बृहस्पतिवार दर्ज केस को स्पंज करने के आदेश दिए हैं।

बीती सात जुलाई को बाइक सवार बदमाश हड़हवा फाटक के पास हुमायूंपुर उत्तरी निवासी सावित्री शर्मा से पर्स छीनकर भाग गए थे। पुलिस ने सावित्री की तहरीर पर 9 जुलाई को बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज किया। 10 जुलाई को गोरखनाथ पुलिस ने वारदात में शामिल दो बदमाशों सहजनवां थाने के गैंगस्टर शाहपुर के बिछिया जंगल तुलसीराम खुदी टोला निवासी अमन कुमार भारती व कैंट क्षेत्र के मोहद्दीपुर जगदंबा गली निवासी तरुण राय को गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस ने आरोपियों के पास से छिनैती के पांच मोबाइल, 1500 रुपये नकद और बाइक भी बरामद की थी। इसके बाद कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें भेज दिया गया था। इसी बीच गोरखनाथ पुलिस ने बृहस्पतिवार की सुबह 11.19 मिनट पर उसी मामले में सावित्री शर्मा के पति अरविंद शर्मा की तहरीर पर छिनैती का केस दर्ज कर लिया। मामला संज्ञान में आने के बाद सीओ गोरखनाथ रवि सिंह ने थाना प्रभारी गोरखनाथ शशि भूषण राय को बाद में दर्ज हुए केस को स्पंज करने के आदेश दिए हैं।



गोरखनाथ थाना। अमर उजाला

पीड़ित ने तथ्य को छुपाते हुए तहरीर दी होगी। सूचना मिलने पर केस दर्ज किया जाता है। विवेचना के दौरान यह पुष्टि हुई होगी। यदि वादी एक है तो पहली विवेचना में दूसरी शामिल कर दी जाएगी। 161 के बयान के बाद उसे खत्म कर दिया जाएगा।

**- आरके नय्यर,** एसएसपी

### यह हैं नियम

*अधिवक्ता अरविंद राम त्रिपाठी ने बताया कि एक ही मामले में दो केस (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज करना आम तौर पर स्वीकार्य नहीं है। भारतीय कानून में किसी घटना या अपराध के लिए केवल एक ही केस दर्ज होना चाहिए। यदि दो केस दर्ज किया जाता है तो बाद वाले को आमतौर पर रद्द कर दिया जाता है। हालांकि, कुछ मामलों में, यदि दो केस अलग-अलग घटनाओं या अपराधों से संबंधित हैं, तो उन्हें अलग माना जा सकता है और दोनों की अनुमति दी जा सकती है। लेकिन उसी के दो भिन्न कथन, तथ्य व सबूत के साथ शिकायत की गई हो तो दूसरा केस दर्ज किया जा सकता है।*

### विशेषज्ञ की राय

किसी व्यक्ति के विरुद्ध एक घटना में दो केस विधि विरुद्ध है। यदि ऐसा है तो पहला केस चलेगा। उसी की विवेचना होनी चाहिए। वहीं दूसरा केस गलत तरीके से दर्ज हुआ, जिसे पुलिस को समाप्त कर देना चाहिए। केस समाप्त नहीं हुआ तो आरोपी को लाभ मिल सकता है।

**- शंकर शरण त्रिपाठी,** वरिष्ठ अधिवक्ता, सिविल कोर्ट गोरखपुर

# कल से कई रूट पर प्रतिबंधित रहेंगे भारी वाहन

## कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक को लेकर पुलिस प्रशासन ने किया यातायात व्यवस्था में बदलाव

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** कांवड यात्रा/जलाभिषेक को लेकर रविवार सुबह से सोमवार को पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। श्रावण मास में महादेव झारखंडी मंदिर थाना एम्स, मुक्तेश्वरनाथ मंदिर हार्बर्ट बंधा, मोटेश्वरनाथ मंदिर पिपराइच और भद्देश्वरनाथ मंदिर बस्ती में लगने वाले कावड़ यात्रा/जलाभिषेक के अवसर पर रविवार सुबह से सोमवार को कांवड यात्रा की समाप्ति तक यातायात व्यवस्था बदली रहेगी।

एसपी ट्रैफिक संजय कुमार ने बताया कि रविवार रात आठ बजे से सोमवार रात 10 बजे के बीच काली मंदिर/धर्मशाला ओवरब्रिज पर भारी वाहनों का अवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा आवश्यकतानुसार प्रत्येक रविवार सुबह से शहर के आउटर पॉइंट कालेसर, सहजनवां थाना गेट के सामने और अन्य स्थानों पर ड्यूटी लगाकर डायवर्जन कराया जाएगा।

### इन मार्गों पर किया गया रूट डायवर्जन

- देवरिया बाईपास से महादेव झारखंडी की तरफ आने वाले बड़े वाहनों को हनुमान देवरिया बाईपास की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन सिक्टौर, हनुमान मंदिर देवरिया बाईपास होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।
- कुनराघाट की तरफ से महादेव झारखंडी मंदिर की जाने वाले भारी वाहनों को एयरपोर्ट पुलिस चौकी की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन एयरपोर्ट, जगदीशपुर कोनी होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।
- हार्बर्ट बंधा से टीपीनगर की तरफ आने वाले भारी वाहन दूसरे लेन से होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।
- पिपराइच से पादरी बाजार की ओर आने वाले भारी वाहन पिपराइच में रोक दिया जाएगा।
- पादरी बाजार से जाने वाले भारी वाहनों को मोहद्दीपुर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।

**भद्देश्वरनाथ मंदिर, बस्ती में लगने वाले कावड़ यात्रा पर यातायात व्यवस्था**

- शहर से बस्ती की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को रविवार सुबह से कालेसर से डायवर्ट किए जाएंगें। ये वाहन गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगें।
- कुशीनगर/देवरिया से बस्ती की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को रविवार सुबह से बाघागाड़ा के आगे से गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे होकर गंतव्य की ओर जाएंगे।

# कोऑपरेटिव सोसाइटी में निवेश के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी, 11 पर केस

## बशारतपुर में बना रखा था कार्यालय, कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया केस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कोतवाली इलाके में कोऑपरेटिव सोसाइटी में निवेश के नाम पर दो करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सोसाइटी के सीएमडी समीर अग्रवाल और जोनल हेड बीएल गुप्ता समेत 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों ने अधिक लाभांश का लालच देकर लोगों से निवेश कराया और अभिकर्ता के रूप में जोड़ रखा था।

कोतवाली थाना क्षेत्र के खूनीपुर के रहने वाले संजय कुमार अग्रहरि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह आरओ के पानी की सप्लाई का व्यवसाय करता है। वर्ष 2017 में वाराणसी के पहड़िया इलाके के मुरारी मिश्रा और सारनाथ के बाबूलाल गुप्ता उसके घर आए थे। संजय के मुताबिक दोनों ने बताया कि उनकी द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट थेफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी है, जो केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय से वर्ष 2012 से पंजीकृत है। मध्य प्रदेश के इंदौर में इसका मुख्यालय है। बीएल गुप्ता सोसाइटी के जोनल हेड हैं और सीएमडी समीर अग्रवाल थाणे मुंबई के रहने वाले हैं।

संजय को बताया गया कि बहुत से लोगों ने अभिकर्ता के रूप में जुड़कर सोसाइटी में निवेश किया है। दूसरे लोगों से भी निवेश कराकर अच्छा लाभांश पा रहे हैं।

उन्होंने कंपनी की योजनाओं के बारे में बताया। एल्युमिनियम फैक्टरी के पास सोसाइटी का कार्यालय था। संजय का कहना है कि मुरारी और बाबूलाल के झांसे में आकर वर्ष 2017 से उसने निवेश शुरू कर दिया। परिपक्वता की रकम समय से मिलती रही इसलिए विश्वास बढ़ता गया।

इसी बीच सोसाइटी का कार्यालय बशारतपुर में आ गया। वाराणसी के सारनाथ के राघवेंद्र तिवारी ने गोरखपुर शाखा प्रबंधक के रूप में जॉइन किया। हर माह विजय चौक स्थित एक होटल में मीटिंग होती थी, जहां लोगों को योजनाओं के बारे में बताया जाता था।

### कंपनी के पास नहीं था लाइसेंस, वाराणसी, पुणे और गोरखपुर के आरोपी शामिल

मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली पुलिस इसकी जांच कर रही है। साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

– अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

### लगा दी जीवन भर की पूंजी

संजय ने बताया कि उन्होंने 26 लाख रुपये निवेश किए हैं। इसी तरह अजय यादव ने 1.5 लाख, ज्योति गुप्ता ने स्वयं चार लाख और अभिकर्ता के रूप में 51 लाख रुपये, तमन्ना परवीन ने 35 लाख, रामदत्त साहनी ने 50 हजार, शारदा गुप्ता ने 1.93 लाख, तेजस गुप्ता ने दो लाख, यशवंत कुमार ने 65 लाख, पुष्पा श्रीवास्तव ने 16 लाख, विनय कुमार त्रिपाठी ने छह लाख रुपये निवेश किया है। बड़ी संख्या में लोगों ने खुद भी निवेश किया है। बैठक में आने वाले तमाम लोगों ने झांसे में आकर जीवनभर की पूंजी तो लगाई साथ ही दूसरों से भी निवेश करा दिया।

### अधिक ब्याज के लालच में न पड़ें



लोग जागरुकता की कमी से धोखाधड़ी के शिकार होते हैं। अगर कोई अधिक ब्याज देने का लालच दे रहा है तो सतर्क हो जाना चाहिए। फर्म या सोसाइटी के बारे में पहले पूरी तरह से पता करना चाहिए। वित्त विभाग का भी स्पष्ट निर्देश है कि तय ब्याज से अधिक कोई भी नहीं दे सकता। जागरुकता की कमी से लोग अधिक ब्याज के झांसे में आ जाते हैं। यही नहीं धोखाधड़ी के शिकार लोगों के पास स्पष्ट और जरूरी साक्ष्य न होने से कई बार जालसाज बच भी निकलते हैं। निवेश करते समय ध्यान रखना होगा।

– डॉ. शैलेश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, विधि विभाग, डीडीयू

### वाराणसी में बुलाई थी बैठक

संजय के अनुसार, एक बैठक वाराणसी में बुलाई गई थी। इसमें सोसाइटी के बड़े अधिकारी शामिल हुए थे। जब कोई सदस्य अपना पंजीकरण पूरा कर लेता था तो उसे एक कोड मिलता था जिससे वह लोगों का निवेश कराता था। प्रत्येक पंजीकृत सदस्य को बचत खाते में जमा राशि पर ब्याज मिलता था। ग्राहक व सोसाइटी से जुड़े सभी का डाटा ऑनलाइन होता था। सोसाइटी का एक मोबाइल एप भी था।

### समय पूरा होने के बाद भी नहीं वापस किए रुपये

संजय के मुताबिक वर्ष 2024 में निवेशकों की परिपक्वता धनराशि का समय पूरा हो गया। इसके बाद भी रुपये नहीं मिले। सोसाइटी के अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते कैश ब्रांच तक नहीं पहुंचाया जा रहा है, लिहाजा निवेशकों को थोड़ा इंतजार करना होगा। आरोप है कि नवंबर 2024 से सोसाइटी की वेबसाइट पर अपडेट मिलना भी बंद हो गया। एक माह बाद भी यही स्थिति रही तो शाखा प्रबंधक को जानकारी दी गई तो उन्होंने मामले से पल्ला झाड़ लिया। आरोप है कि निवेशकों को फर्जी बांड व रसीद दी गई थी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुरारी मिश्रा, बाबूलाल गुप्ता, बीएल गुप्ता, समीर अग्रवाल, राघवेंद्र तिवारी, शबाब हुसैन, अनूप जैन, संजय मुद्गिल, सानिया अग्रवाल, आरके शेट्टी और अभय राय पर धोखाधड़ी, जालसाजी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

### सिंघड़िया में ट्रेडिंग कंपनी में निवेश के नाम पर हुई थी धोखाधड़ी

सिंघड़िया इलाके में फर्जी ट्रेडिंग कंपनी खोलकर करोड़ों रुपये की जालसाजी की गई थी। जून में आरोपी के खिलाफ कैंट थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। करीब 100 लोगों से रुपये लेने के बाद कंपनी मालिक ऑफिस बंद कर भाग गया था। श्रीराम सिटी में आरोपी ने ऑफिस खोला था। पीड़ित राम सिंह बेदी ने आरोप लगाया था कि जुलाई 2024 में युवक ने कंपनी शुरू की और ट्रेडिंग में प्रति माह 15 प्रतिशत रिटर्न का लालच दिया था। साथ ही 13.5 महीने में रुपये दो गुना होने का झांसा दिया था। शुरू के दो-तीन महीने उसने रुपये भी दिए। राम सिंह ने बताया कि 25 लाख रुपये कंपनी में लगा चुके हैं। आरोप लगाया कि पिछले कुछ माह से रिटर्न आना बंद हो गया था। आरोपी ने अपना फोन बंद कर लिया और कार्यालय में ताला लग गया। एक अन्य निवेशक संतोष कुमार मौर्य ने कहा कि जीवन भर की जमा-पूंजी सौंप दी। कुछ दिनों महीनों तक रुपये मिले तो अन्य लोगों ने भी निवेश कर दिया। मीना सिंह ने नौ लाख, संदीप श्रीवास्तव ने छह लाख, व्यास करण ने एक लाख, राजकुमार ने 10.50 लाख, राजबहादुर यादव ने 5.10 लाख, बलराम ने दो लाख समेत समेत 50 लोगों ने निवेश किया था।

# ट्रक की टक्कर से कार पलटी छह अमरनाथ यात्री घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

**उधमपुर/ गोरखपुर।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उधमपुर के बट्टल बालियां चौक पर शुक्रवार सुबह बेकाबू ट्रक ने इनोवा में टक्कर मार दी। हादसे में इनोवा में सवार गोरखपुर के रहने वाले छह अमरनाथ यात्री घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक नशे में धुत था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

इनोवा (यूपी81बीएन-3701) में कुल आठ लोग सवार थे जो जम्मू से अमरनाथ यात्रा पर जा रहे थे। इनोवा सुबह लगभग 6:30 बजे उधमपुर के बट्टल बालियां चौक से गुजर रही थी कि ट्रक ने इनोवा को टक्कर मार दी। हादसे में छह श्रद्धालु घायल हो गए। सभी का जीएमसी उधमपुर में उपचार चल रहा है। किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। सभी गोरखपुर, बासगांव के गांव कौड़ी के निवासी बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर तैनात सीआईएसएफ और पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जीएमसी उधमपुर पहुंचाया।

इधर, गोरखपुर में घायलों के घरवालों को जैसे ही हादसे की सूचना मिली वह उधमपुर के लिए रवाना हो गए। वहीं परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। पहले तो किसी अनहोनी की आशंका को लेकर सभी परेशान थे। हालांकि, जब उन्हें यह बताया गया कि सभी खतरे से बाहर है तब लोगों ने राहत की सांस ली।

### सभी घायल गोरखपुर की तहसील बासगांव के कौड़ीराम के रहने वाले

### ये हुए घायल

घायलों की पहचान हरिशचंद्र जायसवाल (58) निवासी कौड़ीराम थाना बांसगांव, उदय चौधरी (60) निवासी धस्का बांसगांव, आजाद गौड़ (24) निवासी धस्का थाना बांसगांव, अजय (26) निवासी अतरौली थाना बांसगांव, जिलजीत विश्वकर्मा (48) निवासी हरपुर थाना गगहा और कौशल जायसवाल निवासी जगदीशपुर भलुआन थाना गगहा के रूप में हुई है। गाड़ी में बैठे जितेंद्र जायसवाल निवासी कौड़ीराम और चालक पूरी तरह सुरक्षित हैं।

**सीआईएसएफ जवानों ने छलांग लगाकर खुद को बचाया :** बताया जा रहा है कि इनोवा जब उधमपुर के बट्टल बालियां चौक से निकल रही थी तो बट्टल बालियां औद्योगिक क्षेत्र से बेकाबू ट्रक डिवाइडर को तोड़ते हुए हाईवे पर दूसरी लेन से घुस आया और इनोवा को टक्कर मार दी। इनोवा सड़क पर ही पलट गई। इसके बाद भी बेकाबू ट्रक हाईवे को पार करते हुए एक मकान की चहारदीवारी को तोड़ अंदर जा घुसा और मलबे में फंस कर रुक गया। हादसे के वक्त मौके पर तैनात सीआईएसएफ जवानों ने भी छलांग लगाकर ट्रक से खुद को बचाया।

# पत्नी की हत्या करने वाला आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : हैंडपंप के हत्थे से पत्नी की हत्या करने वाले आरोपित सन्नी साहनी को पिपराइच पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। रुपये नहीं देने पर 11 जुलाई की रात हत्या करने के बाद शव छोड़कर फरार हो गया था। महिला के भाई जितेन्द्र साहनी की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

सन्नी बंगलुरू में रहकर मजदूरी करता था। घटना के 10 दिन पहले वह घर आया था। नशे का आदि होने से वह पत्नी के खाते में जमा रुपये को निकलवाना चाहता था। पत्नी के मना करने पर मारता-पीटता था। 11 जुलाई की रात में भी वह रुपये की मांग करते हुए पत्नी से विवाद किया। बच्चों के जगने पर उन्हें छत पर भेज दिया। इसके बाद तेज आवाज में टीवी चालू कर कमरे में रखे हैंडपंप के हत्थे से पत्नी की पीट पीटकर हत्या कर दी। पिपराइच थानाध्यक्ष पुरूषोत्तम आनंद सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# छात्रा से छेड़खानी करते थे शोहदे, दर्ज हुआ मुकदमा

- खजनी थाना क्षेत्र का मामला बाइक से करते थे पीछा
- कार्रवाई के बाद पुलिस कर रही आरोपितों की तलाश

जागरण संवाददाता, उनवल : कोचिंग में पढ़ने जाने पर छात्रा को शोहदे परेशान कर रहे थे। बाइक से पीछा करते हुए उसके साथ छेड़खानी कर रहे थे। मना करने के बाद भी वह नहीं मान रहे थे। शुक्रवार को स्वजन के साथ छात्रा ने खजनी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही है।

छात्रा के स्वजन ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री कस्बे में कोचिंग पढ़ने के लिए जाती है। एक बाइक पर सवार तीन युवक उसे रास्ते में परेशान करते थे और पीछा कर हुए छेड़खानी करते थे। पुत्री के बताने पर उन्होंने कई बार युवकों को मना किया। लेकिन वह नहीं मान रहे थे। गुरुवार को भी आरोपितों ने बाइक से पीछा करते हुए छेड़खानी की। घर पहुंचकर पुत्री ने दोबारा घटनाक्रम की जानकारी दी। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए थाने में शिकायत करना पड़ा। थानाध्यक्ष खजनी अनूप सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर तीनों युवकों की तलाश की रही है।

**दहेज हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार :** बेलीपार : बड़हरा के रहने वाले पवन सिंह को बेलीपार थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इसके विरुद्ध हाटा के भानु प्रताप सिंह ने दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। भानु प्रताप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी रुचि सिंह की शादी पवन के साथ आठ वर्ष पहले हुई थी। ससुराल वाले पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे।

# ओडिशा से लाए गए 12 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

जासं, गोरखपुरः गांजा तस्करों के अंतरराज्यीय नेटवर्क का एक और सिरा गुरुवार रात पुलिस के हाथ लगा। राजघाट थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने अमरूद बगिया के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया, जो ओडिशा से 12 किलो गांजा लेकर पहुंचा था। पूछताछ में उसने सप्लाई चेन से जुड़े कई नाम बताए हैं। उसे जेल भेज दिया गया है। गिरोह से जुड़े तीन अन्य युवकों की तलाश चल रह है।



आरोपित युवक सौ. इंटरनेट मीडिया

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि गुरुवार की रात राजघाट थाना प्रभारी सदानंद सिन्हा और एसओजी प्रभारी मनीष यादव अमरूद बगिया के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक गांजा लेकर इलाके में आने वाला है। टीम ने तत्काल घेराबंदी कर रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के मंझरिया बिस्टौल निवासी धर्मवीर कुमार निषाद को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 12 किलो गांजा और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में धर्मवीर ने बताया कि वह ओडिशा से गांजा लाता है और यहां गांव के गुड्डू निषाद, राहुल निषाद, गोरखपुर के पप्पू यादव और बस्ती निवासी मणि को सौंप देता है। बदले में उसे एक खेप पर छह हजार रुपये मिलते हैं। उसने खुद को केवल 'डिलीवरी मैन' बताया। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश चल रही है।

# गड्ढे में फिसल कर गिरा युवक, मृत्यु

जासं, उरुवा बाजार : खजनी थाने के पीछे गली में पानी भरे गड्ढे को पार करते समय बारी गांव के पन्नेलाल निषाद गिर गए। उनके सिर के पीछले हिस्से में गंभीर चोटें आई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पन्नेलाल के माता-पिता और पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। दो बच्चों को वहीं संभालता था।

बारी गांव का पन्नेलाल निषाद किसी काम से शुक्रवार को खजनी आया था। अपराह्न तीन बजे वह डा. सीबी सिंह की गली से जा रहा था। सड़क पर बने गड्ढे में पानी भरा होने से वह कूदकर उसे पार करना चाहा। तभी फिसलकर गिर गया और सिर में गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगों ने उसे उठाकर किनारे किया और पुलिस को सूचना दी। पन्नेलाल को एक 12 वर्ष का बेटा और 14 वर्ष की बेटी है। पुलिस ने दोनों को सूचना देते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।

# आठ माह पहले हुई थी हत्या, पुलिस काट रही पर्चा

- सिहापार के भूपेंद्र को मारी गई थी गोली, सहजनवां के भैंसला से बरामद हुआ था शव
- भक्सा में दो किशोरों का हाथ-पैर बांध गला रेतकर हुई थी हत्या सिर्फ एक गिरफ्तार

जिन पुरानी घटनाओं का पर्दाफाश नहीं हो सका है, उसकी सूची तैयार कराई जा रही है। इन घटनाओं की पुलिस नए सिरे से जांच करेगी और पर्दाफाश कर आरोपितों को जेल भेजेगी।

-डा. एस. चनप्पा, पुलिस उप महानिरीक्षक

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : सीहापार के रहने वाले भूपेंद्र दुबे उर्फ विशाल की 14 नवंबर, 2024 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भैंसला गांव के पास पुलिस ने शव बरामद किया था। मौके से दो खोखे भी मिले थे। केस दर्ज करने के बाद थानाध्यक्ष ने मामले की जांच खुद शुरू की। हत्या हुए आठ महीने बीत गए, लेकिन पुलिस सिर्फ पर्चा ही काट रही है। जांच के नाम पर थानाध्यक्षों ने 31 पर्चे काटे हैं, यानी वह मामले की जांच करने के लिए इतनी बार थाने से निकले और वापस आए। लेकिन अभी आरोपित पकड़ से दूर हैं।

24 जनवरी, 2025 को भक्सा के सीवान में सरसों के खेत से दो किशोर का शव बरामद हुआ था। उनके हाथ-पैर बांधकर गला रेता गया था। मुंह में कपड़े भी ठूंसे गए थे। दोनों किशोरों की पहचान करते हुए पुलिस ने एक को भक्सा निवासी 14 वर्षीय अभिषेक के रूप में बताया। वहीं दूसरा चिलुआताल थाना के नवापार निवासी 12 वर्षीय प्रिंस जो अभिषेक के मामा का लड़का था। दोनों एक दिन पहले शाम को साइकिल से निकले थे। घटना की जानकारी होने पर एसएसपी, डीआइजी और एडीजी तक मौके पर पहुंचे। सहजनवां पुलिस को घटना का जल्द पर्दाफाश करने को कहा गया। करीब एक सप्ताह बाद पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पकड़े गए आरोपित को पुलिस ने किशोर बताया और बाल सुधार गृह भेजा, लेकिन दो दिन बाद वहीं किशोर बालिग हो गया और जेल भेजा गया। अन्य आरोपित अभी तक नहीं पकड़े गए। पुलिस नार्को टेस्ट कराने का दावा करती रही लेकिन मामला अभी भी अधूरा पड़ा है।

दोहरे हत्याकांड का तीन माह बाद भी पर्दाफाश नहीं : चौरी चौरा के शिवपुर चकदहा में 29 मार्च की देर रात करीब 1:30 बजे मां पूनम और उसकी बेटी अनुष्का की गड़ासे से मारकर हत्या की गई थी। दोहरे हत्याकांड में पूनम की बड़ी बेटी खुशबू की तहरीर पर गांव के ही संजय उर्फ शैलेंद्र, उसके पिता कोटेदार सरजू, भाई सुरेंद्र और दो अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज किया गया था। जांच शुरू की तो एक भी साक्ष्य आरोपितों के विरुद्ध पुलिस को नहीं मिले। साक्ष्य नहीं मिलता देख पुलिस जांच दोहरे हत्याकांड से जुड़े उनके करीबियों पर टिका दी। लेकिन अभी तक उनके विरुद्ध भी कोई सुबूत नहीं मिले हैं। घटना वाली रात को संजय घर से ही गिरफ्तार हुआ था। मुख्य गवाह खुशबू, संजय व उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगा रही है। पुलिस 109 दिन बाद भी आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी। वहीं संजय को भी जमानत मिल गई है।

# ट्रेन में मिले घर से भागे गोरखपुर के किशोर व किशोरी

जागरण संवाददाता, उरई : गोरखपुर के रहने वाले अलग-अलग समुदाय के किशोर और किशोरी घर से भाग निकले। शुक्रवार को दोनों को आरपीएफ ने यशवंतपुर-गोरखपुर सुपरफास्ट ट्रेन से पकड़ लिया। उन्हें चाइल्ड लाइन को सिपुर्द किया गया है। साथ ही बांसगांव थाने में दर्ज गुमशुदगी के मुकदमे के जांच अधिकारी को सूचना भी दी गई।

आरपीएफ को शुक्रवार को डिविजनल सेफ्टी काउंसलर आफ रेलवे (डीएससीआर) झांसी से सूचना मिली कि यशवंतपुर-गोरखपुर सुपरफास्ट के कोच नंबर एस-4 में किशोर व किशोरी बैठे हैं। दोनों संदिग्ध लग रहे हैं, शायद घर से भागे हैं। आरपीएफ थानाध्यक्ष अभिषेक यादव ने बताया कि उप निरीक्षक देशराज सिंह, महिला कांस्टेबल जयंती यादव के साथ पहुंचे तो डिप्टी सीटीआइ बीके मीणा ने किशोर और किशोरी को उनको सिपुर्द कर दिया। किशोर की उम्र 16 वर्ष है जबकि किशोरी की उम्र 15 वर्ष है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि दोनों गोरखपुर के बांसगांव थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। दोनों के गांव पास-पास हैं। कुछ दिन पहले घर से भाग कर बेंगलुरु चले गए थे।

**कार्यालय -प्रवर अधीक्षक डाकघर, गोरखपुर मण्डल गोरखपुर - 273001**

# नेपाल भागा संदिग्ध लुटेरा, गुत्थी सुलझाने में जुटीं तीन टीमें

## नहीं सुलझा चिलुआताल क्षेत्र में दंपती से हुई लूट का मामला

**फालोअप**

**झपटमारी में घायल हुई थी नवविवाहिता, लाइनहाजिर किए गए थे चौकी प्रभारी**

जागरण संवाददाता, गोरखपुरः चिलुआताल क्षेत्र में 20 दिन पहले हुए दंपती से लूट का अभी तक पर्दाफाश नहीं हो सका है। घटना के बाद एक संदिग्ध बदमाश चिह्नित हुआ है, जो नेपाल भाग गया है। पुलिस की तीन टीमें बदमाश के साथ ही घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की छानबीन कर रही है, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी राज करन नय्यर ने चौकी प्रभारी मजनू को घटना के दूसरे दिन लाइनहाजिर कर दिया था।

21 जून की रात चिलुआताल क्षेत्र के जमुआइ गांव के पास फोरलेन की सर्विस रोड पर लूट की यह वारदात हुई थी। बरियारपुर गांव निवासी दिलीप मझवार अपनी पत्नी रजनी के साथ नौकायन स्थल से लौट रहे थे। रात करीब आठ बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने पीछे से आकर रजनी के गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया।

झपटमारी के झटके से बाइक असंतुलित हो गई और रजनी सड़क पर गिरकर काफी दूर तक घिसटती चली गईं। इस दौरान उसके गले और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, जबकि दिलीप भी मामूली रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बदमाश भाग निकले और पीड़ित दंपती की चीख-पुकार पर स्थानीय लोग पहुंचे। 23 जून को दिलीप ने पत्नी के साथ चिलुआताल थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिस पर मुकदमा दर्ज हुआ। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों का फुटेज देखा गया लेकिन गुत्थी नहीं सुलझी।

पुलिस को एक बदमाश पर संदेह है। सूचना है कि वह नेपाल भाग गया है। सीओ कैंपियरगंज विवेक तिवारी ने बताया कि घटना की गुत्थी सुलझाने की कोशिश चल रही है।

# शहर की सड़कों पर 'साइलेंस' तोड़ रहा वाहनों का हल्ला

- ध्वनि प्रदूषण पर लगातार विभाग की ओर से कार्रवाई के बाद भी कम नहीं हो रहा वाहनों का शोरगुल
- 2021 से जून 2025 तक 30 हजार से ज्यादा शोर मचाने वाले वाहन पकड़े गए, जुर्माना भी वसूला

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शहर में सड़कों पर हर वर्ष शोर बढ़ता जा रहा है, इसके जिम्मेदार हैं वह वाहन, जिनके हार्न नियमों की सीमा को तोड़ते हैं। यातायात पुलिस भले ही ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरुद्ध चालान व जुर्माने की कार्रवाई कर रही है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि समस्या हर साल और गंभीर होती जा रही है। पांच साल के भीतर 30 हजार से ज्यादा ऐसे वाहन पकड़े जा चुके हैं जो 'शांति' को शोर से रौंदते रहे।

यातायात पुलिस के आंकड़ों की मानें तो 2021 से लेकर 2025 के बीच ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले कुल 30,242 वाहन चेक किए गए, जिनमें से 8,724 वाहनों को केवल 2025 के पहले छह महीनों में ही पकड़ा गया है। 2021 में 5,321 वाहन चेक हुए, जिनमें से 1,126 पर कार्रवाई हुई और 12.43 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। 2022 में 6,210 वाहन चेक हुए जिसमें 1,454 का चालान कर 2.78 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। 2023 में 6,413 वाहन चेक हुए, जिसमें 1,663 का चालान और 22,100 रुपये जुर्माना वसूला गया, जो सबसे कम है। 2024 में 9,578 वाहनों की जांच हुई, 2,697 पर चालान और 1.46 लाख रुपये जुर्माना हुआ। वर्ष 2025 में अब तक 8,720 वाहनों की जांच करने के साथ ही 1,784 का चालान काटा गया व 59,000 रुपये जुर्माना लगाया गया है।



सड़क पर दौड़ते वाहन • जागरण

### अनावश्यक हार्न बजाने पर अंकुश नहीं

ध्वनि प्रदूषण रोकने को लेकर कार्रवाई तो हो रही है, लेकिन शहर की सड़कों पर गुजरते हुए कानों में घुसता शोर आज भी उतना ही तीव्र है। तेज हार्न, माडिफाइड साइलेंसर और अनावश्यक हार्न बजाने की प्रवृत्ति पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, लगातार बढ़ रहे शोर का असर केवल मानसिक तनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों, बुजुर्गों और हृदय रोगियों के लिए खतरे की घंटी है।

ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की पहचान कर यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की टीम कार्रवाई करती है। जो वाहन तय मानक से अधिक ध्वनि पैदा करते हैं, उनका मौके पर चालान और कभी-कभी सीज तक किया जाता है। आगे इसे और तेज किया जाएगा।

संजय कुमार, एसपी यातायात

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# पैडलेगंज, नौकायन रोड से हटेंगे ठेले-खोमचे

गाड़ियों का कटेगा चालान **अगले सप्ताह से संयुक्त अभियान** नौकायन रोड पर स्टंट किया तो पड़ेगा महंगा

- पैडलेगंज से नया सवेरा तक लगाए जाएंगे स्पीड रडार कैमरे
- आवागमन सुगम बनाने के लिए कटेंगी डिवाइडर की झाड़ियां

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शहर में सुगम यातायात और सड़क सुरक्षा को लेकर कमिश्नर अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयुक्त सभागार में हुए एक उच्चस्तरीय बैठक में कई अहम निर्णय किए गए। इस दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शहर में सुगम यातायात के लिए सड़कों से अतिक्रमण हर हाल में हटाया जाए और दोबारा कब्जा न होने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। तय हुआ कि एक सप्ताह के भीतर गोलघर, पैडलेगंज से छात्र संघ होते हुए बेतियाहाता तक की सड़क और रामगढ़ताल किनारे नौकायन मार्ग पर संयुक्त अभियान चलाकर ठेले खोमचे हटाए जाएंगे। इन मार्गों पर खड़े होने वाले वाहनों का निरंतर चालान काटा जाएगा।

नौकायन रोड पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों से स्टंट करने वालों की वजह से बढ़ी दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। बड़ी राशि का चालान काटा जाए, उनके वाहन जब्त किए जाएं और दुर्घटना होने की दशा में कार्रवाई करते हुए संबंधित को जेल भेजा जाए। उन्होंने जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन को निर्देश दिया कि पैडलेगंज स्थित गौतम बुद्ध द्वार से लेकर नया सवेरा तक जगह-जगह स्पीड रडार कैमरे लगाए जाएं और यातायात विभाग गाड़ियों की रफ्तार की नियमित निगरानी करे। साथ ही यह भी कहा कि डिवाइडर और अंधे मोड़ के पास उगी बड़ी-बड़ी झाड़ियों की वजह से भी दुर्घटनाएं होती हैं। इन्हें काटा जाए।



मंडलायुक्त सभागार में यातायात व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, डीआइजी डा. एस चनप्पा जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, एसएसपी राजकरन नैय्यर, जीडीए वीसी आनंद वर्धन व एसपी यातायात संजय कुमार • जागरण

कमिश्नर ने पुलिस, नगर निगम, जीडीए और यातायात विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर गोलघर, पैडलेगंज से फिराक चौराहा, नौकायन रोड और रिंग रोड से ठेले-खोमचे समेत सभी अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। इन मार्गों के व्यापारियों के साथ बैठक कराकर वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा कराना सुनिश्चित कराया जाएगा।

उन्होंने गोलघर, बेतियाहाता और फिराक चौराहे के क्षेत्र में व्यापारियों के साथ बैठक कर उनके प्रतिष्ठानों पर आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने पर बल दिया। कमिश्नर ने कहा कि फुटपाथों और सड़कों पर लगने वाली अस्थायी दुकानों, ठेलों और खोमचों को अभियान चलाकर हटाया जाए और इन दुकानदारों के लिए समुचित वेंडिंग जोन की व्यवस्था की जाए। दो टूक शब्दों में कमिश्नर ने कहा कि इन मार्गों पर अस्पतालों, नर्सिंग होम के सामने गाड़ियां और एंबुलेंस खड़ी दिखे तो तत्काल उसका चालान काटा जाए।

नगर निगम को निर्देशित किया गया कि गोलघर क्षेत्र में पार्किंग स्थलों के साइन बोर्ड (साइनेज) लगाए जाएं ताकि वाहन चालकों को दिशा-निर्देश प्राप्त हो सके।

बैठक में रोडवेज की बसों के सड़क पर खड़े होने को लेकर भी चिंता जताई गई। कमिश्नर ने आरएम रोडवेज को निर्देशित किया कि बसें सड़क पर कतई न खड़ी हों और यातायात बाधित न करें। सहजनवां क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने एनएच के अधिकारियों को नियमित पेट्रोलिंग, क्रास बैरियर की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में डीआइजी डा. एस. चनप्पा, डीएम कृष्णा करूणेश, एसएसपी राज करन नैय्यर सहित नगर निगम, पुलिस, परिवहन विभाग, एनएच और रोडवेज के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिना फिटनेस चल रहे स्कूली वाहनों पर होगी कार्रवाई

इसके साथ ही कमिश्नर ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से की जाए और अनफिट वाहन सड़कों पर बिल्कुल न चलें। उन्होंने यातायात विभाग और डीआइओएस को निर्देश दिए कि वे स्कूल प्रबंधन के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्कूल में बिना फिटनेस वाली गाड़ियों का संचलन न होने पाए। इसी तरह उन्होंने स्कूली बच्चों को ले जाने वाले निजी वाहनों की भी जांच करने को कहा।

### नो वेंडिंग जोन फिर कैसे लग रहे ठेले-खोमचे

जीडीए की ओर से दिग्विजयनाथ पार्क में फूड स्ट्रीट जोन विकसित किए जाने के बाद भी पैडलेगंज से नौकायन मार्ग पर बड़ी संख्या में लगने वाले ठेले-खोमचों और फूड वैन को लेकर कमिश्नर ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि नो वेंडिंग जोन होने के बाद भी यह मनमानी ठीक नहीं। इस रोड को पूरी तरह से खाली कराया जाए और नहीं मानने वाले वेंडरों का ठेला-खोमचा और सामान जब्त किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सिर्फ फूड स्ट्रीट में ही खाने-पीने की दुकानें संचालित हों।

# नए भवन में शिफ्ट हुआ रामगढ़ताल थाना

**जागरण प्रभाव**

- जागरण में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर अधिकारियों ने दिया निर्देश, बाद में होगा लोकार्पण
- नहीं बनाई जा रही थी कमेटी, गीडा थाना भी नये भवन में जल्द होगा शिफ्ट

जासं, गोरखपुर : रामगढ़ताल थाना नये भवन में शिफ्ट हो गया। जागरण में तीन जुलाई को प्रकाशित का खबर का संज्ञान लेने के बाद अधिकारियों ने थाने को शिफ्ट करने का निर्णय लिया। हालांकि इसका लोकार्पण अभी नहीं हुआ है। गीडा थाने के नए भवन में चल रहे लकड़ी का काम पूरा होने के बाद जल्द ही उसे भी शिफ्ट कर दिया जाएगा तो दोनों का लोकार्पण एक साथ होगा।

दैनिक जागरण ने तीन जुलाई के अंक में 'रामगढ़ताल थाना बनकर तैयार, कमेटी के निरीक्षण का हो रहा इंतजार' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसमें बताया गया था कि कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी दावा कर रही है कि रामगढ़ताल थाने के नए भवन का काम पूरा हो गया है। एसएसपी द्वारा कमेटी बनाकर उसका निरीक्षण होना बाकी है। लेकिन कमेटी नहीं बनायी जा रही है। जबकि दो महीने पहले भवन को हैंडओवर कराने को लेकर तत्कालीन डीआइजी



नवनिर्मित रामगढ़ताल थाना • जागरण

नए भवन का निरीक्षण कर जल्द शिफ्ट कराने का निर्देश भी दिए थे। तब तक तत्कालीन एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर का स्थानांतरण हो गया। नए एसएसपी राज करन नय्यर ने भी भवन का निरीक्षण किया था। इसके बाद भी देरी हो रही है। इस खबर के प्रकाशित होने के बाद थाने को नए भवन में शिफ्ट करा दिया गया। अब पुलिसकर्मी वहीं से काम कर रहे हैं। इसके हटने से देवरिया बाईपास के निर्माण में भी तेजी आएगी। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि रामगढ़ताल थाना नए भवन में चल रहा है। अभी लोकार्पण होना बाकी है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# बेहतर यातायात व्यवस्था को सड़कों से अतिक्रमण हटवाएं : कमिश्नर



कमिश्नरी सभागार में यातायात से सम्बन्धित आयोजित बैठक को सम्बोधित करते मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा, साथ में डीआईजी एस चन्नपा, जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, एसएसपी राज करन नय्यर, एसपी ट्रैफिक संजय कुमार, जीडीए उपाध्यक्ष आनन्द वर्धन व अन्य। फोटो : एसएनबी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कमिश्नर अनिल ढींगरा ने आयुक्त सभागार में शहर के यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा की बैठक करते हुये निर्देश दिया कि सड़क को जाम एवं बेहतर यातायात व्यवस्था के लिये सड़कों से अतिक्रमण को हटाया जावे।

उन्होंने अपर जिलाधिकारी नगर, एसपी ट्रैफिक और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोलघर और बेतियाहाता से फिराक चौराहे के व्यापारियों के साथ बैठक करके उनके यहां आने वाले वाहनों को पार्किंग में खड़ा कराने के लिये व्यवस्था बनायी जाये। उन्होंने कहा कि पैडलेगंज से बेतियाहाता, नौकायान एवं ताल रिंग रोड आदि सड़कों पर लगने वाली दुकानों को अभियान चलाकर हटाया जाये और यह भी सुनिश्चित किया जाये कि सड़कों पर पुनः दुकानें न लगे। ठेले खोमचे वालों के लिये वेन्डिग जोन बनाकर और सड़कों पर वाहन भी न खड़ा हो, वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा हो। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिया कि गोलघर मे पार्किंग स्थल के साईनेज भी लगाया जाये। कमिश्नर ने आरएम रोडवेज को निर्देश दिया कि रोडवेज के बसें सड़कों पर न खड़ा हो।

- गोलघर व बेतियाहाता से फिराक चौराहे के व्यापारियों के साथ बैठक कर यहां आने वाले वाहनों को पार्किंग में खड़ा कराएं
- पैड़लेगंज से बेतियाहाता, नौकायान व ताल रिंग रोड आदि सड़कों पर लगने वाली दुकानों को हटाएं
- आरएम रोडवेज को स्टेशन के सामने सड़क पर बस लगाने से रोकने की हिदायत

उन्होंने सहजनवां में दुर्घटना के मामलों मे अधिकता होने पर एनएच के अधिकरियों को निर्देश दिया कि नियमित पेट्रोलिंग के साथ ही क्रास बैरियर के साथ अन्य आवश्यक कार्यवाही किया जाये। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूली वाहनों के फिटनेस की जांच कर ली जाये, किसी भी अनफिट स्कूली वाहन का संचालन न हो।

बैठक मे डीआईजी एस चनप्पा, जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, एसएसपी राजकरन नैयर एवं अन्य संबंधित अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2025

# छात्रा को भगाकर ले जा रहे मनबढ़ों की कार पेड़ से टकराई, चार घायल

## घटना के बाद घायलों का मेडिकल कालेज में चल रहा उपचार

जागरण संवाददाता, देवरिया: देवरिया: भटनी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कक्षा 10 की छात्रा को शुक्रवार को तीन मनबढ़ बहला फुसला कर भगा कर ले जा रहे थे। आसपास के ग्रामीणों ने देखने के बाद उन्हें घेर लिया। आनन-फानन में भागते समय बदमाशों का चार पहिया वाहन पेड़ से टकरा गया, जिसमें सवार तीन मनबढ़ व छात्रा घायल हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के घर सूचना दी और तीनों मनबढ़ों समेत छात्रा को सीएचसी पहुंचाया। वहां उपचार के बाद डाक्टरों ने सभी घायलों को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज भेज दिया।

पुलिस को छात्रा के पिता ने बताया कि मेरी बेटी भटनी स्थित एक स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा है। वह पढ़ने जा रही थी। तीन युवक उसे बहला फुसला कर कार से ले जा रहे थे कि रास्ते में सिसवा ढाला से पहले वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें मेरी लड़की का पैर टूट गया है। उधर तीनों अन्य मनबढ़ भी वाहन में ही थे। तीनों को चोटें आई हैं। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

- किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग
- भटनी स्थित एक स्कूल में कक्षा 10 की है छात्रा, पढ़ने जा रही थी



पेड़ से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त कार • जागरण

प्रभारी थानाध्यक्ष मनोज कुमार उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है। शीघ्र ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी गई थी मायके पति का कमरे में लटका मिला शव

जागरण संवाददाता, रुद्रपुर: कन्हौली गांव में शुक्रवार की सुबह कमरे में फंदे से लटका युवक का शव मिला। घटना की जानकारी सुबह स्वजन को हुई। इसके बाद स्वजन दहाड़ मारकर रोने लगे। चार वर्ष पहले युवक की शादी हुई थी।



अभिषेक सिंह • फाइल फोटो

अभिषेक सिंह पुत्र रणजीत गुरुवार की रात कमरे में सोए थे। चार वर्षीय पुत्र श्रेयांश के साथ पत्नी अनामिका मायके गई थी। सुबह जब बड़ी भाभी चाय देने गईं तो कमरे में कोई हलचल नहीं मिली तो शक हुआ। उन्होंने घटना की सूचना स्वजन को दी। लोगों ने अनहोनी की आशंका में पुलिस को जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे व शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## रास्ता चलते अज्ञात वृद्ध की अचानक गिरकर हुई मौत

जासं, भाटपार रानी: उपनगर के दुर्गा मंदिर रोड में एक दुकान के पास शुक्रवार को दोपहर एक 50 वर्षीय अज्ञात वृद्ध अचानक गिरकर छटपटाने लगा। आस-पास के लोग पुलिस की सहायता से उसे स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अपराह्न तीन बजे एक वृद्ध पैदल सड़क पर जा रहा था। दुर्गा मंदिर के समीप एक दुकान के पास गिरकर सड़क पर छटपटाने लगा। यह देख आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर नगर में मौजूद पुलिस पहुंची और उसे तत्काल भाटपार रानी पीएचसी ले गई, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी राम अवध राम ने बताया कि आधार कार्ड से पता कर मृतक के स्वजन को सूचना पहुंचाई गई। स्वजन थाने पहुंचकर पहचान की है। उसकी पहचान सीवान के गुठनी थाना क्षेत्र के पचनेरुआ गांव के रहने वाले स्व. सुदामा चौहान के पुत्र सोहिला चौहान के रूप में हुई है।

# जांच के लिए गई खाद्य विभाग की टीम का व्यापारियों ने किया विरोध

- नगर में एक ही दुकान से बार-बार नमूना लेने का लगाया आरोप
- दुकानदारों ने कहा थोक व्यापारियों के यहां जांच नहीं करते अधिकारी

जासं, सलेमपुर: बाजार में खाद्य सामग्रियों में मिलावट को लेकर नमूना लेने पहुंचे खाद्य विभाग की टीम को नगर के व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। इसको लेकर व्यापारियों व खाद्य सुरक्षा टीम के बीच काफी देर तक वाद विवाद हुआ। इस दौरान व्यापार संघ के अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। टीम ने कुछ ही दुकानों से नमूना लेने में कामयाबी हासिल की।

शुक्रवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचंद्र व घनश्याम वर्मा सलेमपुर बाजार में पहुंचे और कुछ दुकानों से नमूना लेने लगे, जिसका दुकानदारों ने जमकर विरोध किया। दुकानदारों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा टीम बार-बार एक ही दुकान पर नमूना लेने आते हैं। जो व्यापारी इनकों खुश नहीं करता है उनको ही परेशान किया जाता है। इसको लेकर कई व्यापारी लामबंद हो गए और इसके लिए उच्चाधिकारियों को बुलाने व उनके ही सामने नमूना लेने के लिए खाद्य सामग्री देने की बात कही। इस पर खाद्य सुरक्षा की टीम ने कहा कि शासन प्रशासन के निर्देश पर नमूना लिया जा रहा है लेकिन व्यापारी नहीं माने। इसके बाद वहां पहुंचे व्यापार संघ के अध्यक्ष शंभू दयाल गुप्ता ने कहा कि नगर में हजारों दुकानें हैं। छोटे दुकानदारों को ही क्यों परेशान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि जो भी खाद्य सामग्री है उसे दुकानदार थोक व्यापारियों से खरीदकर अपना जीविकोपार्जन करते हैं ऐसे में नमूना थोक व्यापारियों के यहां पहले लिया जाए। छोटे व्यापारी के पास खरीद का बिल भी नहीं होता है।

इसके बाद वे टीम को अपने दुकान पर ले गए और जो भी जरुरत है उसका नमूना भरने की बात कह हंगामा को शांत किया। इस संबंध में खाद सुरक्षा अधिकारी प्रेमचंद्र ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नमूना लेने आए थे, जिसका व्यापारियों ने विरोध किया। टीम के साथ भाटपाररानी के खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा भी थे।

# लापता किशोरी चार माह के बाद सुतावर मोड़ से बरामद

जासं, लार: एक गांव से चार माह पूर्व लापता किशोरी को पुलिस ने सुतावर मोड़ से बरामद कर लिया है। पुलिस ने मेहरौना के एक युवक के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था।

विवेचक धर्मेंद्र मिश्र आरोपित की गिरफ्तारी और किशोरी की बरामदगी के लिए लगे रहे। आरोपित ने दूसरा सिम ले लिया था। इसी दौरान उसकी लोकेशन गुरुग्राम में मिली। पुलिस अभी उसे पुष्ट कर रही थी कि मुखबिर की सूचना पर सुतावर मोड़ से किशोरी को बरामद कर लिया। साथ में रहा आरोपित युवक पुलिस को देखते ही फरार हो गया। पुलिस ने बरामद किशोरी का देवरिया कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने बयान कराया। लापता किशोरी अपने मां-बाप के साथ जाने को राजी नहीं है। उसे वन स्टाप सेंटर में रखा गया है।

# 10 आरोपित फरार, गिरफ्तारी के लिए कई जगह पुलिस की दबिश

## बघौचघाट पुलिस टीम ने रातभर छितौवनी गांव में की छापेमारी

जासं, पथरदेवा: बघौचघाट थाना क्षेत्र के छितौवनी गांव में राजस्व व पुलिस टीम पर हमले के मामले में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए बघौचघाट थाने की पुलिस गुरुवार कई स्थानों पर दबिश दी, लेकिन 10 में से कोई भी आरोपित पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका।

बुधवार को आईजीआरएस के एक प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस टीम गांव पहुंची थी, जहां एक पक्ष ने टीम पर अचानक हमला कर दिया। घटना में कुछ पुलिसकर्मी घायल भी हुए थे। इसके बाद उप निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने 11 नामजद आरोपितों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, जिनमें बलवा, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसी धाराएं शामिल हैं। पुलिस ने उसी दिन एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन शेष 10 अभी भी फरार हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और शीघ्र ही उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में लाया जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में एहतियातन पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने दोहराया कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## पाक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

जासं, लार: एक गांव से गायब किशोरी के अपहरण मामले में पुलिस ने शुक्रवार को फतेहबाग से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में किशोरी बुधवार को ही बरामद हुई थी। अपहरण के अलावा पाक्सो की धारा भी विवेचना के बाद बढ़ाई गई है। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र के अनुसार आरोपित दीपू पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
GOVERNMENT OF INDIA

# राजस्वकर्मियों और पुलिस पर हमले से प्रशासन सकते में

## बघौचघाट में पुलिस और राजस्व टीम पर लाठी-डंडों से हुआ था हमला, गौरीबाजार में लेखपाल से अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने की हो चुकी है घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले की कानून व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। बीते दो दिनों में प्रशासनिक और राजस्व अधिकारियों पर हमले की दो घटनाएं सामने आई हैं।

एक ओर जहां बघौचघाट थाना क्षेत्र में राजस्व व पुलिस टीम पर हमला कर खदेड़ा गया था, वहीं गौरीबाजार में जमीन विवाद निस्तारण के दौरान लेखपाल से अभद्रता करते हुए खुलेआम राइफल लाकर ठीक करने की धमकी दी गई।

दोनों मामलों में संबंधित थानों में गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है, मगर दोहरी घटनाओं से राजस्व विभाग के अधिकारी खासे आक्रोशित और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

*आरोपियों की गिरफ्तार के लिए दबिश दी जा रही है। सभी लोग फरार हैं। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया - **संजय कुमार रेड्डी, सदर सीओ***

*जमीन विवाद के निस्तारण के लिए लेखपाल व राजस्व कर्मी पहुंचे थे, जहां जयसिंह नामक व्यक्ति ने सरकारी कर्मचारियों से बदतमीजी करते हुए गाली-गलौज की और अभिलेख छीनने की कोशिश की। कार्रवाई की जा रही है। **- हरिराम यादव, सीओ रुद्रपुर***

बघौचघाट थाना क्षेत्र के छितौनी गांव में बुधवार की शाम उस समय अफरातफरी मच गई थी, जब खेत की जमीन पर कब्जा हटवाने पहुंची प्रशासनिक टीम पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया गया था। गांव निवासी दारोगा सिंह ने प्रशासन से अपने खेत से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी, जिस पर राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम गांव में पहुंची थी।

टीम में एसीओ रामवृक्ष यादव, चकबंदी कानूनगो कमलेश यादव, लेखपाल सुधांशु राय सहित कई अधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम की निगरानी में खेत की जुताई ट्रैक्टर से कराई जा रही थी, तभी विपक्षी पक्ष के करीब 11 लोगों ने एकजुट होकर टीम पर हमला कर दिया था।

हमलावरों में जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रद्युम्न सिंह, अभिजीत सिंह समेत कई महिलाएं शामिल थीं। लाठी, डंडों और पत्थरों से किए गए हमले में कई अधिकारी और खेत मालिक कल्याण सिंह घायल हो गए थे। ट्रैक्टर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जान बचाकर टीम को मौके से भागना पड़ा था।

घटना के बाद उप निरीक्षक अंगद कुमार और कल्याण सिंह की तहरीर पर बघौचघाट थाने में 11 नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

उधर, बृहस्पतिवार को गौरीबाजार के ग्राम बर्दगोनिया में तहसील रुद्रपुर में तैनात लेखपाल पीतांबर सिंह और क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक सुग्रीव मिश्रा के साथ अभद्रता का मामला प्रकाश में आया था। दोनों अधिकारी गांव में एक जमीन विवाद के निस्तारण के लिए गए थे, जहां जयसिंह नामक व्यक्ति पर सरकारी कर्मचारियों से बदतमीजी करने का आरोप लगा था।

लेखपाल की तहरीर के मुताबिक, जयसिंह ने अपने भाई गुड्डू उर्फ प्रभाकर सिंह को राइफल लाने के लिए कहा। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के बीच यह बात खुलेआम कही कि गुड्डू को बुलाओ, राइफल लेकर आएं, इन लोगों को घेरकर पिटवाते हैं। स्थिति गंभीर होते देख ग्रामीणों के सहयोग से दोनों अधिकारी किसी तरह जान बचाकर वापस लौटे।

लेखपाल ने आरोपी जयसिंह और उसके भाई गुड्डू के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, धमकी देने और जान पर खतरा उत्पन्न करने की धाराओं में केस दर्ज करा कार्रवाई की मांग की है। गौरीबाजार थाने में शिकायत दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### प्रशासनिक अमला सहमा, अफसरों में बढ़ी नाराजगी

लगातार दो दिनों में प्रशासनिक कर्मियों पर हुए हमलों ने राजस्व और पुलिस महकमे में चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि कानून व्यवस्था इतनी लचर रही तो ग्रामीण इलाकों में राजस्व व अदालती आदेशों का अनुपालन कराना मुश्किल हो जाएगा। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# यौन शोषण की शिकार किशोरी गर्भवती, गांव से भागा आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकौली (देवरिया)।** सुरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में ननिहाल में रहकर कक्षा नौ में पढ़ने वाली 15 वर्षीय छात्रा के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, गांव के ही एक युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर करीब आठ माह पहले शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद लगातार उसका शोषण करता रहा।

कुछ दिन पहले जब उनकी तबीयत बिगड़ी तो परिवार वाले उसे डॉक्टर के पास ले गए, जहां उसके सात माह की गर्भवती होने का खुलासा हुआ। पीड़िता के परिवार वाले आरोपी के घर शिकायत करने गए तो उसने आरोप से इन्कार किया। इसके बाद घर से भाग गया।

शुक्रवार को गांव में इस मुद्दे पर पंचायत होनी थी, मगर ग्राम प्रधान मौके से गायब रहे। इससे पंचायत नहीं हो सकी। इस संबंध में बरहज के क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित परिवार वालों का कहना है कि करीब एक साल से छात्रा ननिहाल के रहकर सेवानिवृत्त शिक्षक पति-पत्नी लिए खाना बनाती थी। इसी बीच पड़ोस के एक युवक ने प्रेमजाल में फंसा कर किशोरी का यौन शोषण किया। आरोप है कि इसके बाद डरा-धमका कर लगातार संबंध बनाता रहा। इस बीच बालिका गर्भवती हो गई।

पिछले दिनों उसकी तबीयत खराब हुई तो परिवार वाले गांव के पास एक चिकित्सक के यहां ले गए, जहां गर्भवती होने की पुष्टि हुई। यह सुनकर परिवार वालों के पैर के नीचे से जमीन खिसक गई।

### ननिहाल में रहकर कक्षा नौ में पढ़ रही है पीड़िता

### शुक्रवार को होनी थी पंचायत, नहीं आए प्रधान

रिश्तेदारी की किशोरी का करीब आठ माह पहले एक युवक ने यौन शोषण किया था। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजवा दिया गया। घटना स्थल का निरीक्षण अधिकारियों के साथ फॉरेंसिक टीम ने की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हैं। शीघ्र ही आरोपी पकड़ लिया जाएगा।

**-सुनील कुमार सिंह,** अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी

# फूल मंडी में अव्यवस्थित तरीके से लगीं दुकानें हटवाई गईं

## फूल मंडी में दुकानदारों को मिल रहा क्रम से स्थान, एक शख्स को मिलेगी एक दुकान

संवाद न्यूज एजेंसी




फूल मंडी में दुकानों को क्रमवार लगवाते नगर पालिका के कर्मचारी। संवाद

**देवरिया।** नगर पालिका की ओर से स्थापित देवरहा बाबा फूल मंडी में दुकानों को एक तय क्रम में स्थापित किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को एसडीएम श्रुति शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका प्रशासन ने अव्यवस्थित रूप से लगीं दुकानों को हटाकर उन्हें क्रम से लगवाने की कार्रवाई शुरू कर दी थी।

इस प्रक्रिया की कमान खुद अधिशासी अधिकारी (ईओ) संजय कुमार ने संभाल रखी है। ईओ ने शुक्रवार को मंडी का निरीक्षण कर तितर-बितर तरीके से लगीं दुकानों को जेसीबी से हटवाया और दुकानों को क्रमवार लगवाया।

एक पहले दिन एसडीएम श्रुति शर्मा ने कहा था कि मंडी में एक व्यक्ति को सिर्फ एक ही दुकान दी जाएगी। एक से अधिक दुकानों पर कब्जा मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। यह कदम इसलिए उठाया गया है, ताकि सभी दुकानदारों को समान अवसर मिल सके और मंडी में अनुशासन बना रहे।

ईओ संजय कुमार ने बताया कि जलकल रोड से विस्थापित 27 दुकानदारों को भी देवरहा बाबा फूल मंडी में स्थान दिया जाएगा। इसके लिए सूची तैयार की जा रही है। सभी को क्रम से स्थान आवंटित होगा।

प्रशासन के इस कदम से जहां कुछ दुकानदारों में असंतोष देखा गया, वहीं अधिकतर व्यापारियों और ग्राहकों ने इस फैसले की सराहना की। लोगों का कहना है कि दुकानें क्रम से लगने से आवागमन में सुविधा होगी, जाम की समस्या दूर होगी।

नगर पालिका प्रशासन ने साफ किया है कि अब अराजकता, अतिक्रमण और अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडी में साफ-सफाई, पारदर्शिता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### मनमानी से लगीं दुकानें हटेंगी

नगर पालिका की ओर से स्थापित देवरहा बाबा फूल मंडी में दुकानों के आवंटन में भारी अनियमितता सामने आई है। एक ही नाम से दो से तीन दुकानें पाई गई हैं, जबकि नियम के अनुसार एक व्यक्ति को सिर्फ एक दुकान का अधिकार है। एसडीएम श्रुति शर्मा के निर्देश पर अब ऐसी सभी अवैध दुकानों को हटाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। नगर पालिका के ईओ संजय कुमार ने साफ कहा कि एक ही नाम पर दो से अधिक दुकानें किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। मंडी में प्रत्येक व्यक्ति को सिर्फ एक दुकान दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## शिव मंदिर में चोरी श्रद्धालुओं ने की कार्रवाई की मांग

**देवरिया।** सावन माह में भोलेनाथ के मंदिर में चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। सदर कोतवाली क्षेत्र के न्यू कॉलोनी स्थित पंडित दीनदयाल पार्क परिसर के मंदिर में बृहस्पतिवार की रात चोर दानपात्र और आलमारी तोड़कर करीब 10 हजार रुपये चुरा ले गए।

शुक्रवार की सुबह मंदिर समिति के सदस्य जब मंदिर पहुंचे तो देखा ताला टूटा है। मंदिर में चोरी की खबर फैलते ही इलाके में आक्रोश व्याप्त हो गया।

लोगों ने कहा कि सावन जैसे पवित्र माह में शिव मंदिर को निशाना बनाना आपराधिक कृत्य नहीं, बल्कि धार्मिक भावनाओं पर चोट है।

श्रद्धालुओं ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है। कोतवाल डीके सिंह ने कहा कि चोरों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। संवाद

# दंपती समेत चार की पिटाई में पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई

## नरौली भीखम के तेनुआ गांव में हुई थी वारदात, दो आरोपी गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

फॉलोअप

**खुखुंदू।** तेनुआ गांव में सोमवार को जमीन के विवाद में हुई मारपीट में दर्ज केस में पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पहले पुलिस ने बलवा, मारपीट और गाली-गलौज का केस दर्ज किया था।

पुलिस को जैसे ही पता चला कि चोटिल परिवार के मुखिया की हालत गंभीर है और गोरखपुर में इलाज चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने धारा की बढ़ोतरी करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, तेनुआ निवासी रामकृपाल (50) का पड़ोसी राधेश्याम और रामनिवास से जमीन का विवाद चलता है। आरोप है कि सोमवार की शाम करीब 4:30 बजे मेड़ बांधने पर राधेश्याम पक्ष ने रामकृपाल पर हमला बोल दिया।

मारपीट और पथराव के दौरान रामकृपाल को गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी उमरावती देवी (48), बेटी रोली (20) और बेटा अंकुर कुमार (19) को भी हमलावरों ने मारापीट कर घायल कर दिया था।

रोली का मेडिकल कॉलेज देवरिया, जबकि रामकृपाल का गोरखपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि रामकृपाल की पिटाई के दौरान आंत फट गई थी। बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में हालत में सुधार नहीं होने पर बुधवार को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका आपरेशन हुआ है। पुलिस इससे अनजान बनी रही।

पुलिस ने सिर्फ बलवा और मारपीट का केस दर्ज कर शांत हो गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जैसे ही पुलिस को इसकी भनक लगी की रामकृपाल की हालत गंभीर है। फिर पुलिस गोरखपुर अस्पताल पहुंच तहकीकात करते हुए शुक्रवार को हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई।

पुलिस ने दो आरोपियों विजय शंकर और रामनिवास को गिरफ्तार भी कर लिया है। प्रभारी थानेदार सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाते हुए दो लोगों को उनके गांव से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गांव के पांच लोगों से पुलिस कर रही पूछताछ

## पुरोहित हत्याकांड: मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच में जुटी पुलिस, खुलासे में लग रहा समय

फॉलोअप

**संवाद न्यूज एजेंसी**

### हत्या के चार दिन बाद भी किसी ठोस नतीजे पर पहुंच नहीं पाई पुलिस

**बरहज।** धौला पंडित गांव में पुरोहित राम आशीष पांडेय की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है, मगर हत्या के चार दिन बाद भी पुलिस ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।



राम आशीष। फाइल फोटो

हत्याकांड के खुलासे के लिए एसपी विक्रांत वीर के निर्देश पर पुलिस टीमों ने छह स्थानों पर दबिश दी। गांव के पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस सूत्रों की मानें तो बृहस्पतिवार की रात पुलिस ने कुछ साक्ष्यों के आधार पर रुद्रपुर, सलेमपुर, देवरिया, भलुअनी सहित छह जगहों पर दबिश दी, मगर कामयाबी हाथ नहीं लग सकी।



गायब मोबाइल बना जांच में बाधा

18 जुलाई को प्रकाशित खबर।

वहीं राम आशीष पांडेय के घर के पास रहने वाले गांव के पांच लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। वारदात की गंभीरता को देखते हुए एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की टीमों को लगाया गया है। पुलिस उन मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है, जो वारदात स्थल के आसपास हत्या के समय मौजूद रहे।

गौरतलब है कि राम आशीष पांडेय गांव के पुरोहित थे। घर पर अकेले रहते थे। उनकी दूसरी पत्नी और बच्चे कोलकाता में रहते हैं। मंगलवार की सुबह उनका शव कमरे में खून से लथपथ पाया गया था।

शव पर चाकू से वार के कई निशान मिले थे। इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि कई बिंदुओं पर जांच जारी है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा।

# अनियंत्रित कार गड्ढे में पलटी, छात्रा समेत चार घायल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**भटनी।** क्षेत्र के सिसवा रेलवे क्रॉसिंग के पास शुक्रवार की दोपहर एक अनियंत्रित कार गड्ढे में पलट गई। हादसे में छात्रा समेत चार युवक घायल हो गए। लोगों ने पुलिस की मदद से चारों को देवरिया स्थित मेडिकल कॉलेज भेजा।

घायल छात्रा नगर स्थित एक स्कूल में हाईस्कूल में पढ़ती है। परिजनों ने उसकी साइकिल स्कूल से बरामद की है। ऐसे में परिजनों ने घायल युवकों पर छात्रा के अपहरण करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस तहरीर नहीं मिलने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार, भटनी थाना क्षेत्र के वैद्य मिश्रौली गांव निवासी संजय विश्वकर्मा की 15 वर्षीय पुत्री निशा नगर के एक स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा है। शुक्रवार की सुबह वह घर से साइकिल से स्कूल गई थी।

आरोप है कि दोपहर करीब 2:30 तीन लड़के उसे बहला कर स्कूल से ले गए। चारों कार से खुखुंदू की तरफ जा रहे थे, तभी कार अनियंत्रित होकर सिसवा रेलवे क्रॉसिंग के पास गड्ढे में पलट गई। इसमें निशा समेत तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।



गड्ढे में पलटी कार। संवाद

## परिजनों ने छात्रा के अपहरण का लगाया आरोप

आसपास के लोगों ने 112 नंबर पुलिस की मदद से घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजवाया। प्रभारी एसओ मनोज उपाध्याय ने बताया कि सड़क हादसे में छात्रा समेत चार लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है।

छात्रा कैसे सिसवा क्रॉसिंग पर पहुंची, इसकी जांच की जा रही है। अपहरण की तहरीर मिलने पर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# सात वर्षीय बच्ची की मौत, मां व बहनों की बिगड़ी तबीयत

- मेडिकल कालेज में कराया गया भर्ती
- फूड प्वाइजनिंग की स्वास्थ कर्मी जता रहे अंदेशा

**खुखुन्दू, हिंदुस्तान संवाद।** खुखुन्दू थाना क्षेत्र के बतरौली गांव में एक परिवार की 7 वर्षीय बालिका की रात को मौत हो गई। जबकि सुबह मां व बहनों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य कर्मी फूड प्वाइजनिंग का अंदेशा जता रहे हैं।

सुनील गौड़ की 7 वर्षीय बेटी अंशिका की रात का खाना खाने के बाद मौत हो गई। परिजनों ने इसे सामान्य मौत मान अंतिम संस्कार कर दिया। कुछ घंटों बाद परिवार के अन्य सदस्यों की तबीयत बिगड़ने लगी। मृतका की मां रिंकी देवी (45 वर्ष) और उसकी पांच बहनें किरण (15), रिया (13), ब्यूटी (9), पलक (8) और करिश्मा (3) बीमार पड़ गईं। सभी को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी।

## कलक्ट्रेट के लिपिक पर भ्रष्टाचार के आरोप

**बरहज।** भाजपा नेता अमरेंद्र गुप्त ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर कलेक्ट्रेट में तैनात एक लिपिक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि उक्त लिपिक नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से जुड़ी फाइलों को नगर प्रशासन से मिलीभगत कर दबाए रखते हैं। जिससे कई मामलों में अनावश्यक देरी हो रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने जिलाधिकारी से आरोपों पर जवाब मांगा है।

## महिला से बाइक सवार बदमाशों ने लूटी चेन

**मेहरौनाघाट।** बाजार से बाइक पर बैठ घर जा रही महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने चेन लूट ली। जब तक महिला कुछ समझ पाती तब तक बदमाश फरार हो गए। महिला ने लार पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार की दोपहर लार क्षेत्र के चुरिया निवासी लाखो देवी गांव के एक युवक के साथ सलेमपुर बाजार करने बाइक से गई थी। बाजार कर वह वापस अपने घर जा रही थी। अभी वह लार कस्बा के छपरा मोड़ के समीप पहुंची थी कि अपाची बाइक पर सवार दो बदमाशों ने चलती बाइक से महिला के गले से चेन लूट लिए।

## मंगलसूत्र छीनने का आरोप

**बरियारपुर।** उपनगर के पुटरहिवा टोला में शराब के लिए रुपये न देने पर एक युवक की पिटाई करने तथा उसकी पत्नी का मंगलसूत्र छीनने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**फूल मंडी** | शहर के मेडिकल कॉलेज रोड पर है फूल मंडी, आवंटन से अधिक दुकानें चलती पाई गईं

# अवैध दुकानों को नगर पालिका ने हटवाया



शुक्रवार को शहर के महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज रोड पर स्थित फूल मंडी में अतिक्रमण हटाती नगर पालिका की टीम।

**देवरिया, निज संवाददाता।शहर** मेडिकल कालेज रोड पर स्थित फूल मंडी में अवैध रूप से रखी की गई दुकानों पर शुक्रवार नगर पालिका प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई। नगर पालिका प्रशासन ने उन दुकानों को हटाने के साथ ही आवंटन के हिसाब से अन्य दुकानों को लगवाया। लगभग दो घंटे तक सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा।

पहले शहर में जलकल रोड में फूल मंडी हुआ करती थी। दो वर्ष पहले नाला निर्माण होने के चलते फूल मंडी को नगर पालिका प्रशासन की तरफ से हटवा दिया गया और उसे मेडिकल कालेज रोड के किनारे शिफ्ट करा दिया गया। सभी के लिए एक-एक दुकानों का आवंटन किया गया है। लेकिन कुछ लोगों ने एक से अधिक दुकानें लगा रखी थीं। जबकि आवंटित दुकानों को व्यवस्थित भी नहीं लगाया गया था। इसके चलते दिक्कत हो रही थी।

शुक्रवार को नगर पालिका ईओ संजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में आवंटन से ज्यादा रखी गई दुकानों को जेसीबी लगाकर हटवा दिया गया, जबकि अन्य दुकानों को व्यवस्थित कर दिया गया।

# आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र की तबीयत बिगड़ी, पीआईसीयू में भर्ती

**जांच**

- स्कूल में मचा हड़कंप, किसी छात्र के दाल न खाने का दावा
- विद्यालय प्रशासन ने दाल में कीड़ा गिरने की बात स्वीकारी

**बरियारपुर/देवरिया, हिटी।** रामपुर कारखाना विकास खंड के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मेहरौना में बुधवार की रात विद्यालय में पढ़ने वाले एक छात्र की अचानक शाम को तबीयत खराब हो गई। इसके बाद हड़कंप मच गया।

विद्यालय प्रशासन द्वारा उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उधर छात्र के बीमार होने की वजह भोजन में छिपकली गिरना बताया जा रहा है। हलांकि विद्यालय प्रशासन का कहना है कि दाल में कीड़ा-मकोड़ा गिर गया था, उसे फेंक दिया गया। किसी भी छात्र ने दाल नहीं खाई थी। बाद में दोबारा दाल, सब्जी बनवाकर बच्चों को भोजन कराया गया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मेहरौना में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने के साथ ही छात्रावास व भोजन की भी व्यवस्था है। बुधवार की दोपहर भोजन के बाद शाम को विद्यालय में पढ़ रहे कक्षा 6 के छात्र आर्यन कुमार पुत्र जयनाथ गौड़ की रात में तबीयत खराब हो गई। इसकी जानकारी होते ही विद्यालय प्रशासन द्वारा छात्र को देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के पीआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। छात्र का कहना है कि मेस में भोजन बन रहा था उसी दौरान दाल में छिपकली गिर गई। जब हम लोग भोजन कर रहे थे इस बीच उसमें छिपकली गिरने की जानकारी होने पर हम लोगों ने भोजन नहीं किया। रात को मेरे पेट में हल्का दर्द हुआ तो पेट दर्द की दवा दी गई। विद्यालय प्रशासन द्वारा सूचना पाकर छात्र के परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। शुक्रवार को उपचार के बाद छात्र के स्वस्थ्य होने पर को अस्पताल से परिजन उसको लेकर घर चले गए। इस संबंध में छात्र के पिता जयनाथ गोंड़ ने बताया कि बच्चे को बुखार व सिर में दर्द था उसे इलाज के लिए देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जो अब स्वस्थ्य है। उधर विद्यालय प्रशासन भोजन में किसी कीड़े मकोड़े की गिरने की बात बताते हुए दाल व सब्जी फेंक कर दुबारा दाल व सब्जी बनवाकर बच्चों को खिलाने की बात कह रहा है।




जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मेहरौना।

"विद्यालय में छात्रों को भोजन परोसने से पूर्व मैं व फार्मासिस्ट मिलकर भोजन की गुणवत्ता की जांच करते हैं। बीते बुधवार को भोजन में कीड़ा मिलने की जानकारी होने के बाद दाल व सब्जी फेंक कर दूसरा दाल व सब्जी बनाकर बच्चों को परोसा गया। मेस में बनने वाले भोजन की बराबर निगरानी की जाती है।

**-प्रवीण चंद्र चौधरी,** प्रधानाचार्य, आश्रम पद्धति विद्यालय।

**अगस्त 2024 को फूड पॉइजनिंग की हो चुकी है घटना:** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में 4 अगस्त 2024 को बासी छोला चावल खाने से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र बीमार हो गए थे। पेट दर्द उल्टी बुखार वह चक्कर आने के बाद आनन फानन में विद्यालय प्रशासन द्वारा बीमार बच्चों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा पढ़ने वाले बच्चों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया था। इस घटना में एक छात्र की मौत हो गई थी। मामले में विद्यालय के प्रधानाचार्य व मेस संचालक पर गाज भी गिरी थी।

# पुलिस ने पूछताछ के लिए चार लोगों को उठाया

## पुरोहित हत्याकांड

- बरहज के धौला पंडित गांव में पुरोहित की चाकू से गोद कर हत्या का मामला
- लूटपाट समेत अन्य बिंदुओं पर एसओजी व सर्विलांस टीम कर रही जांच

**बरहज, हिन्दुस्तान टीम।** पुरोहित हत्या कांड की गुत्थी सुलझाने की राह पुलिस के लिए आसान नहीं दिख रही। एसओजी व सर्विलांस टीम शुक्रवार को भी बरहज थाना क्षेत्र में ही डेरा डाले रही। पुलिस ने देर शाम चार लोगों को उठा लिया और पूछताछ कर रही है। घटना के पीछे लूटपाट व अन्य कारण मान रही है। पुलिस अधिकारी जल्द ही इस घटना का पर्दाफाश करने का दावा कर रहे हैं।

बरहज थाना क्षेत्र के धौला पंडित गांव के रहने वाले रामाशीष पांडेय(65) पुत्र स्व रामनिवास पांडेय पुरोहित थे। वह घर पर अकेले ही रहते थे, जबकि उनका इकलौता बेटा इन दिनों पश्चिम बंगाल में है। 14 जुलाई की रात चाकू से गोद कर उनकी हत्या कर दी गई। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। एसपी ने घटना के पर्दाफाश को एसओजी, सर्विलांस समेत चार टीमों को इसकी जिम्मेदारी दी है। पुलिस सूत्रों का कहना हैकि अभी तक की जांच में किसी तरह का विवाद सामने नहीं आया है। ऐसा लग रहा है कि कोई मनबढ़ घर में घुसा है और लूटपाट के दौरान ही उनकी हत्या कर दिया है। इसलिए पुलिस मनबढ़ व नशेड़ी युवकों पर अपनी नजर रख रही है। पुलिस का तो यहां तक कहना है कि इस घटना में बाहरी लोगों का हाथ नहीं है। इस घटना का तार गांव से ही जुड़ा हुआ है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि देर शाम एक दुकानदार समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया और पूछताछ पुलिस कर रही है।

> पुरोहित हत्या कांड की गुत्थी सुलझाने के लिए एसओजी व सर्विलांस टीमें बरहज क्षेत्र में कुछ लोगों से पूछताछ की। जल्द ही इस घटना का पर्दाफॉश कर दिया जाएगा।
> – **अंशुमान श्रीवास्तव**, सीओ, बरहज

## अपहरण व पास्को का आरोपी भेजा गया जेल

**मेहरौनाघाट।** लार क्षेत्र के एक गांव से गायब किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी युवक दीपू पाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उक्त संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि गायब किशोरी को बरामद कर लिया गया है। अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# चप्पल खोलेगा पुरोहित हत्याकांड का राज

**पुलिस ने दो को उठाया**

**घर में सो रहे पुरोहित की चाकू गोदकर हुई थी हत्या**

**बरहज(एसएनबी)।** वीते मंगलवार की सुबह थानाक्षेत्र के धौंला पंडित गांव में पुरोहित की चाकू से घोपकर हत्या कर दी गई थी । हत्या की घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।पुलिस को घटना स्थल के समीप से मिले चप्पल को बरामद करने के बाद दो लोगों को उठाया है।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर घटना में शामिल लोगों के तलाश में टीमें लगाई गई हैं। 70 वर्षीय रामअशीष पांडेय पुत्र रामअवध का शव उनके बिस्तर पर पाया गया। उनके शरीर पर नुकीले हथियार के कई निशान पाए गए। रामअशीष अपनी पक्की मकान में अकेले रहते थे। पुलिस ने जब शव को कब्जे में लिया तो शव से दुर्गंध आ रही थी। आशंका जताई जा रही है घटना सोमवार की रात से पहले की हो सकता है । लोगों के अनुसार पुरोहित को रविवार से ही नही देखा गया । मंगलवार की सुबह जब पड़ोसियों एवं साथ बैठने वाले ने शक के आधार पर सुबह करीब 7 बजे उनके घर में प्रवेश किया तो कमरे में देखा कि वह खून से सने एवं कमरे के सामान बिखरे पड़े हैं। शरीर को टटोलने पर जब वह मृत पाए गए। घटना की बात तुरंत आग की तरह फैल गई। घटना के बारे में गांव के चौकीदार रामबरन ने पुलिस को जानकारी दी गई। जानकारी मिलते कई थानों की फोर्स, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सहित डग स्ड व फोरेंसिक जांच टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस की सभी टीमों ने अलग अलग साक्ष्य संकलन किया। डाग स्क्वायड टीम घटना स्थल से मजह कुछ दूर ही गया और लौट आया। मृतक के सिर एवं पेट पर किसी नुकीले हथियार के जख्म थे। पुलिस हत्या के विविध कारणों पर नजर लगाये हुए है। पुलिस को घटना स्थल से चप्पल बरामद किया है ।

अनुमान लगाया जा रहा है कि घटना के बाद आनन फानन में अपराध करने वाले का चप्पल छूट गया है। गुरुवार को दो लोगों को पुलिस ने उठाया है। अनुमान लगाया जा रहा है की बहुत जल्द पुलिस पुरोहित की हत्या के रहस्य से पर्दा उठा सकती है।

# खेत में चारा काटने गए बुजुर्ग पर जानलेवा हमला

**वीडियो वायरल**

**हल्का दरोगा की तहरीर पर दोनों पक्ष की छह महिलाओं समेत 13 लोगों पर केस दर्ज**

**पूर्व में भी दोनों पक्ष के बीच हुआ है विवाद, एक पक्ष की तहरीर पर केस भी है दर्ज**

**सलेमपुर(एसएनबी)।** खेत में चारा काटने गए बुजुर्ग पर बृहस्पतिवार की सुबह करीब 8.30 बजे कुछ लोगों ने लोहे की राड व लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया गया। बीच-बचाव करने आईं पत्नी और बेटी की भी पिटाई कर दी गई। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि, वायरल वीडियो की राष्ट्रीय सहारा पुष्टि नहीं करता है। यह घटना सलेमपुर क्षेत्र के नदौली की बताई जा रही है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने हल्का दरोगा की तहरीर पर दोनों पक्षों की छह महिलाएं समेत 13 लोगों पर घर में घुसकर मारपीट समेत जान से मारने की धमकी के मामले में केस दर्ज किया है।

पीड़िता चंदा यादव ने एसपी विक्रांत वीर को प्रार्थनापत्र सौंपकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। उसने बताया कि बुधवार सुबह देवी व पिता उनकी माता लालती देवी शिवकुमार खेत में चारा काट रहे थे, तभी गांव के राकेश यादव, लल्लन यादव, अनिल यादव, कमला देवी, प्रिंस यादव, बेबी देवी व रिंकू देवी होकर पहुंचे और उनके पिता पर हमला कर दिया। उसने कहा है कि स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप और 112 नंबर पर सूचना देने के बाद घायल को सीएचसी सलेमपुर लाया गया, जहां से गंभीर हालत में मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया गया। उधर, जांच करने के बाद हल्का दरोगा जग नारायण राय ने दोनों पक्षों को आरोपी मानते हुए कोतवाली में तहरीर दी दी है।

पुलिस ने एक पक्ष की लीलावती देवी, शिवकुमार, तारा, चंदा, कंचन व सिपू तथा दूसरे पक्ष के राकेश यादव, लल्लन, अनिल, कमला देवी, प्रिंस यादव, बेबी देवी, रिंकू देवी पर घर में घुसकर मारने पीटने तथा जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

एक पक्ष की पीड़िता का आरोप है कि पहले भी आरोपियों ने उसकी बहन के साथ छेड़खानी की थी। इस मामले में केस दर्ज है, मगर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई नहीं की। प्रभारी कोतवाली धर्मेंद्र सिंह ने कहा दरोगा की तहरीर पर दोनों पक्ष के कि पुलिस मौके पर गई थी। हल्का 13 लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने समेत जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2025

# यूपी-बिहार सीमा पर एक ट्रक बालू व टेंपो किया गया सीज

जागरण संवाददाता, सलेमगढ़ : बिहार के सोनपुर से तस्करी कर यूपी की सीमा में प्रवेश करते समय एक ट्रक बालू व टेंपो को तस्कर संग पकड़ा गया। यूपी बिहार सीमा पर जांच के दौरान शुक्रवार को खनन व परिवहन विभाग की संयुक्त जांच टीम ने दोनों वाहनों को सीज करते हुए कार्रवाई की। तरयासुजान के यूपी-बिहार बार्डर के बहादुरपुर हाईवे पर एआरटीओ मो. अजीम, खान अधिकारी अभिषेक सिंह ने बहादुरपुर चौकी प्रभारी अनुराग शर्मा की टीम ने संयुक्त अभियान के तहत लाल बालू की तस्करी रोकने के क्रम वाहनों की जांच के दौरान बिहार की ओर से आ रहे एक ट्रक अवैध बालू, एक टेंपो को पकड़ कर सीज कर दिया।

इस दौरान नियम विरुद्ध चल रहे पांच अन्य वाहनों का भी चालान किया गया। टीम हाईवे के बिहार से यूपी में आने वाली लेन में वाहनों को रोक कर जांच करना शुरू किया तो बिहार के सोनपुर से एक लाल बालू का ट्रक यूपी सीमा में प्रवेश करते ही पकड़ लिया गया। जांच के दौरान चालक यूपी प्रवेश परमिट आदि के वैध प्रपत्र नहीं दिखा पाया, जिसे जांच टीम ने पकड़ सीज कर दिया। हाईवे पर बिना किसी कागजात के चल रहे अनफिट टेंपो को भी सीज किया गया। इन वाहनों को पुलिस को सुपुर्द किया गया। अधिकारियों के बार्डर पर जांच की सूचना मिलते ही बिहार से आ रहे लाल बालू और स्क्रैप के ट्रकों को माफियाओं ने सूचना देकर बिहार सीमा में ढाबा व होटलों पर रोकवा दिया।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पडरौना।** कसया थाने की पुलिस ने दुष्कर्म आदि के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वांछित अभियुक्त मुन्ना प्रसाद पुत्र रामकिशुन निवासी सिधावे थाना रामकोला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा जंगबहादुर यादव, सिपाही रमाकान्त चौहान व मिथिलेश सिंह शामिल रहे।

# फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, पति हिरासत में

## जयप्रकाश नगर मोहल्ले का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** शहर के जयप्रकाश नगर (राजदरबार) मोहल्ले में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर आई पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस विवाहिता के पति को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।



**निशा** (फाइल फोटो)

जयप्रकाश नगर निवासी नवीन सोनी से बिहार के गोपालगंज थाना क्षेत्र के सोमपुर निवासी 28 वर्षीय निशा वर्मा की बीते 29 मई को शादी हुई थी। शुक्रवार की शाम करीब चार बजे किसी वजह से कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पति नवीन ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों की सूचना पर आई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने पति नवीन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में कस्बा चौकी प्रभारी चंद्र प्रजाति ने बताया कि महिला की शादी करीब माह पहले ही हुई है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। महिला के गले पर रस्सी के निशान हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह का पता चल सकेगा। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

# संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**पडरौना, निज संवाददाता।** पडरौना शहर के दरबार रोड पर शुक्रवार की शाम एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। जिला अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता की मां ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी है। पुलिस पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पडरौना कोतवाली के दरबार रोड निवासी नवीन सोनी की शादी बीते माह 28 मई 2025 को बिहार के सासामुसा के उचका थाना क्षेत्र निवासिनी निशा पुत्री सीताराम सोनी के साथ हुई थी। शुक्रवार की शाम संदिग्ध हालत में नव विवाहिता की मौत हो गई। उसे लेकर पति इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचा। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज चंदन प्रजापति ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मृतका की मां बबुवंती देवी पत्नी सीताराम सोनी व दादा अस्पताल पहुंचे। तहरीर में मृतका की मां ने बेटी को दहेज के लिए ससुरालियों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पति से पूछताछ कर रही है। कोतवाल हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि विवाहिता की मौत की सूचना है। तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक से 27 टिन रिफाइन तेल चोरी, चालक ने सौंपी तहरीर

**दुस्साहस** | 1 |

**पटहेरवा, हिसं।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित महुअवां गांव के सामने एक पेट्रोल पंप पर रुके ट्रक से 27 टिन रिफाइन गायब होने का मामला सामने आया है। ट्रक चालक ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

देवरिया जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र निवासी चालक जीतेंद्र यादव ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया है कि फोरलेन स्थित महुअवां गांव के सामने एक पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की सुबह गोरखपुर से रिफाइन लेकर पहुंचा। चालक के अनुसार वह गाड़ी में सो गया। सुबह उठा तो देखा तो गाड़ी का तिरपाल काट कर किसी ने 27 टीना रिफाइन गायब कर दिया है। चालक ने घटना की सूचना 112 पर दिया। सूचना पर सक्रिय थाने की पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# सो रही महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी

**जोकवा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** | 2 | तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के चौहान पट्टी में गुरुवार की रात सो रही महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र मनबढ़ ने चुरा लिया। कान की सोने की टप्स खोलते समय महिला की नींद खुल गई और शोर मचाने पर आरोपी युवक फरार हो गया। महिला ने शुक्रवार की सुबह पति के साथ मधुरिया चौकी पहुंच कर तहरीर सौंप कर कार्रवाई करने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के चौहानपट्टी निवासिनी रेनू देवी पत्नी हरिलाल राजभर गुरुवार को रात खाना खा कर सो गई। रात्रि करीब 11 बजे गांव का एक युवक घर में घुसकर मंगलसूत्र खींच लिया तथा कान में पहना सोने की टॉप्स खोल रहा था कि महिला की नींद खुल गई और वह शोर मचाने पर युवक मंगलसूत्र लेकर फरार हो गया। मंगलसूत्र की कीमत 20 हजार के करीब बताई जा रही है।

# जनप्रतिनिधि बोले–अधिकारी नहीं उठाते फोन

## कलेक्ट्रेट में दिशा की बैठक में **छलका दर्द** फोन उठाएं तो हो जाए अधिकांश समस्या का समाधान: सांसद

जागरण संवाददाता, कुशीनगर: कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में शुक्रवार को अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के फोन न उठाए जाने की दर्द की गूंज सुनाई दी। बैठक का केंद्र बिंदु कुछ देर के लिए यही बन गया कि अधिकारी फोन नहीं उठाते। इसकी पुष्टि भी सांसद विजय कुमार दूबे की इस नसीहत ने कर दी कि, अधिकारी समय से फोन उठाएं तो अधिकांश समस्या का समाधान स्वयं हो जाएगा।




कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक को संबोधित करते सांसद विजय कुमार दूबे • सौ. सूचना विभाग

देवरिया सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने दिशा की बैठक की मर्यादा की तरफ ध्यान खींचते हुए कहा कि, मर्यादा का पालन तभी हो सकेगा, जब इस बैठक में हम सभी खुलकर आपस में बात करेंगे।

लगभग दो घंटे से अधिक चली बैठक में समस्याओं के समाधान का शोर कम, अधिकारी-जनप्रतिनिधि समन्वय पर जोर अधिक दिखा। सांसद विजय कुमार दुबे ने, दिशा की बैठक में लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी देकर उनके कार्यों में सुधार लाने को कहा तो योजनाओं के क्रियान्वयन के शत प्रतिशत पूर्ति की बात भी कही। इस दौरान कुशीनगर के तेजी से हो रहे विकास की बात रखी तो उन्होंने जल निगम द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा को लेकर विभाग को निशाने पर भी लिया। कहा कि सभी को स्वच्छ जल मिले, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में किसानों के उर्वरक के दर्द को कम करने को लेकर सांसद ने यूरिया की उपलब्धता पर विशेष ध्यान आकृष्ट तो कराया, लेकिन समाधान की राह नहीं सुझाई।

अधिकारी भी चुप्पी साधे रहे। सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि, अधिकारी व जनप्रतिनिधि जनता के हित में समन्वयपूर्वक कार्य करें। जन कल्याणकारी व जनता की प्राथमिकताओं से जुड़े कार्यों को शीघ्रता व गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने का आवाहन किया। कहा कि अधिकारी व जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ विकास की गति को और बढाएं।

एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद के सभी सीएचसी, पीएचसी पर आवश्यकतानुसार चिकित्सकों की तैनाती के लिए शासन को मांग पत्र भेजने की बात कही। कहा कि किसी भी योजना को लेकर तैयार की जाने वाली सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराए बिना अंतिम सूची न बनाएं।

उन्होंने एक्सईन बिजली के लापरवाह रवैये पर नाराजगी जताई तो माफी मांगने पर मामला शांत हुआ। खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय ने सभी तहसीलों, ब्लाकों में एकल विंडो खुलवाए जाने की मांग की, ताकि पेंशन लाभार्थियों को आसानी हो सके। हाटा विधायक मोहन वर्मा ने टूटी सड़क, सड़क पर लगने वाले पानी आदि समस्याओं को रखा। विधायक डा. असीम कुमार, पीएन पाठक, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, मनीष जायसवाल ने भी जनसुविधाओं व जन समस्याओं, योजनाओं से जुड़ी समस्याओं को सदन के समक्ष रखा गया।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि, दिशा की बैठक का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से जिले के विकास की रूपरेखा तैयार करना है। कहा कि सभी सुझावों, अपेक्षाओं पर अमल कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया। सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने पिछली बैठक की पुष्टि कराई एवं संचालित योजनाओं के विवरण भी प्रस्तुत किया। विधायक विनय प्रकाश गौंड, बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, ब्लाक प्रमुख विशुनपुरा विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, फूलबदन कुशवाहा, जेपी शाही, सुधीर राव, राकेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# भूल गया विभाग, ढाबों पर नहीं दिख रहे संचालक के नाम व मोबाइल नंबर

## शाकाहारी या मांसाहारी प्रतिष्ठानों पर किया जाना था अंकित

जागरण संवाददाता,पडरौना: शासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बीते वर्ष 10 अक्टूबर तक हाईवे के किनारे प्रमुख 85 होटलों-ढाबों पर संचालक व मैनेजर के नाम चस्पा कराया था। इसके बाद विभाग के अधिकारी इस कदर भूले कि दोबारा जांच करने का जहमत नहीं उठाई। इसकी वजह सबकुछ मनमानी तरीके से चल रहा है। उस समय सहायक खाद्य आयुक्त ने छह टीमों द्वारा संचालकों को शासन के निर्देश से अवगत कराते हुए दुकान के बाहर दिखने वाले स्थान पर बोर्ड लगवाया था। इसको लेकर सीएम ने खाद्य पदार्थों की शुद्धता को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिष्ठानों के आगे मालिक व मैनेजर का नाम लिखने के निर्देश दिए थे।

संचालक के नाम के साथ शाकाहारी व मांसाहारी की उपलब्ध सुविधाओं को लेकर सूची चस्पा करना था। प्रतिष्ठानों में रसोइयों के कार्य की गुणवत्ता की जांच भी होनी थी। खान-पान की वस्तुओं में लगातार मिलावट की घटनाओं के सामने आने के बाद खाद्य पदार्थों की शुद्धता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई शुरू हुई थी, जो अब बीते दिनों की बात हो गई है।

- किचन में साफ-सफाई व्यवस्था की भी होनी थी जांच
- 11325 पंजीकृत दुकानें संचालित 985 होल सेल की रजिस्टर्ड

> खाने-पीने की दुकानों पर दुकानदारों के असली नाम बोर्ड पर लिखवाया गया था। इसकी दोबारा जांच कराई जाएगी। अलग-अलग क्षेत्रों में टीम लगाकर सत्यापन कराएंगे। प्रदीप कुमार राय, सहायक आयुक्त, खाद्य।

**यह था निर्देश:** ढाबों व होटल संचालकों को दुकान के बाहर दिखने वाले स्थान पर बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए थे। बीते दिनों सीएम ने खाद्य पदार्थों की शुद्धता को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिष्ठानों के मालिक व मैनेजर का नाम लिखने के निर्देश दिए थे। संचालक के नाम के साथ शाकाहारी व मांसाहारी की उपलब्ध को लेकर सूची चस्पा करेंगे।

प्रतिष्ठानों में रसोइयों के कार्य की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। इसमें यह भी देखा जाएगा कि किचन में साफ-सफाई के साथ ग्लब्स व हेयरनेट आदि लगाकर काम किया जा रहा या नहीं।

खान-पान की वस्तुओं में लगातार मिलावट की घटनाओं के सामने आने के बाद खाद्य पदार्थों की शुद्धता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्रवाई शुरू हुई है।

**यह हैं पंजीकृत प्रतिष्ठान:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 11325 पंजीकृत दुकानें संचालित हैं। इसके अलावा 985 होल सेल की दुकानें रजिस्टर्ड हैं। जिले में होटल, ढाबा और रेस्टोरेंटों के नाम पर 85 पंजीकृत हैं, जहां लगवाने का विभाग ने दावा किया था।

**रात में डिस्पले पर करना था प्रदर्शित:** खाद्य विभाग के मुताबिक प्रतिष्ठानों पर मालिक व मैनेजर का नाम भी रात्रि में डिस्प्ले पर प्रदर्शित होना था, जो कहीं नहीं दिख रहा है।

### कसया थाना क्षेत्र में पकड़ियहवा नहर के पास हुई मुठभेड़

# मुठभेड़ में पशु तस्कर के पैर में लगी गोली, दबोचा

**कार्रवाई**



मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर को पकड़ कर ले जाती पुलिस।

- बिहार प्रांत के गोपालगंज के गोपालपुर थानाक्षेत्र के तारा नरहवा का है आरोपी
- पुलिस ने गोवध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर की कार्रवाई

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** कुशीनगर जिले के कसया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े पुलिस की पशु तस्कर से मुठभेड़ हुई। इस दौरान पैर में गोली लगने के बाद बिहार का पशु तस्कर घायल हो गया। वह पिकअप पर क्रूरतापूर्वक छह प्रतिबंधित पशुओं को लादकर वध के लिए बिहार ले जा रहा था। पशुओं को मुक्त करा लिया गया है। उसके कब्जे से अवैध तमंचा और पशु वध के उपकरण बरामद किए गए हैं। एएसपी निवेश कटियार ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित पशुओं की खेप लेकर तस्कर कसया क्षेत्र से होकर बिहार जाने वाले हैं।

इस पर कसया, रामकोला, खड्डा थानों के साथ स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम को सघन चेकिंग के लिए लगाया गया। कसया थाना क्षेत्र के पकड़ियहवा नहर के पास पुलिस टीम घेराबंदी कर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक पिकअप वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वाहन पर सवार व्यक्ति ने फायर कर दिया। पुलिस जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से पशु तस्कर घायल हो गया। उसे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी पहचान नूर आलम पुत्र वकील निवासी तारा नरहवा, थाना गोपालपुर, जनपद गोपालगंज, बिहार के रूप में हुई है। तस्कर के कब्जे से छह प्रतिबंधित पशु, पिकअप वाहन, तमंचा, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस, लकडी का ठीहा, बांका, एक एंड्रायड फोन और 310 रुपये नगद बरामद हुए हैं। तस्कर से पूछताछ के हवाले से एएसपी निवेश कटियार ने बताया कि वह और उसकी टीम विभिन्न जनपदों से गोवंशीय पशुओं को वाहनों में क्रूरतापूर्वक लाद कर वध के लिए बिहार ले जाती है। उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम

कसया के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, रामकोला के प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह, खड्डा थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय, स्वाट के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, कसया हाईवे के चौकी प्रभारी विवेक कुमार पाण्डेय, कुशीनगर चौकी प्रभारी गौरव शुक्ला, कस्बा चौकी प्रभारी गौरव श्रीवास्तव व प्रविन्द्र राय और उनकी टीम मुठभेड़ में शामिल रही।

# हाईवे किनारे खड़ी डीसीएम से 27 कार्टून रिफाइंड चोरी



चोरी की घटना की फुटेज देखती पुलिस ● जागरण

जागरण संवाददाता, पटहेरवाः हाईवे किनारे खड़ी डीसीएम से चोर 27 कार्टून में रखा रिफाइंड तेल चुरा ले गए। चोरों ने पीछे का तिरपाल काटकर घटना को अंजाम दिया। गुरुवार की रात पटहेरवा थाना के महुअवा काटा के समीप हुई इस चोरी की घटना की जानकारी चालक को सुबह हुई। पुलिस जांच में जुटी है।

- तिरपाल काटकर दिया घटना को अंजाम, पुलिस जांच में जुटी
- गोरखपुर से तमकुही लेकर जा रहा था चालक, नींद आने पर रुका

देवरिया के सलेमपुर थाने के गांव बरवा टोला निवासी चालक जितेंद्र कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि वह डीसीएम से गोरखपुर से रिफाइंड तेल लेकर तमकुही जा रहा था। रास्ते में नींद आने पर डीसीएम पेट्रोल पंप के समीप हाईवे किनारे खड़ी कर दी और केबिन में सो गए। सुबह नींद खुलने पर उतरकर देखा तो पीछे का तिरपाल कटा हुआ था और उसमें से 27 कार्टून रिफाइंड गायब थे। प्रत्येक कार्टून में एक-एक लीटर की 15 बोतलें थीं। सूचना मिलते ही पीआरवी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। थाना प्रभारी विनय कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

गुंडा घोषित कर जिला मजिस्ट्रेट ने दो को किया जिला बदर

हाटाः कोतवाली के गांव नरायनपुर निवासी छोटू व अमित पासवान को जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने गुंडा घोषित कर छह माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है। न्यायालय की अनुमति के बिना ये जनपद में प्रवेश नहीं पा सकेंगे।

# एक पक्षीय कार्रवाई का लगाया आरोप

**पडरौना।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी निवासी अब्दुल मजीद ने एसपी को शिकायती पत्र देकर हलका दरोगा पर एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने एसपी को लिखा है कि उसकी जमीन पर उसके पट्टीदार ने दरोगा की शह पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। अब्दुल मजीद ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने निरस्त कर दिया है। आरोपी ने न्यायालय में जमानत के लिए अपील किया था।

वादी मुकदमा शीला देवी के पति अशोक कुमार सिंह को उनके पिता रंगीलाल करीब चार वर्ष पहले अलग कर दिए थे। उसके पति को उसके पिता ने खेती गृहस्थी के कोई जमीन नहीं दिया। इसलिए परिवार चलाने के लिए अशोक मुम्बई में काम करते थे। 29 मई 2017 की शाम करीब पांच बजे रंगीलाल, सोनमती, संध्या, दीलीप व अनिल ने मिलकर अशोक को घर में बंधक बनाकर एक लाख साठ हजार रुपये छीन लिए। इसके बाद उनके साथ मारपीट की।

**कप्तानगंज क्षेत्र के बौलिया गांव का मामला**

**अदालत से**

इस प्रताड़ना से तंग होकर अशोक ने जहर खा लिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। आरोपी रंगीलाल सिंह निवासी बौलिया थाना कप्तानगंज ने अग्रिम जमानत याचिका अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत किया। उसकी सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार शशि की न्यायालय ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त कर दिया है।

# 294 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** बिहार मद्य निषेध की टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को शराब लेकर कार से बिहार जा रहे देवरिया व बिहार के सिवान निवासी दो तस्करों को करीब 294 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ बिहार मद्य निषेध की टीम ने पकड़ा।

गोपालगंज जिले के अधीक्षक मद्य निषेध अमृतेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को मद्य निषेध की टीम मीरगंज थाना क्षेत्र जिगना ढाला के समीप यूपी की ओर से आ रहे कार सवार दो संदिग्ध युवक यूपी की ओर से बिहार आते दिखाई दिए। संदेह के आधार पर टीम ने उन्हें रोककर जांच किया। कार के भीतर छिपाकर तस्करी के लिए ले जा रहे 34 पेटी अंग्रेजी शराब, 17 सौ टैट्रा पैक बरामद की गई। पकड़े गए अंग्रेजी शराब की कुल मात्रा करीब 294 लीटर है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान देवरिया जिले के गुलहां निवासी इमरान हुसैन व सिवान के बनिया टोला कीलपुर निवासी राशिद मियां के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेजा जा रहा है।

# ठगी मामले में दो लोगों पर केस

**मंसाछापर।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। कुरमौल उर्फ सोहनपुर गांव के निवासी अतुल श्रीवास्तव ने न्यायालय में वाद दाखिल कर बताया है कि चार वर्षों से वे सहज ग्रामीण विकास निधि लिमिटेड किदवई नगर छावनी में अभिकर्ता के तौर पर काम करते हैं। 2023 से 80 अभिकर्ताओं का बीस लाख इकहत्तर हजार पांच सौ रुपए जमा करवाए हैं। मार्च 2024 में सभी का मैच्योरिटी समाप्त हो गई, लेकिन उनके रुपए नहीं मिल सके। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# बाइक सवार युवकों ने पूछा रास्ता, किशोरी ने मचाया शोर

जासं, पटहेरवा: लबनिया चौराहे पर गुरुवार की रात करीब नौ बजे दो बाइक सवार युवकों किशोरी से रास्ता पूछा तो उसने डर के मारे शोर मचाया। ग्रामीणों के आने की आहट पाकर बाइक सवार फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देर रात तक संदिग्धों की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

घर के पास टहल रही किशोरी के पास दो युवक बाइक से पहुंचे और नहर की पटरी का रास्ता पूछने लगे। किशोरी ने उन्हें रास्ता बताया, लेकिन बाइक पर पीछे बैठे युवक ने कहा कि आगे चलकर रास्ता दिखा दो। इस पर किशोरी को शक हुआ और वह शोर मचाते हुए घर की ओर भागी। तभी युवक बाइक लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पीआरवी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। किशोरी से पूछताछ के बाद चौराहे पर अस्थायी रूप से रह रहे फेरीवालों से भी पूछताछ की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी विनय कुमार मिश्र ने बताया कि, किशोरी ने किसी प्रकार की जबरदस्ती से इन्कार किया है, लेकिन युवक की बातों से डर कर उसने शोर मचाया था। एहतियातन मामले की जांच की जा रही है।

# दहेज हत्या का आरोप, मुकदमा

जासं,नेबुआ नौरंगिया: महिला ने दहेज के लिए दमाद सहित ससुराल के लोगों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर रही है। नेबुआ नौरंगिया के लक्ष्मीपुर उर्फ कुर्मीपट्टी की सुभावती ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री 23 वर्षीय सुनीता ने गांव के ही युवक से चार वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। दोनों की दो बेटियां हैं। उनका आरोप है कि पुत्र न होने पर ससुराल के लोग उसका उत्पीड़न करने लगे। दहेज के नाम पर दो लाख रुपये, बाइक की मांग करने लगे। बीते 12 जून को सुनीता की हत्या कर ससुराल वालों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने आरोपित पति रवि, ससुर अमावस तथा अजय व दीनानाथ के विरुद्ध दहेज हत्या सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। एसओ दीपक सिंह ने बताया कि महिला के दाह स्थल से हड्डियां आदि एकत्रित कर डीएनए जांच के लिए भेजा जा रहा है।

c

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2025

# लमुहा ताल में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

- एसडीआरएफ ने 24 घंटे बाद ताल से निकाला शव
- गुरुवार की सुबह ताल में डूब गया था युवक

जासं, परतावल : नगर पंचायत परतावल स्थित लमुहा ताल में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में डूबकर मृत्यु हो गई। मृतक का शव शुक्रवार सुबह तालाब के बीच से एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किया। युवक गुरुवार सुबह से लापता था। उसकी पहचान परतावल बाजार निवासी सनोज के रूप में हुई है। युवक के पिता दूधनाथ ने बताया कि सनोज सुबह तालाब में नहाने गया था और उसके बाद वापस नहीं लौटा। एक युवक द्वारा सूचना मिली कि सनोज तालाब में नहाते समय डूब गया। जब हम लोग मौके पर पहुंचे तो तालाब किनारे कपड़े और चप्पल मिले।



सनोज
● फाइल फोटो

जिससे अनहोनी की आशंका गहरा गई। एसडीआरएफ को बुलाकर तालाब में सर्च अभियान शुरू कराया गया, लेकिन पानी अधिक होने के कारण गुरुवार की देर शाम भी युवक का कुछ पता नही चल पाया। करीब 24 घंटे के बाबाद शुक्रवार सुबह ताल किनारे गये एक व्यक्ति ने शव को पानी मे तैरते देखा तो शोर मचाया। श्यामदेउरवा पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया।

शव मिलते ही स्वजन हत्या की आशंका जताते हुए विरोध करने लगे। युवक की मां का कहना था कि दो दिन पूर्व ही एकलौता बेटा सनोज हरियाणा से कमाकर घर आया था वही घर की खर्च चलाता था। थानाध्यक्ष श्यामदेउरवा अभिषेक सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने चार बोरी उर्वरक बरामद किया

झुलनीपुर: बहुआर पुलिस चौकी की टीम शुक्रवार को बहुआर कला लाइन टोला के करीब साइकिल पर बोरिया लदे दो युवक नेपाल की तरफ जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो तस्कर बोरियां लगी साइकिल फेंककर नेपाल की तरफ भाग निकले। पुलिस ने बोरियों की तलाशी लिया तो भारतीय उर्वरक बरामद हुआ। चौकी प्रभारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चार बोरी यूरिया व दो साइकिल बरामद कर सीमा शुल्क इकाई निचलौल को सौंप दिया गया। (जासं)

# छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में दी गई जानकारी

जासं, फुलमनहा : पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कालेज बरगाहपुर में मिशन शक्ति के तहत बृजमनगंज थाने की एंटी रोमियो टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए जानकारी दी गई। महिला सिपाही रीमा ने विभिन्न टोल फ्री नंबर के साथ मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि नए कानून के बारे में सभी को जानकारी होना चाहिए। अपराध करने वाले किसी भी दशा में बच नहीं सकते है।

आपातकाल में हेल्प लाइन नंबरों का प्रयोग करें। कांस्टेबल राजेश मौर्य ने साइबर क्राइम, डिजिटल अपराध के बारे में जानकारी दी और कहा कि प्रत्येक थानों पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है, जहां छात्राएं, महिलाएं घरेलू हिंसा सहित अन्य उत्पीड़न के विरुद्ध बेहिचक अपनी समस्या व शिकायत दर्ज करा सकतीं हैं। प्रधानाचार्य रामनरायन यादव, राकेश कुमार, गणेश यादव, प्रमोद गौंड, विशाल वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर सात पर एससी-एसटी का केस

**निचलौल।** निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रवलिया में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

गांव की सुनीता देवी ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके परिवार से और गांव के कुछ लोगों के बीच कई वर्ष से विवाद चल रहा था। अनुसूचित जाति होने के कारण लोग उसके परिवार के लोगों को वे परेशान करते थे। इस बीच इन लोगों ने अपने साथ चार अज्ञात लोगों को लाठी डंडा लेकर बीते 29 मई को उसके घर आए और उसके वृद्ध ससुर मुन्नीलाल के अलावा छोटे-छोटे बच्चों को जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली दिए और जान से मारने की धमकी देने लगे। मना करने पर घर में घुसकर मारने पीटने लगे। घर में रखे बर्तन भी तोड़ दिए और उठा ले गए। एसओ अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर बृजेश, संदीप और दीपक सभी निवासी मिश्रवलिया सहित चार अन्य अज्ञात के खिलाफ एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# किशोरी को भगा ले गया मनबढ़, केस

**निचलौल।** कुशीनगर की एक किशोरी को निचलौल थानाक्षेत्र स्थित ननिहाल से एक मनबढ़ युवक जबरन भगा ले गया। इस मामले में पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

किशोरी की मां द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया है कि उसका घर कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में है। उसकी बेटी गांव के पास एक कॉलेज में कक्षा नौ की छात्रा है। उसके गांव के बगल का एक युवक जो कि बदमाश किस्म का है। वह उसकी बेटी को कॉलेज जाते समय छेड़ता था और उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

# पति व सास पर दहेज हत्या का केस दर्ज

**महराजगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्राम सभा बड़हरा रानी टोला छावनी में एक विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस पति व सास के खिलाफ तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया है।

बुधवार को 19 वर्षीय विवाहिता अनामिका का शव ससुराल में फंदे से लटकता मिला था। एक साल पहले अनामिका की शादी संजय निवासी बड़हरा रानी छावनी टोला से हुई थी। घटना के बाद ससुराल पक्ष का कहना है कि खाना बनाने को लेकर कहासुनी हुई थी, जिससे नाराज होकर अनामिका ने फांसी लगा ली। वहीं मायके वालों ने दहेज हत्या बताते हुए कोतवाली में तहरीर दी।

# मारपीट के आरोप में चार पर केस

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया क्षेत्र के सोनवल निवासिनी मीरा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर में पति के साथ बैठी थी। अचानक गांव के चार लोग लाठी-डंडा लेकर आए और उन दोनों को पीटने लगे। जाते समय धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर बृजेश, मुन्ना, कैलाश व मुकेश पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव

**फरेंदा।** परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज आनंदनगर में साइबर क्राइम थाने की ओर से साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अशोक भारतीय ने बताया कि साइबर अपराध में कंप्यूटर, नेटवर्क या अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके की जाने वाली अवैध गतिविधियां शामिल हैं। साइबर क्राइम थाना निरीक्षक सजनू यादव ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। किसी भी दशा में अनजान को ओटीपी न बताएं। कंप्यूटर ऑपरेटर हेड कांस्टेबल यादव, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल अभिनव प्रताप सिंह ने जागरूकता पर्ची बांटी। हेड कांस्टेबल चंद्रप्रभा वरमानी ने बच्चियों को अपराध से बचने के लिए जागरूक किया।

# किशोर घर से लापता, पुलिस को दी तहरीर

**खनुआ।** नौतनवा थाना क्षेत्र के सम्पतिहां चौराहे पर स्थित एक बालक अपने घर से लापता हो गया है। सम्पतिहा चौराहा निवासी मुनीश मणि त्रिपाठी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गुरुवार की रात उसका 13 वर्षीय बेटा आर्यन मणि त्रिपाठी घर के सामने था और अचानक घर से लापता हो गया।

# खाद ले जा रहे दो तस्करों को नौतनवा पुलिस ने दबोचा

**नौतनवा।** नौतनवा थाना क्षेत्र के डंडा नदी पुल अमलहवा के रास्ते तस्करी की खाद नेपाल ले जा रहे दो तस्करों के पास से पुलिस ने 6 बोरी खाद के साथ दो बाइक बरामद की है। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की दोपहर बरामद सभी सामान को कब्जे में लेते हुए गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

नौतनवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो तस्करों को उस समय गिरफ्तार किया। पुलिस ने खाद के साथ जिन दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनमें सुनील निवासी आरजी सरकार उर्फ बैरियहवा व विकास गुप्ता निवासी हरदी डाली थाना सोनौली शामिल हैं।

## तस्करी की दो बोरी यूरिया के साथ एक गिरफ्तार

**ठूठीबारी।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के झरही नदी बंधे से होकर एक बाइक सवार को भारत से नेपाल दो बोरी यूरिया ले जाते समय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सूरज गुप्ता निवासी बेलवा के रूप में हुई है। मामले में कस्टम एक्ट की धारा 110 के तहत कार्रवाई कर ठूठीबारी कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया है। थानाध्यक्ष महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि सिपाही भीम कुमार, दीपक कुमार व प्रमोद यादव की टीम को मुखबिर से सूचना मिली तो उन्होंने घेराबंदी कर तस्तकर को दबोच लिया।

# चार बोरी यूरिया पकड़ी गई

**निचलौल।** निचलौल थाने की बहुआर पुलिस चौकी की टीम ने बहुआर कला लाइन टोला के करीब साइकिल पर बोरिया लादकर ले जाते दो शख्स को पकड़ लिया। पुलिस ने इन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों शख्स बोरियां लदी साइकिल फेंककर नेपाल की तरफ भाग निकले। पुलिस ने बोरियों की जांच की तो उसमें यूरिया खाद निकली। चौकी प्रभारी बहुआर भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यूरिया और दो साइकिल को सीज कर कस्टम को सौंप दिया गया है।

# कस्टम से बचाकर नेपाल पहुंच रही कपड़ों की खेप, तस्कर मालामाल

## नेपाल में सूरत और दिल्ली के रेडीमेड कपड़ों की मांग बढ़ने से चमका धंधा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज/सोनौली।** नेपाल में सूरत, दिल्ली के अलावा गुजरात और लुधियाना से कपड़ों की खेप बॉर्डर तक आसानी से पहुंच रही है। कस्टम ड्यूटी चोरी कर किसी तरह से कपड़ों को नेपाल पहुंचा दे रहे हैं। कैरियर चकमा देकर सरहद पार हो जा रहे हैं, लेकिन वहां दबोच लिए जा रहे हैं।

बीते माह से अब तक रूपनदेही में कई बार कपड़ों की खेप बरामद की हुई है। तस्करों ने नेपाल पुलिस से भारतीय क्षेत्र से कपड़ा लाए जाने की बात कबूल की है।

देश के विभिन्न राज्यों से खासकर सूरत, दिल्ली, लुधियाना एवं पंजाब आदि जगहों से बड़े पैमाने पर आने वाले कपड़ों के कारोबारी सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़े हैं। भारत से नेपाल जाने वाले कपड़ों को भारत सरकार निर्यात पर टैक्स में छूट देती है, जिसका पूरा फायदा स्थानीय स्तर के धंधेबाज उठाते हैं।

ट्रांसपोर्ट के जरिये कपड़ा नेपाल सीमा पर पहुंचता तो जरूर है, लेकिन वह भारतीय कस्टम होते हुए नेपाल जाने के बजाय झुलनीपुर, ठूठीबारी, नौतनवा एवं सोनौली थाना क्षेत्र के अवैध गोदाम में पहुंचा दिया जाता है। इसके बाद पगडंडी रास्तों से इन्हें नेपाल की सीमा में पहुंचा दिया जाता है।

क्षेत्राधिकारी नौतनवा जय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि संयुक्त गश्त के जरिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। सूचना तंत्र को मजबूत किया गया है। जानकारी होने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है।



नेपाल में बरामद भारतीय क्षेत्र से लाया गया कपड़ा। स्रोत-सोशल मीडिया

### नेपाल पुलिस की बरामद एक नजर में

- चार जुलाई को भैरहवा रूपनदेही पुलिस टीम ने ओमसतिया से रेडीमेड कपड़ा बरामद किया।
- छह जुलाई को मंगलापुर-रूपनदेही से तैनात पुलिस टीम ने मंगलापुर से एक लाख रुपये के कपड़े बरामद किया।
- सात जुलाई को बेलहिया पुलिस ने 67 पीस साड़ी बरामद कर एक को गिरफ्तार किया।
- 10 जुलाई को बेलहिया कस्बे में नेपाल बेलहिया पुलिस ने 57 पीस रेडीमेड कपड़े बरामद किया।
- 11 जुलाई को सिद्धार्थनगर नगर मेंडदिहवा से 182 पीस साड़ी व कुर्ते बरामद।
- 13 जुलाई को सीमा से सटे बेलहिया पुलिस टीम बेलहिया बाइपास से 188 पीस रेडीमेड कपड़ा बरामद।

### तस्करों के कारण चौपट हो गया कारोबार

नेपाल बुटवल के कपड़ा कारोबारी अंकित गुप्ता ने बताया कि कपड़ा तस्करों के कारण कारोबार चौपट हो गया है। उन्होंने बताया कि गुजरात और दिल्ली से कच्चे बिल पर रेलवे और बस में कपड़ों की बुकिंग होती है। कपड़ा नेपाल सीमा पर पहुंचने के बाद नेपाल के प्रमुख सीमावर्ती क्षेत्र तक ट्रकों से गोरखपुर और फिर नौतनवा सोनौली-ठूठीबारी और सिसवा के गोदाम में डंप किया जाता है। एक से दो बंडल कपड़े को कैरियर के जरिये नेपाल के सीमावर्ती गांव में डंप किया जाता है।

### तीन गुना हो जाती है कपड़ों की कीमत

सूत्रों की मानें तो सीमावर्ती क्षेत्र में कपड़ा तस्करी का खेल आराम से हो रहा है। अवैध गोदामों में रखे करोड़ों के कपड़े आसानी से सरहद पार हो जाते हैं। नेपाल के कपड़ा कारोबारी सीमावर्ती बाजार के दुकानदारों से सेटिंग करके सीमा तक कपड़ा मंगवाते हैं। दो लाख की जीएसटी बिल में 10 लाख का कपड़ा मंगाते हैं। इसके बाद उसको नेपाल बॉर्डर पार ले जाकर खपाया जाता है। बॉर्डर पार जाते ही कीमत तीन गुना हो जाती है। सीमावर्ती कस्बा नौतनवा, सोनौली, खनुवा, भगवानपुर, परसामलिक, बरगदवा, ठूठीबारी और सिसवा तक कपड़े मौजूद हैं।

# अलग-अलग मामलों में एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा सुनाई

अदालत से

**महराजगंज।** न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा की अदालत ने शुक्रवार को मारपीट और गाली-गलौज के दो अलग-अलग मामलों में नौ अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए एक-एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा सुनाई है। साथ ही सभी दोषियों पर जुर्माना भी लगाया गया है।

पहला मामला वर्ष 2011 का है। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के करमहा गांव से जुड़ा है। इस मामले में राजू, संजय उर्फ सराजुद्दीन, राजेश और मटेलू उर्फ मोहम्मद हकीम पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने सभी चारों आरोपियों को दोषी पाया। अदालत ने प्रत्येक को एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा सुनाते हुए 1500-1500 रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया।

दूसरा मामला वर्ष 1990 का है जो कोल्हुई थाना क्षेत्र के घुसवा गांव का है। इस प्रकरण में कपिल देव मिश्रा, हरदेव मिश्रा, केशव, राजेश्वर और अवधेश के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौचज का आरोप था। वर्षों तक चले इस मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने सभी पांचों अभियुक्तों को दोषी ठहराया। न्यायालय ने इन सभी को भी एक-एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा सुनाते हुए 1000-1000 रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर सात मनबढ़ों के खिलाफ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला को उसके ससुर के समक्ष अर्धनग्न करने और विरोध करने पर ससुर को बेरहमी से पीटकर लहूलुहान करने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शुक्रवार को बृजेश मद्धेशिया, संदीप मद्धेशिया, दीपक मद्धेशिया निवासी मिश्रवलिया समेत सात लोगों पर केस दर्ज कर लिया।

पीड़िता ने न्यायालय में दाखिल वाद में बताया है कि गांव के रहने वाले कुछ लोगों का उनसे पुराना विवाद है। इसको लेकर 29 मई 2025 को आरोपी गोलबंद होकर लाठी-डंडों के साथ उसके घर आ पहुंचे। अभी वह कुछ समझती कि इसी बीच वह उसे खींच बाहर ले आए। पहले से मौजूद ससुर के सामने आरोपी उसे अर्धनग्न कर अश्लील हरकत करने लगे। वहीं

## महिला से की थी अश्लील हरकत, ससुर को पीटने का आरोप

मौके पर मौजूद ससुर ने जब आरोपियों के करतूत का विरोध किया तो उन लोगों ने जानलेवा हमला करके उन्हें लहूलुहान कर दिया।

आरोपियों ने घर में रखे सामान को भी बाहर फेंक दिया। घटना के दौरान चीख पुकार सुन मौके पर लोगों की भीड़ जुटता देख आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। आरोपियों के हमले में घायल ससुर का अभी भी इलाज जारी है। न्याय के लिए थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक पहुंची।

थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि आदेश पर आरोपी बृजेश मद्धेशिया, संदीप मद्धेशिया, दीपक मद्धेशिया निवासी मिश्रवलिया समेत सात पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# रोडवेज बस की टक्कर से भाई-बहन घायल, हंगामा

## श्यामदेउरवां क्षेत्र के गोरखपुर-महराजगंज मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**परतावल।** श्यामदेउरवां क्षेत्र के गोरखपुर-महराजगंज मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने शुक्रवार को दोपहर करीब 4:30 बजे मुहम्मदपुर मोड़ के पास बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

लोग हंगामा करने लगे तो बाद बस चालक मौके से बस लेकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए उसे दौड़ाकर परतावल चौराहे पर पकड़ लिया। भागने के दौरान परतावल मुख्य चौराहे पर किसी ने चालक को मारा-पीटा और बस का शीशा तोड़ दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। घायलों का इलाज कराया जा रहा है।

कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के महुअवां निवासी अनूप (22) बाइक से अपनी बड़ी बहन अराधना (30) को उनके घर श्यामदेउरवां क्षेत्र के मुहम्मदपुर छोड़ने के लिए जा रहा था। अभी वह मुहम्मदपुर मोड़ पर पहुंचा था कि पीछे से तेज रफ्तार में आ रही रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।



मुहम्मदपुर मोड़ के पास क्षतिग्रस्त रोडवेज बस। संवाद

गुलहरिया थाना क्षेत्र के सरैया निवासी बस चालक गंगेश निषाद (35) वाहन लेकर भागने लगा, बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने परतावल चौराहे पर उसे पकड़ लिया और उससे मारपीट भी की। स्थानीय लोगों ने घायल भाई-बहन को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज गति में थी, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और हादसा हो गया।

चौकी प्रभारी परतावल अमित कुमार सिंह ने बताया कि परतावल चौराहे पर बस चालक से कुछ लोगों ने मारपीट की है। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त बाइक और बस को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया गया है।

# सीसीटीवी कैमरे का तार गायब नहीं लगवाने का आरोप

खनुआ। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव के ग्रामीणों ने चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे का तार गायब होने का आरोप लगाया है। कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव के ग्रामीण राम किशुन,सुग्रीव यादव आदि ग्रामीणों ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे तार नहीं लगवाया जा रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा जय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि जांच के बाद दुरुस्त करा दिया जाएगा। संवाद

# दूसरे दिन मिला ताल में डूबे युवक का शव



सनोज के गमगीन परिजन। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**परतावल।** नगर पंचायत परतावल के लम्हुआ ताल में बृहस्पतिवार की सुबह डूबे युवक सनोज (35) का शव शुक्रवार को ताल में उतराया हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पांच वर्षीय बेटे का मासूम चेहरा देखकर हर किसी की आंखें नम हो जा रही हैं।



सनोज। स्रोत परिजन

मिली जानकारी के अनुसार, श्यामदेउरवा क्षेत्र के परतावल बाजार निवासी सनोज (35) बृहस्पतिवार की सुबह अपने एक साथी के साथ लम्हुआ ताल के किनारे श्मशान घाट पर गया था। साथी से बातचीत करते हुए सनोज ताल के पानी में उतर गया और कहा कि वह तैरकर ताल के उस पार चला जाएगा। कुछ दूर जाने के बाद वह डूबने लगा।

## लापता किशोरी को पुलिस ने ढूंढ़ निकाला

**सोनौली।** पुरंदरपुर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला बेटी के साथ नेपाल में अपने मायके से लौट रही थी। इस दौरान उसकी बेटी बॉर्डर पार करने के बाद टेंपो स्टैंड और रोडवेज के बीच रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। कस्बे में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने उसे ढूंढ़ निकाला। चौकी प्रभारी सोनौली बृजभान यादव ने बताया कि किशोरी कुछ दिन पूर्व अपने ही थाना क्षेत्र के एक युवक के साथ चली गई थी। पुलिस ने बरामद कर युवक को जेल भेज दिया था। सोनौली से लापता होने के बाद किशोरी की तलाश के दौरान उसे युवक के मौसा के घर से ढूंढ़ लिया गया है। संवाद

# एडीजी गोरखपुर को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग

**महराजगंज।** फरेंदा क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की है। इससे आहत पीड़िता की मां मनीता देवी ने अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

आरोप है कि केस दर्ज होने के बावजूद न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और न ही दुष्कर्म और एससटी एक्ट की गंभीर धाराएं ही केस में जोड़ी गई हैं।

पीड़ित की मां के अनुसार, उनकी 15 वर्षीय पुत्री 30 जून 2025 को अचानक लापता हो गई थी। इस संबंध में थाना फरेंदा में छह जुलाई को केस दर्ज की गई। बयान होने के बावजूद, सामूहिक दुष्कर्म की धाराएं नहीं जोड़ी गईं और ना ही कोई गिरफ्तारी हुई है। परिजनों का आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और केस को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

पत्र की प्रतिलिपि प्रदेश के उच्च अधिकारियों व आयोगों को भी भेजी गई है, जिसमें मुख्यमंत्री कार्यालय, महिला आयोग शामिल हैं। संवाद

## एसपी ने थाना फरेंदा का किया निरीक्षण

**फरेंदा।** श्रावण मास व कांवड़ यात्रा में शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने को लेकर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने शुक्रवार को फरेंदा थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आईजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया। थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को भी देखा। संवाद

# महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** शुक्रवार को बृजमनगंज कस्बे में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन हुआ। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें उन्हें उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, जिनके जरिये महिलाएं आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

इनमें 1090 (महिला पॉवर हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) जैसे नंबर शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे इन नंबरों का उपयोग करें और किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें।




मिशन शक्ति के तहत जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। संवाद

# चार बोरी यूरिया खाद बरामद

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के भारत नेपाल बार्डर के पिलर संख्या 500/5 के पास से शुक्रवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो साइकिल पर लदी चार बोरी यूरिया खाद बरामद कर ली। हालांकि, तस्कर मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस मामले में बरामद खाद को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार बरामद खाद को कब्जे ने लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# सावधानी व जागरूकता से ही साइबर क्राइम से बचाव संभव




**साइबर अपराध की जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक सजनू यादव।** स्रोत कालेज

**फरेंदा।** परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज आनंदनगर में शुक्रवार को साइबर क्राइम थाना महाराजगंज की ओर से साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक भारतीय ने किया।

कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सजनू यादव ने कहा कि साइबर अपराध में कंप्यूटर, नेटवर्क या अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके की जाने वाली अवैध गतिविधियां शामिल हैं। यह आपराधिक कृत्य है, जिसमें अपराध को सुगम बनाने के लिए तकनीक का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार आपराधिक प्रवृत्ति के लोग मोबाइल पर फोन करके गैर विधिक कार्यों को बहला-फुसला कर ओटीपी लेकर ऑनलाइन पैसा ठगी करते हैं। इस प्रकार के कॉल से सावधान रहना चाहिए। साथ ही जारी साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व वेबसाइट का प्रचार-प्रसार और पंपलेट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने नए कानून के बारे में भी बताया गया। प्राचार्य डॉ. अशोक भारतीय ने कहा कि नए-नए तरीकों से लोगों से मोबाइल पर फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, जिससे लोग जागरूकता के माध्यम से बच सकते हैं। संवाद

# मनचले की हरकत से किशोरी ने छोड़ी पढ़ाई, अपहरण का आरोप

## कुशीनगर का रहने वाला है आरोपित युवक निचलौल में दर्ज हुआ केस

- आरोपित मनचले पर अपहरण व दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस
- दो माह पूर्व भी आरोपित अपने साथियों के साथ किशोरी को अगवा करने का किया था प्रयास

जासं (निचलौल) महराजगंजः कुशीनगर जिले के एक मनचले की हरकत से आजिज आकर गांव की एक किशोरी ने पढ़ाई छोड़ दी। इसके बाद भी मनचले युवक ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। मौका देखकर आरोपित युवक 13 जुलाई को किशोरी को भगा ले गया। स्वजन बेटी के साथ अनहोनी को लेकर चिंतित हैं। पुलिस आरोपित युवक के विरुद्ध अपहरण और दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

कुशीनगर की रहने वाली किशोरी की मां ने निचलौल थाने की पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि बेटी कक्षा नौ की छात्रा है। दूसरे गांव का मनबढ़ किस्म का एक युवक बेटी को स्कूल आते-जाते समय छेड़ता था और अश्लील हरकत करता था। मेरे मौजूदगी में दो माह पहले घर पर आकर अपशब्द बोलते हुए बेटी को खींचकर ले जाने का प्रयास किया। मेरे शोर मचाने से गांव के लोगों के आ-जाने के बाद आरोपित अपने साथियों के साथ भाग गया। आरोपित युवक के डर से बेटी ने पढ़ाई छोड़ दी। इसके बाद बेटी को अपने पिता के पास निचलौल पहुंचा दिया। आरोपित युवक पीछा करते हुए कुशीनगर से निचलौल भी पहुंच गया।

जहां से 13 जुलाई को बेटी को वह जबरदस्ती कहीं उठा ले गया। इसके बाद मेरे पति के मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। डर है कि बेटी के साथ आरोपित युवक कोई अप्रिय घटना कर दिया होगा। आरोपित के इस हरकत से स्वजन भयभीत हैं। निचलौल थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर बादल चौहान रायपुर कोपा नेबुआ नौरंगिया, कुशीनगर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2025

# शहर से हाईवे तक आज से बदला रहेगा यातायात

बस्ती। श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के चलते जनपद में 19 से 23 जुलाई तक बस्ती-अयोध्या हाईवे पर वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। वाहनों को विभिन्न मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। बस्ती-अयोध्या हाईवे को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर बैरिकेडिंग की गई है। रास्तों से भी क्षेत्रीय लोग हाईवे पर नहीं आ पाएंगे। वहीं, शहर में डायवर्जन लागू है। कस्बे के लोगों को घर से निकलने के पहले एक बार जरूर रूट डायवर्जन के बारे में जानकारी लें तभी घर से निकलें।

## फोरलेन पर डायवर्जन

● लखनऊ से बस्ती, गोरखपुर की ओर आने वाले वाहनों को बाराबंकी से ही रोककर जरवल रोड, करनेलगंज, गोण्डा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए गन्तव्य को डायवर्ट कर दिया जाएगा।

●[illegible]योध्या से बस्ती, गोरखपुर की ओर [illegible] वाले वाहनों अयोध्या से लोलपुर [illegible]ुए कटरा, लकड़मण्डी, नवाबगंज, [illegible], डुमरियागंज से गन्तव्य के लिए रवाना होंगे।

●गोरखपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर मेंहदावल रोड होते हुए बांसी, डुमरियागंज और उतरौला होकर आगे निकाला जाएगा।

●बस्ती जिले से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को बड़ेवन फ्लाईओवर के नीचे से मनौरी-भानपुर- डुमरियागंज के रास्ते आगे को भेजा जाएगा। फुटहिया फ्लाईओवर से वाहनों को कलवारी होते हुए टाण्डा अम्बेडकरनगर की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

●अम्बेडकरनगर-टाण्डा की ओर से जनपद बस्ती की तरफ आने वाले वाहनों को कलवारी चौराहे से गायघाट, कुदरहा, लालगंज होते हुए संतकबीरनगर के लिए डायवर्ट किया जाएगा।

●बस्ती शहर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को अस्पताल चौराहा से सोनूपार, महादेवा से कुदरहा वाया रामजानकी मार्ग से कलवारी, टांडा से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते आगे को भेजा जाएगा।

●बस्ती जनपद में मुंडेरवा से वाहनों को महादेवा, कुदरहा होते हुए रामजानकी

## घर से निकलने से पहले देख लें रूट डायवर्जन

●शहर के शास्त्री/कलक्ट्रेट चौराहे पर एक बैरियर लगाकर रामचन्द्र शुक्ल तिराहे व कांवरियों के रास्तों पर किसी प्रकार का वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। जिनको बस्ती शहर से बाहर जाना है, उन्हें मूड़घाट/बड़ेवन के रास्ते की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।

●पुराना डाकखाना चौराहा (पकौड़ी चौराहा)/कटरा की तरफ से आने वाले समस्त वाहनों को वापस फौव्वारा तिराहा होते हुए मालवीय मार्ग पर डायवर्ट कर दिया जाएगा।

●चेतक तिराहे पर बैरियर लगाकर कम्पनीबाग अथवा रामचन्द्र शुक्ल तिराहे से आने वाले प्राइवेट वाहनों को कम्पनी बाग की तरफ मोड़ दिया जाएगा।

●फौव्वारा तिराहा से कोई भी वाहन कम्पनीबाग की तरफ नहीं जाएगा।

●गड़गोडिया तिराहा, कांशीराम आवास रोड से कोई भी वाहना इस रास्ते से डारीडीहा की तरफ नहीं जाएगा। सभी वाहनों को अस्पताल से होकर सोनूपार की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।

●सोनूपार तिराहा से कोई भी वाहन सोनूपार से डारीडीहा की तरफ नहीं आएगा। समस्त वाहन को अस्पताल मोड़ पर डायवर्ट किया जाएगा। कांवरियों के वाहन को सोनूपार तिराहे के पास स्थित बाग में पार्क कराया जाएगा।



## जनपद में सभी बोर्ड के स्कूल रहेंगे बंद

**बस्ती, निज संवाददाता।** कांवड़ यात्रा को देखते हुए जिले में सभी स्कूलों को 23 जुलाई तक के लिए बंद कर दिया गया है। इस आशय की सूचना बीएसए अनूप कुमार तिवारी की ओर से जारी की गई है। अवकाश की घोषणा डीएम रवीश गुप्ता के अनुमोदन बाद की गई।

बीएसए अनूप तिवारी ने बताया कि जिले में कांवड़ यात्रा को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा




शिवरात्रि के लिए स्कूल को बंद रहेगा। पांच दिनों तक स्कूल बंद रहेंगे। इसकी

# सेठा में गरजी जेसीबी, बंजर जमीन पर बना घर ध्वस्त

**कार्रवाई**

**कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** हर्रैया तहसील प्रशासन ने सेठा गांव में सरकारी जमीन पर बने घर को जेसीबी की मदद से ध्वस्त करवा दिया। उक्त कार्रवाई हाईकोर्ट में दर्ज रिट के आदेश के मद्देनजर किया गया। एसडीएम हर्रैया उमाकांत तिवारी ने बताया कि सरकारी जमीन पर घर बना था, जिसकी शिकायत गांव के रामप्रकाश ने किया था। विपक्षी हाईकोर्ट में रिट दाखिल घर को ध्वस्त होने से रोकने का प्रयास किया था लेकिन हाईकोर्ट से उसे राहत नहीं मिली।


कप्तानगंज सेठा गांव में एसडीएम हर्रैया की मौजूदगी में ढहाया गया घर।

गौरतलब है कि हर्रैया तहसील में कप्तानगंज के सेठा गांव में बंजर की जमीन पर गंगा देवी पत्नी रामकरन ने घर बनवा लिया गया था। इसकी शिकायत गांव के रामप्रकाश ने उच्चाधिकारियों से की थी। विपक्षी ने बंजर की जमीन को एसडीएम कोर्ट में बंदोबस्त दाखिल कर कार्रवाई रोकने का प्रयास किया था लेकिन केस एसडीएम कोर्ट से खारिज हो गया था। मामला कमिश्नर के वहां पहुंचा था तो वहा राहत नहीं मिली थी। हर्रैया तहसीलदार की ओर से नौ अप्रैल 2024 को बेदखली की कार्रवाई होने के बाद विपक्षी हाईकोर्ट चला गया। वहां रिट याचिका दाखिल कर कार्रवाई को रोकने का प्रयास किया था। रामप्रकाश द्वारा जनहित याचिका दाखिल किया गया जिस पर हाईकोर्ट ने गंगादेवी को मोहलत नहीं दी। हाईकोर्ट ने एसडीएम हर्रैया को निर्देशित कर दिया कि बेदखली की कार्रवाई पूरी करे। इसी क्रम में हर्रैया तहसील प्रशासन ने पुलिस बल के साथ शुक्रवार के दोपहर सेठा गांव पहुंचा।

एसडीम हर्रैया उमाकांत तिवारी ने दो जेसीबी मशीन लगवाकर बंजर की जमीन पर बने अवैध मकान को ध्वस्त करा दिया। इस बाबत एसडीएम हर्रैया उमाकांत तिवारी ने बताया कि सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को अभियान चला कर हटाया जा रहा है।

# पड़ाव स्थलों पर बने हेल्थ कैंप में पहुंचे सीएमओ

**निरीक्षण**

**छावनी, हिन्दुस्तान संवाद।** सावन माह में अयोध्या से बाबा भदेश्वर नाथ तक होने वाले कांवड़ यात्रा को लेकर शुक्रवार को सीएमओ बस्ती डॉ. राजीव निगम ने स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण किया।

पहला पड़ाव स्थल विक्रमजोत में बाल्मिक इंटर कॉलेज परिसर में बना है। स्वास्थ्य शिविर कैंप का सीएमओ ने निरीक्षण किया उनके साथ सीएचसी विक्रमजजोत के एमओआईसी डॉ. आसिफ फारूकी और छावनी थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद मौजूद रहे। दूसरे पड़ाव राजकीय डिग्री कॉलेज पचवस में बना है। तीसरा छावनी थाना परिसर में बनाया गया है। विक्रमजोत एमओआईसी डॉ. आसिफ फारूकी ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर के लगाए गए स्वास्थ्य कर्मियों के ड्यूरी का रोस्टर छावनी थानाध्यक्ष को भी दिया गया है। तीनों पड़ाव स्थलों पर स्वास्थ्यकर्मी व चिकित्साधिकारी ड्यूटी करेंगे। तीनों पड़ाव स्थलों पर तीन पालियो में ड्यूटी लगाई गई है।


छावनी थानाक्षेत्र में कांवरियों के लिए बने स्वास्थ्य कैंप का सीएमओ ने किया निरीक्षण।

तीनों पड़ाव स्थलों पर 108 एम्बुलेंस खड़ी रहेगी। शुक्रवार को सीएमओ राजीव निगम छावनी पीएससी का निरीक्षण किया। उन्होंने एओआईसी विक्रमजोत डॉ. आसिफ फारूकी से कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर के स्वास्थ्य कर्मी किसी भी प्रकार की लपरवाही नहीं करेंगे।

# भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर में रहेगी 40 सीसीटीवी कैमरों की नजर

**बस्ती, निज संवाददाता।** कांवड़ यात्रा को लेकर बाबा भदेश्वरनाथ धाम में तेरस को जलाभिषेक के लिए होने वाले कांवड़ियों की भीड़ के मद्देनजर विशेष व्यवस्था की जा रही है। मंदिर परिसर में चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। केवल भदेश्वरनाथ मंदिर में 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। साफ-सफाई के साथ ही कांवड़ियों की सुविधा के लिए बैरीकेडिंग करवाया जा रहा है। शुक्रवार की दोपहर में शहर कोतवाल मयफोर्स खुद खड़े होकर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते दिखे। कांवड़िए शनिवार से काफी संख्या में कांवड़ लेकर अयोध्या के लिए बस्ती जिले से प्रस्थान करेंगे।


शुक्रवार को बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु।

कांवड़िए अयोध्याधाम से पवित्र सरयू का जल लेकर 22 जुलाई की रात्रि 12 बजे से जलाभिषेक करने लगेंगे। तेरस पर शिवालयों में जलाभिषेक करने में कांवड़ियों सहित अन्य श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए, इसके लिए जिला प्रशासन व तमाम सामाजिक संगठनों द्वारा विशेष प्रबंध किया जा रहा है। भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर में जगह-जगह बैरीकेडिंग लगाई जा रही है। इसके साथ ही प्रकाश की भी बेहतर व्यवस्था की जा रही है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई लगभग पूरी हो चुकी है। सिविल लाइन से लेकर भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर तक हर 20 फिट की दूरी पर बांस लगाकर एक ट्यूबलाइट लगाया गया है, जिससे मंदिर की तरफ जाने वाले रास्ते में कहीं भी अंधेरा न रहे। मंदिर परिसर को अभी से सजाया जा रहा है। रुधौली चौकी इंचार्ज ने बताया कि खेनूपार से भदेश्वरनाथ मंदिर तक 10 बैरीकेडिंग की जाएगी।

**भदेश्वरनाथ में पूजन, अर्चन के साथ हुआ भंडारा :** सावन लगते ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। बस्ती जिले का सबसे प्राचीन मंदिर होने के कारण बाबा भदेश्वरनाथ में काफी भीड़ रहती है। पूरे सावन भर यहां पर जलाभिषेक से लेकर भंडारे का आयोजन होता है। शुक्रवार को भी मंदिर में श्रद्धालु पूजन-अर्चन, आरती, पाठ व भंडारे का आयोजन करते दिखे।

## लोढ़ेश्वर नाथ मंदिर में लगाए गए छह कैमरे

**सल्टौआ।** सोनहा थानाक्षेत्र के लोढ़ेश्वरनाथ लोढ़वा मंदिर पर श्रावण मास को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया गया है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक मोतीचंद ने अपने टीम के साथ मेला क्षेत्र का पैदल गस्त कर जायजा लिया। मंदिर के गर्भगृह, मंदिर के बाहर सहित मेला क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थानों पर कुल छह कैमरे लगाए गए।


भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर में जगह-जगह लगाया जा रहा सीसीटीवी कैमरा।

# हाईवे के अवैध कट की हुई मरम्मत

**बस्ती।** अयोध्या से सरयू का पवित्र जल लेकर शिवालयों के रास्ते का बड़ा हिस्सा अयोध्या-बस्ती हाईवे का है। हाईवे पर जगह-जगह गिट्टियां बिखरी थीं। इनको ठीक कर दिया गया। सड़क किनारे की झाड़ियों को काट दिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक कांवड़ यात्रा में करीब पांच लाख श्रद्धालु इस रास्ते से गुजरेंगे।

बिजली के खंभों पर प्लास्टिक की पॉलीथिन लगा दी गई है। इससे करंट लगने की आशंका समाप्त हो गई है। श्रद्धालुओं ने कांवड़ रूट और मंदिर परिसर के सफाई का मुद्दा उठाया था। इसको ध्यान में रखते हुए डीएम ने डीपीआरओ को निर्देशित किया था। डीपीआरओ की टीम ने सफाई कर्मियों के साथ मंदिर परिसर में सफाई करा दिया। रास्ते की भी साफ-सफाई करा दी गई है।



अयोध्या से बस्ती के बीच हाईवे पर की गई साफ-सफाई।

## जलभराव वाले रास्तों पर है जल निकासी का इंतजाम

कांवड़ यात्रा के दौरान अच्छी बारिश के आसार नजर आ रहे हैं। इन सबके बीच कांवड़ियों को हाईवे पर होने वाले जलभराव की चिंता सताने लगी है। खासतौर से हर्रैया और कप्तानगंज में हाईवे पर होने वाले जलभराव की समस्या नजर आती है। कांवड वाले दिनों पर यहां जल निकासी के लिए इंतजाम किए जा रह हैं।

# हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसओ उमाशंकर तिवारी ने बताया कि दीपक पाठक और अमित पाठक निवासी सोनौरा पाठक थाना वाल्टरगंज के खिलाफ मारपीट, बलवा व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने दोनों को गौरा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# दो मामलों में 10 पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**बस्ती।** महिला थाना पुलिस ने महिला पति सुभाष, देवर अवधेश निवासी गजाधरपुर थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, ननद कुसुम व ननदोई भकोले निवासी मेहनौना थाना लालगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इन पर दहेज के लिए मारपीट करने व गाली देने का आरोप है। पैकोलिया पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति पवन वर्मा, सास सिताबा देवी, ससुर रामसहाय वर्मा, देवर शिवकुमार वर्मा, देवर राजकुमार वर्मा निवासी कोईरीपुर थाना छपिया जनपद गोंडा और विनय कुमार वर्मा निवासी शेखारपुर थाना छपिया जनपद गोंडा के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। इन पर आरोप है कि दहेज कम लाने के नाम पर प्रताड़ित करने, स्त्रीधन व कपड़ा आदि रख लिया।

# ट्रांसफॉर्मर बदलने की बात पर जेई पर धमकी का आरोप

**गायघाट, हिन्दुस्तान संवाद।** विद्युत उपकेंद्र शंकरपुर के लालगंज फीडर अंतर्गत आने वाले जिभियांव गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपकेंद्र पहुंचकर घेराव किया। उनका कहना था कि गांव का 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर पिछले 10 दिनों से जला हुआ है। टोल फ्री नंबर-1912 पर शिकायत के बाद भी ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला गया। ग्रामीणों का आरोप है कि जब ट्रांसफॉर्मर नहीं बदलने की शिकायत जेई से की गई तो वह आपा खो बैठे। ग्रामीणों से बदसलूकी करते हुए जेल भिजवाने तक की धमकी दे डाली। बदसलूकी के बाद ग्रामीण भड़क गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर वापस किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन लोगों का धैर्य जवाब दे गया तो शुक्रवार को शिकायत लेकर उपकेंद्र पर पहुंचे थे। जेई मनीष सिंह को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने जब फोन नहीं उठाया तो उपकेंद्र के एसएसओ के फोन से उन्हें कॉल किया गया। ग्रामीणों की बात सुनते ही जेई भड़क गए। ग्रामीणों को जेल भिजवाने की धमकी दिया। ग्रामीणों के साथ आई महिलाओं ने उन्हें अपशब्द कहने का आरोप लगाया। जेई ने पुलिस को भी उपकेंद्र पर भेज दिया। मौके पर चौकी इंचार्ज गायघाट राममणि उपाध्याय अपने हमराहियों के साथ पहुंच गए और जेई को भी उपकेंद्र पर आने को कहा।

# रोडवेज बस की ठोकर से युवती घायल

जासं, हर्रैया: कस्बे के महूघाट रोडवेज चेकपोस्ट के पास शुक्रवार को दोपहर तीन बजे रोडवेज बस ठोकर से एक युवती घायल हो गई। उसकी हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय बस्ती रेफर कर दिया गया है। हर्रैया थानाक्षेत्र के रतनपुर बाबू गांव निवासी 19 वर्षीय अंजू पुत्री रामजनक को महूघाट रोडवेज चेकपोस्ट पर गोरखपुर डीपो की रोडवेज बस ने टक्कर मार दिया, जिससे अंजू गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस बस चालक को हिरासत को लेकर पूछताछ कर रही हैं। पुलिस ने अंजू के चाचा संवारे की तहरीर पर चालक पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# जांच कमेटी ने डॉ. एसके गौड़ को किया तलब

**फॉलोअप**

- जेके हॉस्पिटल में बच्चे की मौत की चल रही जांच
- मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम गठित हुई है

**बस्ती, निज संवाददाता।** बालरोग विशेषज्ञ डॉ. एसके गौड़ को जांच कमेटी ने शुक्रवार को तलब किया। जेके हॉस्पिटल में भर्ती बच्चे की मौत की जांच के लिए प्रशासन ने चार सदस्यीय टीम मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में गठित की है। टीम ने अस्पताल को सील कर दिया है। डॉ. गौड़ से कमेटी ने अभिलेख तलब किए, उनसे इससे संबंधित पूछताछ भी की गई।

डॉ. गौड़ के जेके हॉस्पिटल में भर्ती एक बच्चे की 25 जून को मौत हो गई थी। परिजनों ने चिकित्सक पर गुमराह करने व सही बीमारी की जानकारी नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा था कि अगर मरीज की हालत गंभीर थी तो उसे रोकने के बजाए रेफर कर देना चाहिए था। बच्चे को हृदयरोग से संबंधित समस्या थी, जबकि घरवालों को बताया गया कि उसे निमोनिया है। मौत के बाद अस्पताल में काफी हंगामा हुआ। मामले ने तूल पकड़ा तो डॉ. गौड़ पर आय से अधिक संपत्ति व भू-माफिया जैसे गंभीर आरोप लगे। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ता चला गया। अब बच्चे की मौत, अस्पताल के मानक के साथ ही उनकी संपत्ति आदि की भी जांच की जा रही है। जांच का बढ़ा हुआ यह दायरा डॉ. गौड़ के गले की फांस बनता जा रहा है। अस्पताल में भी काफी अनियमितता पाई गई है।

# अपहरण की साजिश रचने वाले प्रधान पति समेत तीन पर केस

**बभनान, हिसं।** अपहरण की घटना का षड्यंत्र रचने वाले प्रधान पति, ससुर और उसका मित्र बुरी तरह फंस गए। हालांकि अपहरण की सूचना पर सर्विलांस, एसओजी और गौर पुलिस रातभर हलकान रही। ननिहाल में रहने वाले युवक पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का साजिशकर्ता प्रधान पति अपने बहनोई के साथ खोज निकाला गया।

गुरुवार को गौर थानाक्षेत्र के रतनपुर खास गांव निवासी ज्ञानदास अपने गांव के राजबिहारी के साथ करीब 7:50 बजे थाने पर आकर सूचना दी कि मेरे बेटे राममोहित की पत्नी विमला देवी ग्रामसभा की प्रधान हैं। प्रधानी की पूरी देखरेख मेरा बेटा राममोहित देखता है। गुरुवार को 2 बजे मेरा बेटा हर्रैया गया था। शाम को 7 बजे राममोहित को फोन किया तो उसने बताया कि मेरे गांव के

**■ बहनोई के साथ सकुशल मिला साजिशकर्ता ग्राम प्रधान पति**

सत्यदेव उर्फ बबलू निवासी खमरिया थाना हर्रैया ने बदमाशों संग मिलकर मेरा अपहरण करने के लिए पीछा कर रहे हैं और मैं भाग रहा हूं। इतने में बेटे का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। तत्काल यह सूचना गौर पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों, सीमावर्ती थाने व सर्विलांस सेल को दी गई। अपहरण का साजिशकर्ता राममोहित कप्तानगंज क्षेत्र के बघौड़ा गांव निवासी अपने बहनोई रामकेश के साथ खोज निकाला गया। अपहरण की झूठी सूचना देने के मामले में उप निरीक्षक विनय सिंह की तहरीर पर राममोहित, ज्ञानदास और राज बिहारी के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

# दो सगे भाइयों समेत तीन को सात 7 का कारावास

**बस्ती, हिसं।** फॉस्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने घर में घुसकर प्राणघातक हमला करने के मामले में दो सगे भाइयों सहित तीन को सात वर्ष सश्रम कारावास व प्रत्येक को 29 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं अदा करने पर प्रत्येक को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास काटना होगा।

शासकीय अधिवक्ता जय गोविंद सिंह व कमलेश चौधरी ने अदालत में विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि सोनहा थाना क्षेत्र कनेथू गांव निवासी हरिप्रकाश पुत्र नंद कुमार ने सोनहा थाने पर प्रार्थना-पत्र देकर कहा कि पांच मई 2018 करीब आठ बजे रात में पुरानी रंजिश की वजह से कमलेश दूबे पुत्र तीरथ दूबे व मुरली मनोहर, अनिरूद्ध पुत्रगण मुनि प्रसाद निवासी ग्राम कनेथू उसके घर पर हाथों में रॉड, हॉकी, डंडा लेकर मां-बहन की गालियां तथा जान से मार डालने की धमकी देते हुए घर पर चढ़ जाए। उसको बुरी तरह से मारने-पीटने लगे। वह अपनी जान बचाने के लिए घर में भागा तो उपरोक्त मुल्जिमान जबरदस्ती उसके घर में घुस गए तथा मारने लगे। मुल्जिमान के मारने से उसको प्राणघातक चोटे आई। घटना को काफी लोगों ने देखा है। पुलिस ने कमलेश दूबे, मुरली मनोहर, अनिरूद्ध के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था।

# अयोध्या हाईवे पर डायवर्जन आज से, स्कूल पांच दिन बंद

## कांवड़ यात्रा

- अयोध्या रवाना होगा कांवड़ियों का दल
- संचालित होंगे स्वास्थ्य शिविर व विश्राम स्थल

**बस्ती, निसं।** कांवड़ यात्रा के चलते 19 से 23 जुलाई तक बस्ती-अयोध्या हाईवे पर वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। जरूरी सेवाओं से जुड़े वाहनों को छूट रहेगी। बस्ती-अयोध्या हाईवे को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई है। कांवड़ रूट पर जगह-जगह विश्राम स्थल भी बनाए गए हैं। वहीं, जिले में पांच दिन इंटर तक के सभी स्कूल भी बंद रहेंगे।

बस्ती-अयोध्या फोरलेन से लेकर शहर में शनिवार की सुबह से ही भदेश्वरनाथ मंदिर तक रूट डायवर्जन लागू होगा, जो 23 जुलाई की रात तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान लखनऊ की तरफ से आने वाले वाहनों को बाराबंकी से जरवल रोड होते हुए, अयोध्या से आने वाले वाहनों को कटरा, गोरखपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद, बस्ती से लखनऊ की तरफ के वाहन बड़ेवन फ्लाईओवर के नीचे से, अंबेडकरनगर-टांडा की ओर से आने वाले वाहनों को कलवारी चौराहा, बस्ती शहर से लखनऊ की ओर के वाहन अस्पताल चौराहा और मुंडेरवा से वाहनों को महादेवा, रामजानकी मार्ग होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। यदि भीड़ का दबाव बना रहा तो डायवर्जन 24 जुलाई तक बढ़ाया जा सकता है। ➤ संबंधित खबर P03

# कांवड़ यात्रा के लिए अभेद सुरक्षा चक्र

## संवेदनशील और अतिसंवेदनशील 56 क्षेत्रों के हाट स्पाट सीसी कैमरे से हुए लैस

जासं, बस्ती: पवित्र कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस बार यात्रा मार्गों पर निगरानी रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में बल तैनात किया गया है। संवेदनशील व अति संवेदनशील 56 क्षेत्रों को हाट स्पाट घोषित कर सीसी कैमरे और ड्रोन के जरिए शनिवार से ही निगरानी आरंभ कर दी गई है। पुलिसकर्मियों को रात में यातायात प्रबंधन के लिए ट्रैफिक टार्च और रिफ्लेक्टिव जैकेट भी दिए गए हैं।

कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था अभेद की गई है। यात्रा में संवेदनशील 56 स्थानों पर अतिरिक्त और तेज तर्रार पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। ये ऐसे स्थान हैं, जहां कांवड़ मार्ग चौराहों को क्रास करता है। इन स्थानों में मुख्य रूप से कांवड़ मार्ग के चौराहे, शहर और कस्बे से निकलने वाला कांवड़ मार्ग है। ऐसे तिराहे भी हैं, जहां से अचानक मार्ग आकर मिल सकता है। पिछली घटनाओं को देखते हुए यह स्थान चिह्नित किए गए हैं। हालांकि सामान्य स्थानों पर भी पुलिस सतर्क है, लेकिन यहां अतिरिक्त सुरक्षा व सावधानी बरती जा रही है।



कांवड़ यात्रा को लेकर बनाए गए पुलिस सब कंट्रोल रूम (मिनी थाना) • जागरण



कुआनो के अमहट घाट पर कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेते एसपी अभिनन्दन, साथ में सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी व सीओ कलवारी प्रदीप त्रिपाठी • जागरण

जलाभिषेक के लिए आते हैं 10 लाख शिवभक्त: कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए करीब 10 लाख श्रद्धालु आते हैं। अयोध्या से सरयू नदी का जल लेकर सावन की शिवरात्रि के पर्व पर बाबा भद्रेश्वरनाथ में जलाभिषेक करते हैं। इसमें बड़ी संख्या में बस्ती, गोंडा, अयोध्या, अंबेडकरनगर, संतकबीर नगर व सिद्धार्थनगर के शिवभक्त शामिल होते हैं। इसके चलते जिले की पुलिस और प्रशासनिक बल उनकी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस बार भी इसकी तैयारी पुलिस और प्रशासनिक बल कई दिन से कर रहा है। इसके अलावा उन रास्तों की पथ प्रकाश व्यवस्था भी ठीक कराई जा रही है, जहां से शिवभक्त गुजरते हैं। अमहट से लेकर मंदिर तक छह किमी लगातार प्रकाश व्यवस्था किया जा रहा है। कांवड़ यात्रा पुलिस व प्रशासन की एक बड़ी चुनौती है। पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं।

बस्ती, गोंडा, अयोध्या, अंबेडकरनगर, संतकबीर नगर व सिद्धार्थनगर के शिवभक्त होंगे शामिल जिले में पुलिस अफसर व कर्मियों की हुई तैनाती

| | |
|---|---|
| अपर पुलिस अधीक्षक | 1 |
| पुलिस क्षेत्राधिकारी | 9 |
| इंस्पेक्टर | 25 |
| थाना प्रभारी | 16 |
| उपनिरीक्षक | 170 |
| महिला उपनिरीक्षक | 15 |
| हेड कांस्टेबल | 161 |
| कांस्टेबल | 610 |
| महिला कांस्टेबल | 130 |
| होमगार्ड | 300 |
| पीएसी | 2 कंपनी |
| फ्लड पीएसी | 1 कंपनी |
| यातायात उपनिरीक्षक | 12 |
| यातायात पुलिस कांस्टेबल | 15 |
| लोकल अभिसूचना के एसआइ | 4 |
| लोकल अभिसूचना के मुख्य आरक्षी | 10 |
| फायर टेंडर | 4 |
| वाईफाई युक्त सीसी कैमरा | 224 |
| सीसी कैमरा | 2000 |
| ड्रोन | 3 |
| दो पहिया वाहन | 20 |
| चार पहिया वाहन | 10 |

अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।

### बाहर से बुलाए गए पांच सौ पुलिस कर्मी

सुरक्षा व्यवस्था के लिए बाहर से भी पुलिस बल बुलाया गया है, जिसमें जोन के कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, गोरखपुर, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती से पांच सौ कर्मियों की तैनाती यहां की गई है। इसके अलावा दो कंपनी पीएसी व एक प्लाटून फ्लड पीएसी को भी स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है।

सावन में कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए सभी जिलों से भी पुलिस बल मिल गया है। इसके अलावा 15 स्थानों पर पुलिस सब कंट्रोल रूम इस बार बनाए गए हैं। इसके साथ ही रास्तों पर भी कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल और उपनिरीक्षकों को अलग से लगाया गया है। पूरे क्षेत्र को 20 सेक्टर 11 जोन में बांटा गया है। उनमें पुलिस क्षेत्राधिकारी और इंस्पेक्टर तैनात किए गए हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

अभिनन्दन, पुलिस अधीक्षक, बस्ती।

MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
GOVERNMENT OF INDIA

# सेठा गांव में चला बुलडोजर बंजर पर बना मकान ध्वस्त



कप्तानगंज के सेठा गांव में बुलडोजर से ध्वस्त किया गया मकान ● जागरण

जागरण संवाददाता, कप्तानगंज, बस्ती: हर्रैया तहसील प्रशासन ने कप्तानगंज के सेठा गांव में सरकारी जमीन पर घर बनाकर किए गए अतिक्रमण को शुक्रवार की दोपहर बुलडोजर की मदद से हटा दिया। उक्त कार्रवाई हाई कोर्ट में दर्ज पीआइएल में राहत न मिलने के चलते तहसील प्रशासन ने की है। एसडीएम उमाकांत तिवारी ने बताया कि सरकारी जमीन पर घर बना था, जिसकी शिकायत गांव के राम प्रकाश ने किया था। विपक्षी हाईकोर्ट में पीआइएल दाखिल कर घर को तोड़ने से रोकने का प्रयास किया था, लेकिन हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली, जिससे अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

कप्तानगंज के सेठा गांव में बंजर जमीन पर गंगा देवी पत्नी राम करन द्वारा कब्जा कर उस पर घर बनवा लिया गया था, जिसकी शिकायत गांव के ही राम प्रकाश ने उच्चाधिकारियों से किया था। जिस पर विपक्षी ने बंजर की जमीन को एसडीएम कोर्ट में बंदोबस्त दाखिल कर कार्रवाई रोकने का प्रयास किया था, लेकिन एसडीएम कोर्ट से खाली करने का आदेश हो गया था। मामला कमिश्नर के यहां पहुंचा था, वहां भी मोहलत नहीं मिली थी। हर्रैया तहसीलदार की ओर से नौ अप्रैल 2024 को बेदखली की कार्रवाई होने के बाद विपक्षी हाई कोर्ट चला गया, जहां पीआइएल दाखिल कर कार्रवाई रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन हाई कोर्ट ने मोहलत नहीं दी। इसी क्रम में हर्रैया तहसील प्रशासन पुलिस बल के साथ शुक्रवार की दोपहर सेठा गांव पहुंचा। दो बुलडोजर लगाकर एसडीएम हर्रैया उमाकांत तिवारी ने बंजर जमीन पर अवैध तरीके से खड़ा किए गए मकान को ध्वस्त करा दिया। एसडीएम ने बताया कि सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को अभियान चला कर हटाया जा रहा है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# मारपीट के मामले में नामजद दो आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गनेशपुर, बस्ती: रास्ते के विवाद को लेकर सोनौरा पाठक गांव में बुधवार की रात में हुई मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सोनौरा पाठक गांव के राकेश पाठक की तहरीर पर 10 लोगों के विरुद्ध घर पर चढ़कर मारपीट करने, बलवा आदि का मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार दोपहर को पुलिस ने दो आरोपितों दीपक व अमित पाठक को गौरा तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। चारों घायलों को उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

# पुलिस को अपहरण की मनगढ़ंत सूचना देना पड़ा महंगा

- प्रधान प्रतिनिधि पिता–पुत्र समेत तीन नामजद
- गौर थानाक्षेत्र के रतनपुर ग्राम पंचायत का मामला

जासं, बभनान: गौर पुलिस को अपहरण की मनगढ़ंत सूचना देना एक प्रधान प्रतिनिधि, उसके पिता व उसके एक मित्र को महंगा पड़ गया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। गुरुवार की रात पौने आठ बजे गौर थाने में उस समय हड़कंप मच गया, जब थानाक्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी ज्ञानदास गांव के ही राजबिहारी को लेकर थाना पहुंचे और पुलिस कर्मियों को बताने लगे कि उसके पुत्र राम मोहित का अपहरण करने के लिए कुछ बदमाश उसका पीछा कर रहे हैं। ज्ञानदास ने यह भी बताया कि उनका बेटा किसी काम से हर्रैया गया हुआ था। शाम सात बजे जब वह अपने पुत्र के मोबाइल पर फोन किए तो पुत्र ने बताया कि गांव के ही सत्यदेव उर्फ बबलू कुछ बदमाशों को लेकर उसका अपहरण करने के लिए पीछा कर रहे हैं। इसी बीच उनका मोबाइल स्विच आफ हो गया।

मौजूदा समय में उसके पुत्र राम मोहित की पत्नी विमला देवी रतनपुर खास गांव की प्रधान है। प्रधानी का सारा काम राम मोहित ही देखता है। सूचना पर पुलिस तत्काल सक्रिय हुई। आसपास के थानों को अलर्ट किया। नंबर सर्विलांस पर रख कर लोकेशन तलाश की जाने लगी। काफी खोजबीन करने के बाद राम मोहित बहनोई के साथ महाराजगंज पुलिस चौकी के पास मिल ही गया। पुलिस ने राहत की सांस ली। पूछताछ में राम मोहित ने बताया कि हर्रैया थानाक्षेत्र के खमरिया गांव निवासी सत्यदेव उर्फ बबलू उसके ग्राम प्रधानी के कार्यों को लेकर आरटीआइ से सूचना मांग कर बयानबाजी कर परेशान करता है। इसी कारण सत्यदेव को मुकदमे में फंसाने के लिए उसने मनगढ़ंत अपहरण की साजिश रची थी। पिता व अपने एक दोस्त के माध्यम से गौर पुलिस को झूठी सूचना दी प्रभारी निरीक्षक परमाशंकर यादव ने बताया कि झूठी सूचना देने पर प्रधान प्रतिनिधि राम मोहित, उसके पिता ज्ञानदास व राजबिहारी पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# आरक्षियों की जेटीसी पूरी, अब दी जाएगी आरटीसी की ट्रेनिंग

जागरण संवाददाता, बस्तीः सात जिलों आजमगढ़, बलिया, बाराबंकी, हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली व सीतापुर के 671 पुरुष व महिला सिपाहियों ने पुलिस लाइन में रह कर एक माह का ज्वाइनिंग ट्रेनिंग कोर्स (जेटीसी) का पहला प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। पुलिस विभाग के नए सिपाहियों की आरटीसी (रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर) का प्रशिक्षण 21 जुलाई से आरंभ होगा। यह नौ माह तक चलेगा। इसके लिए जेटीसी का प्रशिक्षण लिए 671 आरक्षियों में 200 का चयन बस्ती पुलिस लाइन के लिए किया गया है। शेष 471 आरक्षियों को पुलिस ट्रेनिंग कालेज सुल्तानपुर व 26 वाहिनी पीएसी गोरखपुर में नौ माह के प्रशिक्षण के लिए 19 जुलाई को भेज दिया जाएगा। नए सिपाहियों को एक ही स्थान पर आरटीसी का समग्र प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

- 21 जुलाई से आरंभ होगी सिपाहियों की आरटीसी
- ट्रेनिंग से पहले तैयार कर लें दोनों पुलिस टावर : पुलिस अधीक्षक



पुलिस लाइन में आरटीसी ट्रेनिंग के इंतजामों का जायजा लेते एसपी अभिनन्दन • जागरण

शुक्रवार को पुलिस लाइन में नवनिर्मित पुलिस टावर जी पांच व जी आठ भवनों में हो रहे निर्माण कार्य का पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने निरीक्षण कर गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए सभी अधूरे कार्य को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए संबंधित को निर्देश दिया। एसपी ने आने वाली आरटीसी के रिक्रूट आरक्षियों के रहने वाले बैरक व उनके उपयोग के लिए बन रहे शौचालय व बाथरूम, हौज आदि का भी निरीक्षण किया। बैरक व स्टोर में साफ-सफाई, उचित रखरखाव तथा परिसर में निर्माणाधीन जिम को देखा। मानक के मुताबिक प्रशिक्षु आरक्षियों के वर्कआउट के लिए तैयार कराने को कहा।



जेटीसी के बाद अब आरटीसी का प्रशिक्षण 21 जुलाई से आरंभ हो जाएगा। यह नौ महीने तक चलेगा। इसके लिए 200 आरक्षियों को चयनित किया गया है। 20 जुलाई को इनकी आमद पुलिस लाइन में कराई जाएगी। आरटीसी में शारीरिक प्रशिक्षण, कानूनी जानकारी, हथियार संचालन और पुलिसिंग के आधुनिक तरीकों की समग्र शिक्षा दी जाएगी।

स्वर्णिमा सिंह, सीओ पुलिस लाइन, रुधौली

# प्राणघातक हमले के आरोपित को सात वर्ष की कैद

जासं, बस्तीः फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम प्रमोद कुमार गिरि ने घर में घुसकर प्राणघातक हमले के आरोपित सगे भाइयों समेत तीन को सात वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। सोनहा क्षेत्र के कनेथू गांव निवासी हरिप्रकाश ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कहा कि पांच मई 2018 को रंजिश की वजह से गांव के ही कमलेश दूबे, मुरली मनोहर व उनके भाई अनिरुद्ध राड, हाकी, डंडा लेकर जान से मार डालने की धमकी देते हुए मारने-पीटने लगे। वह अपनी जान बचाने के लिए घर में भागा तो आरोपितगण जबरदस्ती घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिए। उनको प्राणघातक चोटें आईं। पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन की तरफ से शासकीय अधिवक्ता जय गोविंद सिंह व कमलेश चौधरी ने न्यायालय में पक्ष रखा। न्यायाधीश ने अभियोजन व बचाव पक्षों की दलील सुनने के बाद साक्ष्य के आधार पर तीनों आरोपितों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े नौ लाख की ठगी, चार पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

हर्रैया(एसएनबी)। एफसीआई गोदाम में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति सिक्योरिटी मनी के रूप में साढ़े नौ लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चार पर धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सोनहा थाना क्षेत्र के औड़ जंगल निवासी राम दशरथ पुत्र रामकुमार ने अदालत में याचिका दायर कर बताया कि गजराज, शिवराम, मुकेश जैसवाल पुत्र छोटे लाल निवासी मधवापुर थाना हर्रैया व राजकिशोर पुत्र रामदीन निवासी भटहा जंगल थाना गौर ने उसके भाई रामबहाल को एफसीआई गोदाम में नौकरी दिलाने का झांसा देकर विश्वास में ले लिया। आरोपियों में एक ने खुद को भारतीय खाद्य निगम एटा का संग्रह लिपिक होने का दावा करते हुए नियुक्ति संबंधित अभिलेख दिखाकर गोदाम के निर्माण के लिए सिक्योरिटी मनी के रूप में रकम जमा करने का चकमा दिया। आरोपियों के जाल में फंसकर पीड़ित ने गजराज के बैंक खाते में साढ़े चार लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद आरोपियों कई बार में पांच लाख रुपए और ले लिया। नौकरी के नाम पर उसे महीनों दौड़ाते रहे। शक होने पर जब राम बहाल ने पर दी गई। रकम वापस करने को कहा तो टरकाने लगे। विगत 25 जनवरी 2019 को एक लाख एक चेक तथा आठ लाख का दूसरा चेक दिया। भुगतान के लिए बैंक में जमा किया। दोनो चेक फर्जी निकले। पीड़ित ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में थाने पर सूचना दी मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय में वाद दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश अब चार आरोपियों पर धोखाधड़ी कर ठगी करने, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने बताया कि प्रकरण में जांच पड़ताल शुरू हो गई है। आरोपियों की तलाश में पुलिस लगी है। जल्द ही गिरफ्तारी होगी।

# दो दिनों तक फुटहिया चौराहे पर शिव जागरण से कांवरिये होंगे सराबोर

**नगर बाजार (बस्ती) (एसएनबी)।** कावड़ मेलेकोलेकर नगर थाना क्षेत्र के फुटहिया में होने वाले 21 और 22 जुलाई को भोजपुरी स्टार के कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया।

आयोजक मां शाति सेवा संस्थान के अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी तेज प्रताप सिंह ने लगातार

**21 जुलाई सोमवार को भोजपुरी गायक पवन सिंह अपने पूरी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे तो वहीं 22 जुलाई को सांसद मनोज तिवारी मृदुल के गीतों पर कांवरियां थिरकेंगे**



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर कमियों को सही करने केलिए अपने वालेन्टियरों को निर्देशित किया। मां शांति सेवा संस्थान की ओर से होने वाले भव्य आयोजन के रूपरेखा को भी बताया। मां शांति सेवा संस्थान के अध्यक्ष तेज प्रताप सिंह कांवडियों का भव्य स्वागत भी करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए मां शान्ति सेवा संस्थान के अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी तेज प्रताप सिंह सुड्डू ने बताया कि उनके तरफ से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। हर वर्षइसकी भव्यता में वृद्धि होती जा रही है। इस बार 21 जुलाई सोमवार को फुटहिया चौराहे केओवरब्रिज के नीचेफिर आयोजन स्थल का चुनाव किया गया है। जहां कांवरियों केलिए नियमित भंडारा तो संचालित होगा ही। साथ ही उनके मनोरंजन की भी व्यवस्था की गयी है। जिसमें21 जुलाईसोमवार कोभोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार व मशहूर भोजपुरी गायक पवन सिंह अपने पूरी टीम के साथ प्रस्तुति देंगेतो वहीं 22 जुलाई को दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी मृदुल के गीतों पर कांवरियां थिरकेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मेसांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल,पूर्व सांसद धनंजय सिंह, मंत्री दिनेश प्रताप सिंह व सांसद रवि किशन मौजूद रहेंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी सुभाष यदुवंश, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी , गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल,विधायक अंकुर राज तिवारी, विधायक अजय सिंह व एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी भी मौजूद रहेंगे। आयोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के संरक्षक महन्थ जयबख्श दास श्री तपसी धाम आश्रम व श्रीराम प्रकाश सिंह बनाये गये हैं जबकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संचालित हो इसके लिए समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती सिम्पी सिंह को भी जिम्मेदारी दी गयी है। तेज प्रताप ने बताया कि लगभग डेढ़ लाख कांवड़ियों के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की जाएगी।

## पति से विवाद में पत्नी ने लगायी आग, मौत

**बस्ती (एसएनबी)।** पति के साथ मामूली विवाद के बाद एक महिला ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर लिया। पत्नी को बचाने में पति भी झुलस गया। मामले में पुलिस ने मृतका के परिजनों की शिकायत पर दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। हलुआपार ग्राम की रहनेवाली एक महिला का सुबह अपने पति के साथ किसी बात कोलेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि महिला ने घर मेंखुद को आग लगा लिया। आग की लपटे बढी तोपरिवारीजनोउसे बचानेकेलिए दौड़े,लेकिन तब तक काफी जल चुकी थी। जबतक उसे अस्पताल ले जाया जाता उसकी मौत हो गयी। मृतका के मायके वालों ने इस मामलेमें लालगंज पुलिस को तहरीर दिया है और दहेज केलिए अपनी बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर कुदरहा में पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**कुदरहा (एसएनबी)।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने कुदरहा चौराहे का दौरा किया। उनके साथ क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी और क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने कुदरहा चौराहे पर स्थित डायवर्जन स्थल का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कांवड़ यात्रा मार्ग पर कड़ी निगरानी रखने और क्षेत्र में अतिरिक्त कैमरे लगाने का निर्देश दिया, ताकि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रह सके। निरीक्षण के बाद, पुलिस अधीक्षक और उनकी टीम कुदरहा से लालगंज की ओर रवाना हो गई। इस दौरान, थानाध्यक्ष नगर चंदन कुमार भी उपस्थित थे।

## समाधान दिवस आज, सदर तहसील पर डीएम करेंगे सुनवाई

**बस्ती (एसएनबी)।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में 19 जुलाई शनिवार को 10 बजे से बस्ती सदर तहसील में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने दी है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में सभी जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

# तीन माह बाद फिर हुआ परासडीह ग्राम प्रधान का पावर सीज

**गौर(एसएनबी)।** तीन माह बाद फिर ग्राम प्रधान परासडीह का वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार जिलाधिकारी द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके पूर्व अप्रैल माह में ग्राम प्रधान का अधिकार सीज किया गया था और मई माह में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जिलाधिकारी के आदेश पर रोक लगाई गई थी। ग्राम प्रधान को पुनः वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार दिया गया था। जानकारी के अनुसार स्थानीय क्षेत्र पंचायत अंतर्गत परासडीह ग्राम पंचायत निवासी हृदय नारायण मिश्रा ने ग्राम प्रधान कुमारी पर अधिकार का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए गड्ढे की भूमि पर पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालय बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय में वाद दाखिल किया गया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर जिलाधिकारी द्वारा मामले की जांच राजस्व टीम द्वारा कराया गया जांच में गड्ढे की भूमि पर 92.3 वर्ग मीटर में 195683 रुपए की लागत से इंटरलकिंग सड़क निर्माण पाया गया जिसे जांच टीम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। राजस्व टीम के जांच रिपोर्ट ग्राम प्रधान का अप्रैल 2025 में वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित कर दिया गया था।ग्राम प्रधान को बिना नोटिस दिए पावर सीज किए जाने पर ग्राम प्रधान को उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश मिल गया और ग्राम प्रधान कुमारी को वित्तीय एवं प्रशासन का अधिकार मिल गया। इधर जिलाधिकारी ने पुनः ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। माकूल जवाब न मिलने पर 16 जुलाई 2025 को ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार को प्रतिबंधित करते हुए ग्राम पंचायत सदस्यों की तीन सदस्य टीम बनाने का आदेश दिया गया है।

# रोडवेज बस की ठोकर से युवती घायल

**हरैया(एसएनबी)।** हरैया चेक पोस्ट के पास परिवहन निगम की बस के ठोकर से एक युवती घायल हो गई। पुलिस ने उसे सीएचसी हरैया पहुंचा। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के रतनपुर बाबू निवासी 19 वर्षीया अंजू पुत्री रामजनक बस के इंतजार में हरैया चेक पोस्ट पर खड़ी थी। शुक्रवार को अपराह्न लगभग 3रू00 बजे रोडवेज बस संख्या यूपी 78 केएन 0173 ने ठोकर मार दिया जिससे वह घायल गंभीर रूप से हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया पहुंचाया जहां से उसे जिला अस्पताल बस्ती भेज दिया गया। घायल युवती के चाचा संवारे पुत्र दुखरन की तहरीर पर अपराध संख्या 205ध्2025 धारा 281, 125ए, 125 बी बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

# यात्रा को लेकर विभागों को पत्र लिख रहे एसपी

## थानेदारों से ली जा रही सड़क, सफाई, बिजली व पेयजल के बारे में फोटो सहित रिपोर्ट

ब्रजेश पांडेय • जागरण

बस्ती: शायद पहली बार ऐसा हो रहा है कि कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस विभाग भी प्रशासनिक कार्य कर रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने कांवड़ यात्रा क्षेत्र के सभी थानेदारों को लगा दिया है कि जहां कमियों दिखे, उसकी रिपोर्ट फोटो के साथ दें, जिससे प्रशासन और संबंधित विभागों को अवगत कराया जा सके। इसे लेकर प्रशासनिक अधिकारियों में खूब चर्चा है।

थानेदारों को सड़क, पेयजल, बिजली और सफाई आदि की व्यवस्था का अवलोकन करने के लिए लगा दिया गया है। थानेदार रिपोर्ट दे रहें हैं, जिसपर पुलिस अधीक्षक पत्र साक्ष्य सहित आगे बढ़ा रहे हैं। जहां कमियां सामने आ रही हैं, उसे सूचीबद्ध करके प्रशासन के संज्ञान में लाया जा रहा है। यहां तक की पुलिस अधीक्षक सीधे सीएमओ और नगर पालिका परिषद को भी पत्र लिख रहे हैं, जिसकी कापी जिलाधिकारी और पुलिस के उच्चाधिकारी तक भेजी जा रही है। मंशा यह बताई जा रही है कि कांवड़ यात्रा को लेकर कहीं कोई चूक नहीं होने पाए। जिलाधिकारी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक के पत्र की भरमार हो गई है। एक-एक विभागों को वहां से कमियां दूर करने लिए निर्देश दिए जा रहे हैं। हालांकि प्रशासन की तरफ से भी अलग से टीम काम कर रही है और हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। चेयरमैन नगर पालिका को लिखे एक पत्र में पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि शहर में आइटीआइ कालेज प्रांगण, अमहट पार्किंग, केडीसी कालेज ग्राउंड, एपीएन डिग्री कालेज ग्राउंड, आशा होटल के बगल में व सामने खाली स्थान, सोनूपार चौकी के पास बाग, सोनूपार रोड भैसहिया प्राथमिक विद्यालय, डारीडीहा चौराहे से 50 मीटर आगे पूरब, सैनिक तिराहे से अंदर राजाचक बंधा के पास, चांदमारी पुलिस के पास अंदर जाने वाले कांवड़ियों के दो पहिया वाहनों को पार्क कराया जाएगा। कांवड़ियों के लिए सफाई, पानी, बिजली आपूर्ति, अस्थाई शौचालय की व्यवस्था किया जाना नितांत आवश्यक है। 20 से लेकर 24 जुलाई तक यह व्यवस्था करने का कष्ट करें।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं नगर पालिका परिषद को लिखे अपने दूसरे पत्र में कप्तान ने कहा है कि कांवड़िया नगर के विभिन्न मार्गों पर विशेषकर अमहट पुल से भद्रेश्वर नाथ मंदिर के रास्ते पर विश्राम करते हैं। वर्षा का मौसम होने के कारण जलभराव व गंदगी की स्थिति हो जाती है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। उसके काटने से कांवड़ियों के बीमार होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में नगर क्षेत्र में फागिंग व डीडीटी का छिड़काव किया जाना आवश्यक है। एसपी के पत्र का यह दो नमूना भर है, इसी तरह उन्होंने 30 से अधिक पत्र लिख डाले हैं। डीएम को संबोधित व अनुरोध करते हुए भी पत्र लिख गए हैं, जिसमें सड़क की बदहाली, सफाई, पेयजल आदि का उल्लेख है। पुलिस विभाग में वैसे भी कार्य का भार अधिक होता है, ऐसे में पत्र तैयार करने वाले पुलिस कर्मी भी परेशान हैं।



ट्रैक्टर-ट्राली से अयोध्या जल भरने जाते कांवड़िए • जागरण

### चर्चा में पुलिस अधीक्षक का लिखा पत्र

प्रशासन व पुलिस महकमा में एसपी का लिखा पत्र चर्चा में है, घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश न लगा पाने में विफल पुलिस अब प्रशासनिक व दूसरे विभाग में कैसे हस्तक्षेप कर सकती है, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। चर्चा यह भी है कि पिछले दिनों मालवीय रोड पर एक बेशकीमती भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर जो विवाद उत्पन्न हुए थे, उसमें एक कोतवाल और दारोगा निलंबित किए गए, लेकिन संबंधित लेखपाल पर सख्त कार्रवाई नहीं करते हुए सिर्फ उसका क्षेत्र बदला गया। इसी तरह पैकोलिया थाना क्षेत्र में भी एक किशोरी को चाकू से मारकर हत्या कर दी गई। इसमें भी संबंधित लेखपाल पर कार्रवाई नहीं हुई, जबकि एसपी ने थानेदार को निलंबित कर दिया। दोनों घटना में प्रशासन व पुलिस में बेहतर तालमेल नहीं दिखा, हालांकि आयुक्त व डीआइजी स्तर से ऐसे विवादों में दोनों टीमों को साथ रखने के निर्देश दिए गए हैं।



एसपी कार्यालय द्वारा जारी पत्र • सौ.विभाग

**5** दिनों में प्रशासन व विभिन्न विभागों के टेबल पर एसपी के पत्र की भरमार

कांवड़ यात्रा में प्रशासन और पुलिस का संयुक्त प्रयास रहता है। इसके लिए तैयारी को लेकर पिछले दिनों हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक से कहा गया था कि वह यात्रा से जुड़ी समस्याएं सामने ला सकते हैं, जिससे उसका त्वरित निदान हो सके। प्रशासन और पुलिस के सभी अधिकारी कांवड़ यात्रा की सफलता के लिए सहयोग में लगे हैं।
रविश गुप्ता, जिलाधिकारी

# शिव आराधना का पंच दिवसीय कांवड़ महोत्सव शुरू



स्केट के सहारे अयोध्या जल भरने के लिए निकले कांवड़िए। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पंच दिवसीय कांवड़ यात्रा में बस्ती समेत पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों के आठ से दस लाख शिवभक्तों के इस आयोजन में भागीदार बनने वाले हैं। अयोध्या से भद्रेश्वरनाथ तक 74 किलोमीटर की इस यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए शासन-प्रशासन ने हर संभव कदम उठाया है।

कांवड़ियों के आवागमन, विश्राम, भोजन-नाश्ते से लेकर इलाज तक का पुख्ता प्रबंध हैं। इसमें सरकारी तंत्र के अलावा स्वयं सेवी संस्थाओं और समाजसेवियों की भागीदारी भी अहम है। प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती उद्दंड कांवड़ियों पर काबू करना है, जिनकी वजह से भगदड़ या विवाद की स्थिति पैदा होती है। यद्यपि शांति-सुरक्षा के लिए 11 जनपदों की फोर्स को 10 जोन और 19 सेक्टर में बांट कर तैनात किया जा रहा है।

फोरलेन पर जगह-जगह वॉच टॉवर से निगरानी की जा रही है। कांवड़ यात्रा में सुरक्षा की के लिए बस्ती जनपद के अलावा गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती जनपद से फोर्स पहुंच चुकी है। कमिश्नर अखिलेश सिंह, डीआईजी संजीव त्यागी, डीएम रवीश गुप्ता व एसपी अभिनंदन लगातार तैयारियों पर नजर बनाए हैं।

## स्केट के सहारे जल भरने निकले चार कांवड़िये

**वाल्टरगंज।** शिव भक्तों का जल भरने के लिए अयोध्या धाम जाने का सिलसिला शुक्रवार को शुरू हो गया। चार कांवड़िये स्केट के सहारे निकले। शाम को लगभग चार बजे बस्ती डुमरियागंज मार्ग पर भिटिया चौराहे पर पहुंचे कांवड़ियों ने बताया कि वे जल भरकर स्केट के सहारे ही लौटेंगे। जल भरने अयोध्या निकले कन्हैया एवं पंकज भानपुर के रहने वाले हैं। मोहित कुमार नरकटहा बांसी के जबकि ललित कुमार रुधौली के रहने वाले हैं। स्केट के सहारे निकले कांवड़ियों का जुनून देख हर किसी की निगाह इन्हीं चारों टिकी थी। भिटिया चौराहे पर थोड़ी देर रुकने के बाद कांवड़िये बोल बम का उद्घोष करत हुए वहां से आगे बढ़ गए। संवाद

# एसडीएम-एसीएमओ पीड़ित पक्ष के घर जाकर फिर लेंगे बयान

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर के रोडवेज स्थित हाई प्रोफाइल जेके हॉस्पिटल प्रकरण की जांच मजिस्ट्रियल होने के नाते अधिकारी फूंक-फूंक कर कदम बढ़ा रहे हैं। घटना के 22 दिन बाद भी जांच किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।

अब पीड़ित पक्ष का नए सिरे से बयान कराने के लिए मशक्कत की जा रही है। शुक्रवार को पीड़ित पक्ष को डीएम कार्यालय बुलाया गया, लेकिन पीड़ित नहीं आ सके। इससे बयान नहीं हो पाया। अब अधिकारी उनके घर जाकर अंतिम बयान दर्ज करेंगे।

सीएमओ की सिफारिश पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में जांच के लिए डीएम की ओर से अतिरिक्त उपजिलाधिकारी हृदय नाथ तिवारी को नामित किया गया है। मजिस्ट्रेट ने जांच शुरू की। अस्पताल में भी गए। लेकिन, अभी तक रिपोर्ट फाइनल न होने के कारण अस्पताल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इसके पहले सीएमओ ने अपने स्तर से जांच कराई थी। लेकिन, रिपोर्ट स्पष्ट न होने से उन्होंने जांच के लिए प्रशासन का सहारा लिया।

जेके हॉस्पिटल केस में पीड़ित पक्ष को शुक्रवार को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया था। एसडीएम सदर की निगरानी में मृत बच्चे के पिता का बयान होना है। पीड़ित पक्ष के न आने से बयान नहीं हो सका। अब टीम पीड़ित पक्ष के घर जाकर बयान लेगी। - **डॉ. राजीव निगम**, सीएमओ, बस्ती।

# शिकायतकर्ता को फंसाने के लिए अपहरण का नाटक, केस

## गौर ब्लॉक के रतनपुर खास गांव के प्रधान प्रतिनिधि को पुलिस ने बहनोई संग पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौर।** रतनपुर खास गांव की महिला प्रधान विमला देवी के पति व प्रधान प्रतिनिधि राम राम मोहित खुद के जाल में ऐसा उलझा कि जेल जाने की नौबत आ गई। विकास कार्यों की शिकायत करने वाले को फंसाने के लिए उसने अपने ही अपहरण का नाटक किया।

पूरी रात गौर पुलिस व परिवार के लोग चक्कर काटते रहे। आखिरकार, महराजगंज पुलिस चौकी के पास राम मोहित अपने बहनोई के साथ मिला। तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी है।

**आरटीआई लगाकर विकास की सूचना लेने वाले को फंसाने के लिए किया था साजिश**

बृहस्पतिवार रात रतनपुर खास गांव की प्रधान विमला देवी के ससुर ज्ञानदास ने गौर पुलिस को सूचना देकर चौंका दिया कि प्रधान का कामकाज देखने वाला उनका बेटा राम मोहित का गांव के सत्यदेव उर्फ बबलू ने अपहरण कर लिया है। पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार को दोपहर में राम मोहित किसी कार्य से हर्रैया ब्लॉक कार्यालय गए थे। शाम को फोन पर बताया कि गांव के सत्यदेव उर्फ बबलू कुछ लोगों के साथ लेकर अपहरण करने के लिए पीछा कर रहा है और मैं भाग रहा हूं। थोड़ी देर बाद मोबाइल फोन बंद हो गया।

अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जिले से लेकर हाईवे के थाने की पुलिस अलर्ट मोड में आ गई और चारों तरफ नाकाबंदी शुरू हुआ। गौर थाने के प्रभारी निरीक्षक परमाशंकर यादव पुलिस फोर्स के साथ फौरन रतनपुर खास गांव पहुंचकर परिजनों से जानकारी जुटानी शुरू की तो कुछ सुराग नहीं लगा।

जानकारी के लिए राम मोहित के बहनोई कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बाघौड़ा निवासी रामकेश के घर पहुंच कर पुलिस ने पूछताछ की तो भी कुछ पता नहीं चला सका।

इसके बाद मुखबिर से सूचना मिली कि राम मोहित अपने बहनोई रामकेश के साथ बाइक से कप्तानगंज बाजार में शाम को घूम रहा था। पुलिस ने रामकेश के मोबाइल पर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि हम दोनों लोग हाईवे पर स्थित महाराजगंज पुलिस चौकी के पास चाय पी रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को पकड़ लिया।

पुलिस की पूछताछ में प्रधान प्रतिनिधि राम मोहित ने बताया कि गांव के सत्यदेव उर्फ बबलू लगातार आरटीआई के तहत गांव में कराए गए विकास कार्यों की जांच के नाम पर परेशान करते हैं। उसको फंसाने के लिए अपहरण का नाटक रचा था।

प्रभारी निरीक्षक परमाशंकर यादव ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि ने दूसरे को फंसाने के लिए अपहरण का नाटक रचा था। इस मामले में राम मोहित एवं उनके पिता ज्ञानदास व गांव के राज बिहारी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# आज से अयोध्या कूच करेगा कांवड़ियों का जत्था

## गोरखपुर-अयोध्या रूट पर पांच दिनों के लिए डायवर्जन लागू, शहर में भी कई रूट पर वाहनों का नहीं होने पाएगा आवागमन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जल भरने के लिए कांवड़ियों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना होने लगे। शनिवार सुबह आठ बजे से फोरलेन से भद्रेश्वरनाथ रूट के सभी मार्ग डायवर्ट कर दिए गए हैं। वैसे, कांवड़ियों की भीड़ 21 जुलाई से बढ़ने की संभावना है।

प्रशासन पहले से ही रास्ता क्लियर कर दे रहा है। शनिवार सुबह आठ बजे से गोरखपुर-अयोध्या रूट पर डायवर्जन शुरू होगा। इसके साथ ही शहर के भीतर भी कई रूट पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

एसपी अभिनंदन ने बताया कि डायवर्जन का सख्ती से पालन कराया जाएगा। सावन के तेरस पर बड़ी संख्या में शिव भक्त अयोध्या के सरयू तट से जल भरते हैं। पैदल चलकर जिले के भद्रेश्वरनाथ धाम में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं।

इस बार तेरस 23 जुलाई को है। दो-तीन दिन पहले ही यानी 19-20 जुलाई को ही कांवड़िये जल भरने अयोध्या के लिए निकलेंगे। विविध वाहनों से और पैदल नाचते-गाते जाने वाले भक्तों की सुरक्षा प्रशासन और पुलिस के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं है।

इस बार जलाभिषेक के लिए अनुमानित आठ-दस लाख कांवड़ यात्रियों के हिसाब से प्रशासनिक मशीनरी प्रबंध करने का दावा कर रही है। प्रशासन के अलावा पुलिस, नगर पालिका, विद्युत, चिकित्सा, पीडब्ल्यूडी, अग्निशमन आदि विभाग के अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

**मंदिर से 6 किमी के दायरे में 10 बैरियर प्वाइंट :** भद्रेश्वरनाथ मंदिर के छह किमी दायरे में 10 बैरियर प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं। पुराना डाकखाना चौराहा, आडोटेरियम तिराहा, चेतक तिराहा, जेल गेट तिराहा, सोनूपार तिराहा, डारीडीहा तिराहा, डारीडीहा से गड़गोडिया कांशीराम आवास वाले रोड पर, मोहटा कुआनो पुल के पास, राजा चक मोड डारीडीहा से पहले, भदेश्वर नाथ मंदिर के बगल में देवराव मार्ग पर बैरियर लगाए जाएंगे। मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को हाईटेक किया गया है। कैमरों की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी।



भद्रेश्वरनाथ मंदिर कमेटी के साथ रूट कार जायजा लेते एसपी अभिनंदन। स्रोत पुलिस

### ये हैं परिवर्तित मार्ग

1. लखनऊ से गोरखपुर की तरफ आने वाले वाहन बाराबंकी से ही रोककर जरवल रोड, कर्नेलगंज, गोंडा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए गंतव्य को डायवर्ट कर दिया जाएगा।

2. अयोध्या से बस्ती, गोरखपुर के तरफ आने वाले वाहन अयोध्या से लोलपुर होते हुए कटरा, लकड़मंडी, नवाबगंज, गोंडा, डुमरियागंज से गंतव्य को डायवर्ट कर दिया जाएगा।

3. गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर मेंहदावल रोड होते हुए बांसी, डुमरियागंज, उतरौला, होकर निकाला जाएगा।

4. बस्ती से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को बड़ेवन ओवरब्रिज के ऊपर न जाकर डायवर्ट कर ओवरब्रिज के नीचे से मनौरी-भानपुर-डुमरियागंज के रास्ते आगे को भेजा जाएगा। फुटहिया ओवरब्रिज से कलवारी होते हुए टांडा आंबेडकरनगर की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

5. आंबेडकरनगर नगर से बस्ती की तरफ आने वाले वाहनों को कलवारी चौराहे से गायघाट, कुदरहा, लालगंज होते हुए जनपद संतकबीर नगर हेतु डायवर्ट किया जायेगा।

6. बस्ती से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को अस्पताल चौराहा से सोनूपार से महादेवा से कुदरहा से रामजानकी मार्ग से कलवारी से टांडा से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते आगे को भेजा जायेगा। मुंडेरवा से महादेवा से कुदरहा से रामजानकी मार्ग से कलवारी से टांडा से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते भेजा जाएगा।

### कांवड़ यात्रा के चलते 23 तक बंद रहेंगे स्कूल

बस्ती। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए जिलाधिकारी के आदेश पर बेसिक, माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं अन्य बोर्डों के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालय 19 से 22 जुलाई तक बंद रहेंगे। बीएसए ने बताया कि श्रावण शिवरात्रि के उपलक्ष्य में पूर्व से स्थानीय अवकाश होने के कारण 23 जुलाई को भी विद्यालय बंद रहेंगे। संवाद

### पुलिस अधिकारी हुए सक्रिय

एएसपी ओपी सिंह ने सभी सीओ के साथ मीटिंग कर बस्ती से लेकर अयोध्या बार्डर चपौआ तक का निरीक्षण किया। पेट्रोलिंग के साथ कांवड़ियों की सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। कांवड़ मार्ग वाले थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि यात्रा में शामिल कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मातहतों के साथ चपौआ, विक्रमजोत, छावनी तिराहा, हर्रैया, कप्तानगंज, गौटवा, अमहट घाट, बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया।

### शहर में इस तरह होगा डायवर्जन

- *हाईवे के दक्षिणी तरफ से शहर में आने वाले वाहनों को फुटहिया से डायवर्ट कर नेशनल हाईवे से एक किमी आगे बड़ेवन चौराहे से कटरा होते हुए शहर के अन्दर जाने दिया जाएगा।*
- *पुराना डाकखाना चौराहे पर बैरियर लगाकर बस्ती क्लब की तरफ या कांवड़ियों के रास्तों पर किसी भी प्रकार के वाहनों को नहीं जाने दिया जाएगा।*
- *अटल प्रेक्षागृह तिराहे पर बैरियर लगाकर कांवड़ियों के समूह वाहनों को पुराना डाकखाना की तरफ आने की मनाही होगी।*
- *शास्त्री चौक कलेक्ट्रेट चौराहे पर बैरियर लगाकर रामचंद्र शुक्ल तिराहे की ओर किसी भी वाहन का प्रवेश वर्जित होगा। जिनको शहर से बाहर जाना है, उन्हें मूड़घाट-बड़ेवन के रास्ते की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।*
- *सिविल लाइंस चौराहे पर बैरियर लगाकर चेतक तिराहे के रास्ते पर वाहनों का आवागमन वर्जित होगा।*
- *लालगंज, महुली या संतकबीर नगर तक की यात्रा करनी है उन्हें सिविल लाइंस से डायवर्ट कर अस्पताल चौराहा से कैली सोनूपार होते हुए भेजा जाएगा।*
- *सोनूपार चौकी की ओर से शहर की तरफ आने वाले वाहनों को यहीं से कैली मार्ग पर डायवर्ट कर दिया जाएगा। यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी सीओ सदर को सौंपी गई है।*
- *कांवड़ियों की भीड़ के मद्देनजर दो मार्गों को आकस्मिक स्थिति के लिए सुरक्षित किया गया है। रोडवेज के पीछे गड़गोड़िया होते कांशीराम आवास के रास्ते डारीडीहा जाने वाला मार्ग व डारीडीहा से टांगपार होते भद्रेश्वरनाथ मंदिर जाने वाले मार्ग पर सभी वाहनों का आवागमन वर्जित है।*

# रूट डायवर्जन से रेलवे पर बढ़ेगा भार

## कांवड़ यात्रा के दौरान अयोध्या के बजाय टांडा होकर लखनऊ जाएंगी बसें

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले में 19 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा के मद्देनजर हाईवे पर डायवर्जन से तमाम बसों के पहिए थम जाएंगे। रेलवे पर भार बढ़ जाएगा। सवारियां बसों के बजाय ट्रेन से आवागमन करेंगी। आईजी से हुए अनुरोध के बाद कुछ बसों को गोरखपुर रूट पर संचालन के लिए व्यवस्था दी गई है। हालांकि अभी इसमें भी संशय है।

वहीं, लखनऊ रूट की बसें डायवर्जन के कारण सोनूपार, महादेवा, कुदरहा, कलवारी टांडा होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से लखनऊ जाएंगी। इससे किराया और समय दोनों बढ़ जाएगा। यात्रियों के जेब पर इसका असर पड़ेगा। इसके नाते तमाम यात्री बस से सफर का

### आईजी ने गोरखपुर रूट पर बस सेवा संचालन बहाल रखने पर दी है सहमति

मोह त्याग रेलवे की ओर रुख करेंगे। लखनऊ समेत अन्य रूट की ट्रेनों में भीड़ बढ़ेगी। रेलवे ने भी यात्रियों के भीड़ के मद्देनजर व्यवस्था बनाई है। आरपीएफ और जीआरपी कर्मी भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

एआरएम बस्ती रोडवेज डिपो आयुष भटनागर ने बताया कि 19 जुलाई से लखनऊ रूट की बसें टांडा होकर जाएंगी, जबकि गोरखपुर रूट की बसें हाईवे होकर ही जाएंगी। इसके लिए आईजी बस्ती से अनुरोध किया गया है कि बस्ती डिपो की बसों के आवागमन को डायवर्जन से मुक्त रखें। उन्होंने इस पर सहमति व्यक्त की है। इससे यात्रियों को आसानी होगी। बताया कि डायवर्जन से असर पड़ेगा। लेकिन, सवारी के हिसाब से बसें लखनऊ समेत अन्य मार्गों पर अनवरत भेजी जाएंगी, ताकि कोई असुविधा न हो।

### *पांच दिनों तक होती है समस्या*

*बस्ती-अयोध्या हाईवे पर पांच दिनों तक डायवर्जन के कारण रोडवेज बसों के संचालन में काफी कठिनाई होती है। विकल्प के मार्ग पर बसें संचालित होती हैं। इससे आय भी जबरदस्त असर पड़ता है। चालक और परिचालक भी परेशान होते हैं। बसें बीच में फंस भी जाती हैं।*

# सिंचाई करने गए किसान की करंट लगने से मौत

**गौर।** थाना क्षेत्र के मझौवा दूधनाथ गांव में शुक्रवार को भोर में खेत की सिंचाई करते समय बिजली के बोर्ड में तार लगाते समय करंट की चपेट में आने से किसान राम सुमेर मौर्य (50) मौत हो गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



राम सुमेर मौर्य
फाइल फोटो

मझौआ दूधनाथ गांव के किसान राम सुमेर मौर्य बृहस्पतिवार की रात धान की फसल की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर बोर्ड में तार लगाते समय करंट की चपेट में आ गए।

उनका छोटा लड़का सचिन (20) खेत की तरफ गया तो उन्हें तार के पास मृत अवस्था में पाया। हादसे की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। संवाद

# दो बाइक की टक्कर में युवक की मौत,

**कलवारी।** राम जानकी मार्ग पर थानाक्षेत्र के बनहरा के पास शुक्रवार रात करीब आठ बजे दो बाइक में टक्कर हो गई। उस पर सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी कुदरहा ले जाया गया। वहां 30 वर्षीय मोहम्मद रिजवान को मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक लालगंज थानाक्षेत्र के कुदरहा निवासी 20 वर्षीय मनीष, 18 वर्षीष ऋषभ और 24 वर्षीय गणेश बाइक से कुदरहा की ओर से आ रहे थे। बनहरा के पास दूसरी तरफ से आई बाइक से टक्कर हो गई। जिस पर सवार मोहम्मद रिजवान और सिराजुद्दीन निवासी रामपुर लालगंज समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सभी को निकट के सीएचसी पर ले जाया गया जहां संतकबीरनगर जिले के धनघटा थानाक्षेत्र के मिल्कीजोत निवासी मो. रिजवान को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर सभी के परिवार के लोग पहुंच गए।

सिराजुद्दीन के परिवार के लोग उसे रेफर करवाकर अपने साथ ले गए,जबकि मनीष, ऋषभ और गणेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। संवाद

# केस दर्ज होने से शिक्षक संघ नाराज, डीएम को सौंपा ज्ञापन



एफआईआर रद्द करने के लिए डीएम को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता। विज्ञप्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** बनकटी ब्लॉक के संविलियन विद्यालय बोदवल के छात्र की मौत के मामले में शिक्षकों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किए जाने से प्राथमिक शिक्षक संघ नाराज है।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल और बनकटी ब्लाक अध्यक्ष अभय सिंह यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। एफआईआर रद्द करने और मृत छात्र के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की गई है।

डीएम को ज्ञापन देने के बाद उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि 14 जुलाई को बोदवल विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र अमित कुमार प्रजापति की मौत हो गई थी। इस मामले में शिक्षक और विद्यालय परिवार के लोग पूरी तरह से निर्दोष हैं।

## मुंडेरवा क्षेत्र के बोदवल संविलियन विद्यालय के छात्र की हुई थी मौत

मांग किया कि अमित कुमार के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिलाया जाए। बताया कि अमित कुमार प्रजापति की मां माया देवी स्वयं बोदवल विद्यालय में रसोइया हैं। उस समय मौजूद भी थीं। डीएम और एसपी ने शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल को निष्पक्ष जांच और सहयोग का आश्वासन दिया है। जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल, मारूफ खान, मंजेश राजभर, नवीन चौधरी, रवि प्रताप सिंह, चंद्रशेखर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा : अयोध्या रूट पर आज से पांच दिन के लिए डायवर्जन

गोरखपुर। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शनिवार सुबह से पांच दिन के लिए अयोध्या रूट के वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। इस दौरान लखनऊ जाने और उधर से आने वाले वाहनों को बदले रूट से भेजा जाएगा। लखनऊ से गोरखपुर की तरफ आने वाले वाहन बाराबंकी जरवल रोड, कर्नेलगंज, गोंडा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए गंतव्य की और जाएंगे। वहीं गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर मेंहदावल रोड होते हुए बांसी, डुमरियागंज, उतरौला, होकर निकाला जाएगा। ब्यूरो

# भद्रेश्वरनाथ में पुलिस का पैदल मार्च

**बस्ती।** एसपी अभिनंदन ने एएसपी ओम प्रकाश सिंह, सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण तिवारी, सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह एवं संबंधित अधिकारियों के साथ भद्रेश्वरनाथ मंदिर परिसर, आसपास गावों में भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश कुमार चौधरी मय पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

# जानलेवा हमले में तीन को सात साल की सजा

**अदालत से**

**बस्ती।** फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने घर में घुसकर प्राण घातक हमला के मामले में दो सगे भाइयों सहित तीन दोषियों को सात वर्ष सश्रम कारावास व प्रत्येक को 29 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सोनहा थाना क्षेत्र कनेथू गांव निवासी हरिप्रकाश ने सोनहा थाने में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 5 मई 2018 करीब 8 बजे रात में पुरानी रंजिश की वजह से कमलेश दूबे, मुरली मनोहर, अनिरुद्ध उसके घर पर रॉड, हॉकी, डंडा लेकर मां-बहन की गालिया तथा जान से मार डालने की धमकी देते हुए मारने-पीटने लगे।

वह अपनी जान बचाने के लिए घर में भागा तो घर में घुस गये तथा मारने लगे। पुलिस ने कमलेश दूबे, मुरली मनोहर, अनिरुद्ध के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। न्यायाधीश ने साक्ष्य के आधार पर तीनों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। संवाद

# लोढ़ेश्वर नाथ मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे

**सोनहा।** थाना क्षेत्र के लोढ़ेश्वर नाथ मंदिर पर श्रावण मेले को देखते हुए सोनहा पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा लगवाया है। शुक्रवार को टीम के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मोतीचंद ने मेला क्षेत्र का गश्त कर जायजा लिया। मंदिर के गर्भगृह, मंदिर के बाहर सहित मेला क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थानों कुल छह कैमरे लगाए गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया मेला क्षेत्र में स्थिति को देखते हुए निगरानी के लिए विभाग द्वारा निर्गत कराए गए छह कैमरे लगवाए गए हैं। सभी कैमरे वाईफाई से कनेक्ट रहेंगे। जिससे श्रद्धालुओं व अन्य को चिन्हित किया जा सके। इस मौके पर एसआई देवमुनि सिंह, कांस्टेबल छविराम, बसंत गौड़ मौजूद रहे। संवाद

# सोनौरा गांव में हत्या की कोशिश में नामजद दो आरोपी गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**वाल्टरगंज।** थाना क्षेत्र के सोनौरा पाठक गांव में हुई बुधवार रात हुई मारपीट में नामजद 10 में से दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में दीपक पाठक और अमित पाठक शामिल हैं। वारदात में एक महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। एक महिला समेत दस लोगों के विरुद्ध मारपीट, हत्या का प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं पुलिस ने केस दर्ज किया है।

पीड़ित राकेश पाठक ने तहरीर दी थी कि 16 जुलाई को घर में महिलाएं ही थीं। सुबह लगभग साढ़े आठ बजे 8-10 लोग लाठी डंडा लेकर आए तथा जानमाल की धमकी देने लगे। महिलाओं ने मना किया तो मारने के लिए दौड़ा लिया। वे सबने दरवाजा बंद कर लिया तो रात में लगभग साढ़े आठ बजे पुनः आ गए।

गालियां देते हुए अंकुर पाठक, राधिका पाठक तथा रिश्तेदार बद्रीनाथ मिश्रा निवासी टड़वरिया थाना मेहदावल संतकबीरनगर तथा रत्नेश त्रिपाठी निवासी मंझेरिया थाना कोतवाली बस्ती को मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि करन पाठक, दीपक पाठक, विजय कुमार पाठक, अजय कुमार पाठक, सुनीता पाठक, अमित पाठक, अनिरुद्ध पाठक, मुनीजर पाठक, उमापति पाठक के खिलाफ मारपीट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि बाकी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## महिला को धमकी देने के आरोप में रिश्तेदार पर केस

**बस्ती।** महिला थाना पुलिस ने महिला की अश्लील तस्वीर सार्वजनिक कर देने, जान से मार डालने व चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज किया है।

मुंडेरवा थानाक्षेत्र के बोदवल निवासी सदानंद पर आरोप है कि उसने रिश्तेदारी की महिला के साथ ऐसा किया। पुलिस केस दर्ज कर तफ्तीश कर रही है। संवाद

अमर उजाला
क्लासीफाइड
विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें:-
1800-121-1166

# गोरखपुर में चालक की पिटाई के विरोध में चक्का जाम

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** गोरखपुर में चालक की पिटाई के विरोध में रोडवेज कर्मियों ने शुक्रवार को चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर 12 बजे से एक बजे तक रोडवेज के गेट पर कर्मियों ने बसें खड़ी करके प्रदर्शन किया। एआरएम के किसी तरह उन्हें मनाया। एआरएम ने इस मामले में आरएम को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

बताया जाता है कि बस्ती डिपो के चालक अब्दुल रहीम 18 जुलाई को यात्रियों को लेकर गोरखपुर गए थे। वहां से लौटते समय गोरखपुर बस स्टेशन पर बस्ती के लिए यात्रियों को बैठाने लगे। इसी बीच वहां मौजूद गोरखपुर डिपो की कुछ अनुबंधित बसों के चालक व मालिकों ने उन्हें यात्रियों को बैठाने से रोका और उन्हें मारने पीटने लगे। किसी तरह वे पुलिस के पास पहुंचे और घटना की जानकारी दी, मगर पुलिस ने उनकी मदद नहीं की।

घटना से क्षुब्ध चालकों और परिचालकों ने बस्ती डिपो परिसर में बसें खड़ी कर विरोध जताया। सूचना पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आयुष भटनागर पहुंचे। कर्मचारियों की बातों को सुना और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मी काम पर लौटे।



**प्रदर्शन कर रहे कर्मियों को समझाते एआरएम आयुष भटनागर।** संवाद

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने इस बाबत ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। एआरएम ने आरएम गोरखपुर को पत्र लिखा है। कहा है कि अक्सर बस्ती डिपो के चालकों व परिचालकों की शिकायत रहती है कि गोरखपुर बस स्टेशन पर बस्ती डिपो की बसों में यात्री बैठाने नहीं दिया जाता है। बस स्टेशन के परिसर से उन्हें भगा दिया जाता है।

इससे बस्ती डिपो के चालकों व परिचालकों में रोष है। उन्होंने आरएम से मामले में संबंधित अनुबंधित बसों के चालकों व मालिकों पर कार्रवाई के लिए अनुरोध किया है। पीड़ित चालक अब्दुल रहीम, विरेंद्र यादव, परिचालक बृजेश पांडेय, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद बस्ती के मंत्री इंद्रजीत त्रिपाठी, अध्यक्ष कन्हैया सिंह, अभिनव श्रीवास्तव, सुशील गौड़, मनीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2025

# नेपाल ले जायी जा रही तीन बोरी यूरिया बरामद

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : एसएसबी 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी नरकुल के जवानों ने साइकिल द्वारा भारत से नेपाल ले जायी जा रही तीन बोरी यूरिया बरामद किया है। एसएसबी की सीमा चौकी नरकुल के जवान भारत नेपाल सीमा के स्तंभ संख्या 547/2 के पास गश्त पर थे। इसी बीच एक व्यक्ति साइकिल पर यूरिया लेकर भारत से नेपाल जाता हुआ दिखा। रुकने का इशारा करने पर वह व्यक्ति मौके पर यूरिया व साइकिल छोड़कर नेपाल की तरफ भाग गया। जांच करने पर तीन बोरी यूरिया बरामद हुआ। एसएसबी ने बरामद तीन बोरी यूरिया व साइकिल को जब्त करते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए कपिलवस्तु पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।



एसएसबी की अभिरक्षा में बरामद तीन बोरी यूरिया व साइकिल • जागरण

# व्यापारी पुत्र से लूट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सदर थाना पुलिस ने व्यापारी पुत्र से लूट के मामले में शुक्रवार को दो आरोपित को गिरफ्तार किया। जबकि तीसरा आरोपित फरार है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। गिरफ्तार आरोपितों का नाम सदर थाना के भगत सिंह नगर वार्ड निवासी गौरव जायसवाल व तेतरी बाजार निवासी अन्नू कसौधन है। फरार आरोपित का नाम तेतरी बाजार निवासी विशाल है। सदर थाना के पुरानी नौगढ़ बाजार के भगत सिंह नगर वार्ड निवासी हिमांशु कसौधन 17 जुलाई की रात करीब 12 बजे रेलवे स्टेशन से घर जा रहे थे। जमुआर पुल के पास तीन की संख्या में आरोपितों ने बाइक को रोक लिया। हमला करने के बाद जेब में रखे दुकान के रुपये को लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेने के बाद मुकदमा दर्ज किया। आरोपितों की तलाश में टीम गठित किया। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। यह फरार होने के फिराक में थे।

# नाबालिग के यौन उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार

**इटवा।** इटवा थाने के एक गांव निवासी नाबालिग बालिका से मैरिज हाल में यौन उत्पीड़न के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो में केस दर्ज कर उसे कर जेल भिजवा दिया।

एक गांव निवासिनी बालिका गांव के ही विद्यालय में कक्षा सात में पढ़ रही थी । पढ़ने जाते समय गांव का एक लड़का उसे बहला-फुसलाकर एक मैरिज हॉल में ले गया।

इसी दौरान किसी कार्य के लिए बालिका के पिता विद्यालय में उससे मिलने गए। विद्यालय में लड़की के न मिलने पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। इस बीच करहिया पुल के पास बारिश होने लगी और वह उससे बचाव के लिए एक मैरिज हॉल में रुक गए।

जहां उन्हें एक कमरे में लड़की के होने की जानकारी मिली। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और लड़की व लड़के को लेकर थाने ले आई। पूछताछ में लड़की ने बहला-फुसलाकर मैरिज हॉल तक लाने व कमरे में ले जाकर जान से मारने की धमकी देकर यौन उत्पीड़न करने की जानकारी दी। इस संबंध में एसओ श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि पिता की तहरीर पर पॉक्सो व यौन उत्पीड़न करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लड़के को जेल भिजवा दिया गया है। संवाद

# खाते से पैसा निकालने का लगाया आरोप

**शोहरतगढ़ ।** थानाक्षेत्र के चरिगवां गांव निवासी बासमती ने डीएम को दिए प्रार्थनापत्र में एक व्यक्ति पर आरोप लगाया कि उसके खाते से पैसा निकाल लिया है। साथ ही केस में फंसाने की धमकी भी दी गई।

पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की है। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के चरिगवां गांव की बासमती पत्नी चंद्राम ने डीएम को दिए पत्र में आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने पहले दो-तीन बार मनरेगा मजदूरी का पैसा उसके खाते में भेजा। इसके बाद पैसे पूरा निकाल कर उसे 500 रुपये दिए, जिसे वापस करके भविष्य में कभी भी पैसा न भेजने के लिए कहा। मना करने के बाद भी 11 जुलाई को उसके खाते में 3024 रुपये भेजे गए और उसे निकालने के लिए दबाव बनाने लगा। मना करने पर उसके साथ बदसलूकी की गई और फर्जी केस में फंसाने की धमकी देते हुए पासबुक छीनकर जबरन अंगूठा लगवाकर पूरा पैसा निकाल लिया। संवाद

# मजार गिराना लोकतंत्र पर हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

**डुमरियागंज।** सपा नेता व पूर्व सांसद भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी ने कहा कि प्रशासन ने डुमरियागंज क्षेत्र के चौखड़ा के निकट बदलिया स्थित आजादी से पहले की निर्मित फागू शाह बाबा की मजार गिराकर लोकतंत्र पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि रातोंरात बिना कोई नोटिस जारी किए ध्वस्तीकरण का कार्य करके हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदाय की श्रद्धा आस्था पर कुठाराघात किया गया है। सपा इस मुद्दे को लेकर सड़क से सदन तक आवाज बुलंद कर कार्रवाई का विरोध दर्ज कराएगी।



कुशल तिवारी।

सपा नेता ने कहा कि मजार से हिंदू-मुसलमान दोनों की गहरी आस्था जुड़ी हुई थी। इस दौरान सपा नेता घिसियावन यादव, मो. वासिफ फारूकी, विजय अग्रहरि, अख्तर मलिक, विजय यादव मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी कर सरकारी भूमि बिक्री करने के मामले में 20 पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**खेसरहा।** न्यायालय के आदेश पर खेसरहा थाने की पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। खेसरहा थाना क्षेत्र के बेलवालगुनही गांव निवासी इबरार पुत्र मोहम्मद रफीक ने जेएम जूनियर डिविजन बांसी के न्यायालय में वाद दाखिल किया। इसमें आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में बंजर घोषित हो चुकी भूमि को कुछ लोगों ने धोखाधड़ी करके बेचा और खरीदा है।

इस मामले में न्यायालय के आदेश पर खेसरहा थाने की पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने हुसैन अहमद, जलालुद्दीन , फैयाज अहमद, अब्दुर्रहमान निवासी बेलवालगुनही, असफाक निवासी ग्राम सिकरी थाना धर्मसिंहवा जनपद संतकबीरनगर, रियाजुद्दीन, मेराज अहमद, जहीरुद्दीन, अब्दुल समद निवासी बेलवालगुनही थाना खेसरहा, तुफेल अहमद , शोएब निवासी ग्राम सिकरी थाना धर्मसिंहवा संतकबीरनगर, तौव्वाब अहमद बेलवालगुनही, मोहम्मद आसिब, मोहम्मद आसिन निवासी ग्राम सिकरी संतकबीरनगर, विवेक राय निवासी ग्राम सुपौली थाना खेसरहा, शब्बीर अहमद निवासी ग्राम बेलवालगुनही, उग्रसेन निवासी ग्राम सुपौली थाना खेसरहा, नजमुद्दीन, इम्तियाज अली, इब्राहिम निवासी ग्राम बेलवालगुनही थाना खेसरहा शामिल हैं। इस मामले की विवेचना राघवेंद्र प्रताप यादव कर रहे हैं।

# डेढ़ वर्ष में दुर्घटना बीमा के दिलाए 94 लाख प्रतिकर

## हादसे में जान गंवाने वाले प्रभावित परिवार ने दाखिल की थी न्यायालय में याचिका

**संवाद न्यूज एजेंसी**

सिद्धार्थनगर। मार्ग दुर्घटना में पुलिसकर्मी देवानंद प्रसाद की मृत्यु हो गई। उनके आश्रितों ने वाहन स्वामी, ड्राइवर एवं बीमा कंपनी के खिलाफ प्रतिकर याचिका दाखिल की।

न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अरविंद राय ने त्वरित गति से विचार करके डेढ़ वर्ष में बीमा कंपनी से आश्रितों को 94 लाख रुपये प्रतिकर दिलाया।

देवानंद प्रसाद एचसीपी ट्रैफिक के पद पर सिद्धार्थनगर में कार्यरत थे। वह 15 नवंबर 2023 की देर रात को लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन के लिए शोहरतगढ़ ड्यूटी पर पुलिस लाइंस सिद्धार्थनगर से बाइक से गए थे। ड्यूटी समाप्त करने के बाद वह पुलिस लाइंस आ रहे थे। शोहरतगढ़-चिल्हिया मार्ग पर चिल्हिया थाने के करीब पीछे से आ रही कार के चालक ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार की। इससे वह रोड पर घिसटते हुए गिर गए और गंभीर चोटें आने के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

पुलिस ने केस दर्ज करके विवेचना के बाद ड्राइवर राम अजोरे शर्मा के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। पुलिसकर्मी के परिजन पत्नी मीना, पुत्र सिद्धार्थ कुमार अंकित कुमार, पुत्री श्वेता कुमारी एवं माता सुनैना देवी ने अधिवक्ता दिलीप कुमार श्रीवास्तव के जरिये मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रतिकर याचिका दाखिल की।

याचिका में वाहन स्वामी दीप नरायन पांडेय, चालक राम अजोरे शर्मा एवं इंश्योरेंस कंपनी को पार्टी बनाया। न्यायालय ने विपक्षियों को तलब किया और मामले का विचारण करते हुए इंश्योरेंस कंपनी को क्षतिपूर्ति का जिम्मेदार मानते हुए उसके खिलाफ 94 लाख 84 हजार रुपये का प्रतिकर देने का आदेश दिया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2025

# शांतिभंग में छह आरोपियों का चाल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम
अलग-अलग मामले में छह
की शांतिभंग की आशंका में
किया है। थाना कोतवाली ख
पुलिस ने चार और धनघटा
महुली पुलिस ने 1-1 आरोप
पकड़कर समस्त विधिक क
करके संबंधित मजिस्ट्रेट के

# जेल भेजा गया बेटे का हत्यारोप
# मोईद, पड़ोसी भी थे परेशान

संवाद न्यूज एजेंसी

लोहरौली। दुधारा गांव में आठ साल के बेटे की हत्या के आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। 17 जुलाई की रात में जब वह बच्चे को बुरी तरह से पीट रहा था, तब लोगों को उसके घर चीख पुकार की आवाजं सुनाई दे रही थी। ग्रामीण इसको रोज की हरकत मानकर बचाव में नहीं गए और बच्चे की मौत हो गई।



**आरोपी मोईद।** संवाद

आठ साल के बेटे अदनान की मौत के बाद बृहस्पतिवार की देर शाम को मृत बालक की मां संजीदा

## दुधारा गांव में आठ साल बेटे को पैर से कुचलक हत्या करने का मामला

### बच्चे को खोज रही बदहवास

इस घटना के बाद मां सजीदा खा की हालत खराब हो गई है। वह भी अपने आठ साल के बच्चे अद की याद में आंसू बहा रही है। वह अपने दो साल के बचे हुए बेटे अरमान को अपने सीने से लगाए रही है। वह लगातार पागलों जैसी हरकतें कर रही है। कभी वह रोने लगती है, तो कभी शांत हो जाती

किसी व्यक्ति में ज खुद के प्रति कोई स नहीं रह जाता है तो रिश्ते-नातों को भूल ज है। मानसिक स्थिति ऐसी हो जात कि उसको कोई वस्तु प्रिय लगत

# प्रसूता की मौत का कारण

## सीएचसी मलौली में प्रसव के दूसरे दि

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सीएचसी मलौली हैंसर में ऑपरेशन के कुछ देर बाद ही जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम में महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

फिलहाल विसरा सुरक्षित रख दिया गया है। इधर, सीएमओ ने अपर सीएमओ डॉ. रामरतन के नेतृत्व में टीम का गठन कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। बता दें कि धनघटा थाना क्षेत्र के बकैनिया पकड़ी

**प्रसव के बाद ज**

**मौत, लापरव**



**18 जुलाई को**

सीएचसी मलौली

जहां पर

ऑपरेशन से

कुछ ही देर

कहाकि बच्ची

है। उसे जिला

# प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी युवती

धनघटा। क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रेमिका शुक्रवार की सुबह गांव निवासी प्रेमी के घर पहुंच कर बैठ गई और शादी करने की जिद पर अड़ गई। पुलिस के पहुंचने के बाद सुलह-समझौता हो सका।

प्रेमिका का आरोप था कि गांव का रहने वाला एक युवक दो वर्ष से शादी का झांसा देकर उसे अप

# भूमिगत हो गए प्रध

# सभी आरोपी, 48 घं

## हमले में घायल युवक की हालत में सुधार,

संवाद न्यूज एजेंसी

बखिरा। गत 16 जुलाई की शाम छह बजे एक पक्ष ने तिघरा ब्लॉक मुख्यालय पर पुराने विवाद की वजह से करेली ग्राम प्रधान के पुत्र पर कट्टे से चार राउंड फायरिंग कर दिया था। इस हमले में पांच अभियुक्त शामिल थे।

घटना के 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है, हालांकि अभियुक्तों पर पुलिस पूरा दबाव बनाए हुए है और संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। करेली ग्राम प्रधान का बेटा देवेंद्र यादव बघौली ब्लॉक में ग्राम पंचायत के काम से आया हुआ था।


प्रधान पुत्र पर हमला करने वालों की तलाश, पांच आरोपियों पर केस दर्ज

जिला अस्पताल में चल रहा इलाज, संदिग्धों से पुलिस कर रही पूछताछ

18 जुलाई को प्रकाशित खबर।

हमलावरों को पकड़ने के लिए पुलिस की दो टीमें लगातार काम कर रही हैं। छापेमारी जारी है, शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

–सुशील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक

# लापता बच्चों को तीन टीमों ने 24 घंटे में गोरखपुर से ढूंढ निकाला

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से लापता पांच बच्चों को पुलिस की तीन टीम ने मिलकर 24 घंटा के भीतर बृहस्पतिवार की देर शाम को गोरखपुर से बरामद किया। एक गायब बच्चे के पिता की शिकायत पर पुलिस मामले में गुमशुदगी दर्ज करके सक्रिय हुई। बच्चों की सकुशल बरामदगी के बाद पुलिस ने उन्हें लिखा पढ़ी करके उनके परिजनों को सौंप दिया।

एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र से लापता हुए पांच बच्चों के मामले में खलीलाबाद में गुमशुदगी दर्ज किया गया है। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस के अलावा बच्चों की तलाश में पुलिस की अन्य टीम भी लगाया गया था। पुलिस टीम ने मामलें में

## एक बच्चे के पिता की शिकायत के बाद दर्ज हुई थी गुमशुदगी

सभी बच्चों को पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बरामद कर लिया गया है। यह बच्चे घूमने फिरने के लिए गोरखपुर गए हुए थे। सभी बच्चों को परिवार की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।
**-सुशील कुमार सिंह**, अपर पुलिस अधीक्षक

पर जोगेन्द्र यादव निवासी उस्क खुर्द ने सूचना दिया कि दिन करीब तीन बजे उनका पुत्र अनुरा यादव उक्त अन्य बच्चों के साथ घ से कहीं लापता हो गए हैं। काफ तलाश करने पर भी कुछ पता नह चल रहा है।

पुलिस मामले में केस पंजीकृ कर बच्चों को बरामद करने क

## गहने लेकर घर से विवाहिता फरार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता घर से गहने लेकर फरार हो गई, मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित पति ने बताया कि पांच दिसंबर 2024 को उसकी शादी रंभा निवासी चिरकुटिया थाना उतरौला जनपद बलरामपुर के साथ हुई थी। 20 जून को पत्नी रंभा घर के सारे गहने लेकर जयपुर मानसरोवर चली गई। वह फोन करके पत्नी को घर आने के लिए कहे तो वह आने से मना कर दिया। साथ ही पत्नी व सुमित नाम का व्यक्ति फोन पर गाली व जानमाल की धमकी दे रहे हैं। संवाद

## जमीन विवाद में मारपीट का आरोप, केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के झीनखाल मेहनिया गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई। पुलिस ने बुजुर्ग की तहरीर पर मामले में पांच आरोपी के खिलाफ केस दर्जकर लिया।

पुलिस को दी शिकायत पत्र में ग्राम झीनखाल मेहनिया निवासी खदेरु राम मास्टर ने बताया कि वह 93 वर्ष के हैं। उनके पटीदार दीनानाथ के साथ लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा है। उसी जमीन की रंजिश को लेकर दीनानाथ, सुभाषचन्द्र, प्रभूनाथ, दीपक और आरती देवी सभी लोग एकराय गोलबंद होकर लाठी डंडा तथा घातक हथियार लहराते हुए उनके दरवाजे पर 12 जुलाई की शाम लगभग 6 बजे आकर गाली देने लगे। उनको जान से मारने के नियत से दीनानाथ ने असलहा सटा दिया। वह जान बचाकर घर में भागे तब आरोपी घर में रखा सामान बर्तन तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिए। भीड़ जुटने पर आरोपी जान माल की धमकी देकर चले गए। संवाद

## घर में घुसकर छह लोगों को पीटा

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के हरदी गांव में बृहस्पतिवार को देर शाम मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। क्षेत्र के हरदी गांव निवासी देवी सरन ने बताया कि बृहस्पतिवार को शाम करीब चार बजे गांव के ही पृथ्वी पाल अपने तीन अन्य भाइयों के साथ पहुंचे और गाली देने लगा। एतराज करने पर घर में घुसकर मारपीटकर घायल कर दिया और जानमाल धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विपक्षी पृथ्वी पाल, राजेश, राजकुमार, पृथ्वी राज निवासी हरदी के खिलाफ केस दर्ज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। संवाद

## भूमि बंटवारा पर पंचायत के बाद मारपीट

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के छितही गांव में शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे भूमि बंटवारा की पंचायत के बाद मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। तहरीर में छितही गांव के मोहम्द खालिद ने बताया कि शुक्रवार साढ़े दस बजे अब्दुल्लाह आदि से भूमि बंटवारा को लेकर पंचायत हो रहा था। इस दौरान अब्दुल्लाह जबरिया उनके खरीदे भूमि में हिस्सा मांगने लगा। लोगों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद पंचायत में शामिल लोग चले गए। पीड़ित के अनुसार अब्दुल्लाह अपने परिवार के साथ घर के अंदर गया और उसके छोटे भाई की पत्नी सबीहा खातून के कमरे में घुसकर मारने पीटने लगा। पुलिस तहरीर के आधार पर विपक्षी अब्दुल्लाह, मो. हारिस, नसरीन बानो व सुरैया के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## शादी करने से मुकरा, पांच पर केस

संतकबीरनगर। गोरखपुर जनपद के पीड़ित ने कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के बनपरवा गांव में अपनी बेटी की शादी तय की थी। इसके

# जमानत पर आए हत
# पर धमकी देने का आ

संतकबीरनगर। खलीलाबाद को
क्षेत्र के महुई गांव में जून 2024
विवाद में हत्या के मामले में जेल
आए आरोपियों पर जानमाल की
आरोप मढ़ते हुए मृतक की पत्नी
प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस मामले
आधार पर तीन आरोपी के खिला
दर्जकर आवश्यक कार्रवाई शुरू
महुई गांव निवासी सुमन ने पुलि
अपने शिकायत में बताया कि 8

# संतबली हत्याकांड का एक अ

## आम तोड़ने के विवाद में मारपीट के दौरान हु

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिक्टौर माफी गांव निवासी संतबली हत्याकांड में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाया है। 14 जून को आम तोड़ने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई थी।

एसओ मेंहदावल सतीश कुमार सिंह के अगुवाई में थाना मेंहदावल पुलिस ने आरोपी श्याम मोहन निवासी अमरडोभा को उसके घर से गिरफ्तार किया है। एसओ मेंहदावल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि 14 जून को ग्राम सिक्टौर माफी गांव में दो पक्षों के मध्य आम तोड़ने की बात को लेकर झगड़ा व लाठी डंडा तथा ईंट पत्थर से मारपीट हुई। जिसमें संतबली यादव पुत्र सरजू यादव

# कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी को किया निरस्त

संतकबीरनगर। अवयस्क किशोरी संग अश्लील हरकत करने के आरोपी का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात निरस्त कर दिया। आरोपी रौनक गौड़ पर 15 वर्षीय अवयस्क पीड़िता से अश्लील हरकत करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। प्रकरण में पीड़िता के रिश्तेदार ने केस दर्ज कराया है।

मामला जिले के महुली थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता के रिश्तेद्रार का आरोप है कि 28 मई को रात आठ बजे घर से बाहर टहल कर आ रही थी। तभी उसके गांव का रौनक गौड़ उसका हाथ पकड़कर खींचकर साइड में ले जाने लगा और अश्लील हरकत करने लगा।

# भूमि बंटवारा की पंचायत के बाद मारपीट, चार पर केस

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम छितही में शुक्रवार को सुबह साढ़े दस बजे भूमि बटवारा की पंचायत के बाद विवाद

# पिटाई के आरोप में एक नामजद

धनघटा। धनघटा थानान्तर्गत स्थानीय धनघटा गांव निवासी एक युवक को तहसील गेट पर मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने एक हमलावर के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के स्थानीय धनघटा गांव निवासी सूरज गोस्वामी पुत्र संजय गोस्वामी ने बताया है कि गुरुवार की शाम को वह तहसील गेट पर ठेले के सामने भूजा खा रहा था।




निजीकरण के विरोध में धरना देते बिजली कर्मी।

# निजीकरण के विरोध में

संतकबीरनगर। अधिशासी अभियंता कार्यालय पर
निजीकरण के बिरोध में प्रर्दशन किया। बिजली संघर्ष
अमित सिंह ने कहा कि यदि उत्पीड़न की कार्यवाहिय
बिजली कर्मियों का वेतन जारी न किया गया, स्मार्ट
की गई, पदाधिकारियों और सक्रिय कर्मचारियों का

# बेटे के हत्यारोपी पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोहरौली, हिन्दुस्तान संवाद। दुधारा थाने की पुलिस ने बेटे के हत्यारे पिता को शुक्रवार को जातेडीहा सरयू नहर की पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पति पर बेटे की हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

थनाध्यक्ष इंद्रभूषण सिंह ने बताया कि दुधारा निवासी मोईद अहमद पुत्र साईद अहमद अपने पुत्र अदनान अहमद (08) को 16 जुलाई की रात में सीने पर चढ़कर मारने लगा। बेटे की सीने पर चढ़ने से पसलियां टूट गईं। इसके चलते बेटे की मृत्यु हो गई थी। मोईद अहमद की पत्नी संजीदा खातून की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया



दुधारा पुलिस की पकड़ में आया हत्यार पिता

- **पत्नी की तहरीर पर दर्ज हुआ पति पर मुकदमा**
- **जातेडीहा स्थित सरयू नहर के पुलिया से हुआ गिरफ्तार**

सरयू नहर की पुलिया से गिरफ्त कर लिया गया है। अभियुक्त व स्वास्थ्य परीक्षण कराकर न्यायल भेज दिया गया। वहां से उसे जेल भे दिया गया।

# बुजुर्ग के हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**मेंहदावल।** मेंहदावल थाना क्षेत्र के सिक्टौरमाफी गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट में बुजुर्ग की हुई हत्या के वांछित आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। घटना आम तोड़ने के विवाद को लेकर हुई थी। मृतक के नाती दुर्गेश यादव की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। हत्यारोपी श्याम मोहन पुत्र श्रीराम को पुलिस ने उसके घर अमरडोभा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

14 जून को अमरडोभा गांव में आम तोड़ने के विवाद ने खूनी संघर्ष हो गया था। सिक्टौर माफी गांव निवासी संतबली यादव (75) अपने आम के पेड़ की रखवाली कर रहे थे।

# मौत के माम

फॉलोअप-1

**संतकबीरनगर, निज संवाददात** बकैनिहा उर्फ पकड़ी गांव की रह वाली 25 वर्षीय मनीषा पत्नी सुनील बीते बुधवार को आपरेशन करने के बा बच्ची को जन्म दिया था। जिसमें प्रसू व नवजात की मौत हो गई थी। मृतव के परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर गल आपरेशन करने से मौत होने का आरो लगाया था। लेकिन पीएम रिपोर्ट महिला की मौत होने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। जिस पर चिकित्सकों ने बिसरा को प्रिजर्व कर दिया है सीएमओ ने उक्त मामले में दो सदस्यीय जांच क्रमेटी भी गठित कर दी है। कमेटी से तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है।

मनीषा को बीते बुधवार को प्रसव

## मगहर के दुर्गा मंदिर से शुरू हो जाएगा रूट डायवज

# चार दिन रूट की जा

### कांवड़ यात्रा

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। अयोध्या में कांवड़ यात्रा और श्रावण झूला मेला को लेकर शनिवार की सुबह आठ बजे से गोरखपुर-लखनऊ राजमार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन ठप हो जाएगा। सुरक्षित यातायात के लिए रूट डायवर्जन कर वाहनों का संचालन किया जाएगा। यदि इन चार दिनों में लखनऊ की तरफ यात्रा कर रहे हैं तो अपने गंतव्य को जाने वाले रूट की जानकारी कर यात्रा शुरू करें। ताकि यात्रा में समस्याएं न उठानी पड़ें। शनिवार सुबह से हो रहे डायवर्जन के लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। निर्धारित प्वाइंट पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। ऊपर से आदेश आते ही यातायात बंद कर दिया जाएगा। वाहनों को दूसरे मार्ग पर डायवर्ट कर दिया जाएगा। गोरखपुर-लखनऊ राजमार्ग पर दुर्गा मंदिर मगहर, सोनी होटल के पास, खलीलाबाद के मेंहदावल बाईपास चौराहा और बस्ती जनपद की सीमा पर टेमा रहमत के पास बैरियर लगाए जाने




मगहर के पास रूट डायवर्ट करने के लिए की जा रही है वै

"अयोध्या कांवड़ यात्रा पर शनिवार की सुबह
वाले रूट डायवर्जन की व्यवस्था कर ली ग
निर्धारित स्थानों पर बैरियर लगाया जाएगा, जहां से बड़े
के लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।
सुशील कुमार सिंह, एएसपी

की व्यवस्था की गई है। इसमें गोरखपुर की तरफ से आने वाले माल वाहक, भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर जैसे वाहनों को मगहर दुर्गा मंदिर के पास रोका जाएगा। इन वाहनों को घघसरा-बखिरा-नंदौर-बांसी, बलरामपुर, गोंडा होकर लखनऊ भेजा जाएगा। टेमा रहमत चौराहे पर भी बैरियर लगाकर रोकने की व्यवस्था की गई है। इसके

अलावा मेंह
डायवर्ट कर
बांसी के रास

इन ति
डायवर्जन
अवसर पर
जुलाई को प्र
24 जुलाई व
समाप्ति तक

# साइकिल खड़ी कर कु

नाथननगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली और धनघटा थाने की सीमा पर स्थित सिसवनिया पुल से शुक्रवार को करीब डेढ़ बजे साइकिल खड़ी करके एक अज्ञात युवक के कूदने की सूचना से पुलिस घंटों हलकान रही। दो थानों के बीच सीमा विवाद काफी देर तक रहा। जिसके चलते नदी में तलाशी अभियान शुरू नहीं हो सका। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण के अलावा दोनों थानों की पुलिस जुटी रही।

महुली और धनघटा पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली कि पारा गांव की तरफ से एक अज्ञात युवक साइकिल लेकर सिसवनिया पुल पर पहुंचा। पुल पर साइकिल खड़ी कर कुआनो नदी में कूद गया। दोनों थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन घटनास्थल एक दूसरे की सीमा में होने



सिसवनिया पुल पर अज्ञात युवक के न

की बात कही जाने लगी। महुली थ
प्रभारी रजनीश राय मय फोर्स जुटे
लेकिन काफी देर तक नदी में कूदने व
अज्ञात युवक का पता नहीं चल स
मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जुटे

# आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

संतकबीरनगर। पाक्सो एक्ट एक आरोपी को एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने दोष सिद्ध करार देते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास का सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी समसुद्दीन उर्फ सम्सू पर सजा के अतिरिक्त तीन हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने अर्थदण्ड की सम्पूर्ण तीन हजार रुपए की धनराशि

# गोरखपुर में नौका विहार घूम

## गुल्लक तोड़कर 218रुपये साथ ले गए थे सभी, बच्चों को

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: कोतवाली पुलिस ने घर से खेलने के बहाने फरार हुए सभी पांच बच्चों को 24 घंटे के भीतर गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पास एक रेस्टोरेंट से बरामद किया। यह सभी बच्चे तारामंडल स्थित नौका विहार घूमने गए थे। इनके पास महज 218 रुपये थे। यह रुपये एक बच्चा घर में रखा गुल्लक तोड़कर ले गया था। पुलिस ने शुक्रवार को बरामद बच्चों को उनके स्वजन को सिपुर्द किया तो उनकी खुशी देखने लायक रही।

इस बच्चों में 13 वर्षीय अनुराग पुत्र जोगेंद्र यादव निवासी उस्का खुर्द तथा 12 वर्षीय आजाद पुत्र जयहिंद, 13 वर्षीय किशन शर्मा पुत्र ब्यास, 12 वर्षीय अनीश चौहान पुत्र मोहन निवासी मोहल्ला तितौवा तथा केरमुआमाफी गांव निवासी 13 वर्षीय यूसुफ पुत्र मोहम्मद हसन शामिल हैं। यह सभी बच्चे केलवरी आइडियल स्कूल और एबीएम इंटर कालेज के कक्षा छह के छात्र हैं।

**ट्रेन में सवार होकर बिना टिकट पहुंचे गोरखपुर** : स्कूल से दोपहर बाद डेढ़ बजे घर पहुंचने के बाद यह सभी बच्चे प्लान कर घर से खेलने के बहाने निकले और खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के निकट त्रिपाठी मार्केट में मिले। इन बच्चों में से केवल अनीश चौहान के पास 218 रुपये थे। यह रुपये वह घर में रखा गुल्लक तोड़कर चुपके से ले गया था। बाकी बच्चों में से किसी के पास रुपये नहीं थे। सभी बच्चे स्टेशन पहुंचे तो दिन में करीब तीन बजे एक ट्रेन आई लेकिन उसमें टीटी और पुलिस देखकर बच्चे डर गए और उसमें नहीं सवार हुए। दूसरी ट्रेन शाम साढ़े चार बजे आई तो सभी बच्चे उसमें सवार हो गए और बिना टिकट गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंच गए। यहां से सभी पैदल पूछते हुए नौका विहार पहुंचे। यहां बच्चों ने खूब मस्ती की अ
साथ में रखे रुपये खानपान में उ
दिए।



सकुशल बरामद किए गए बच्चों के साथ कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पंकज पांडेय (मध्य में) • जागरण

**भूख लगी तो खाना ख**
**पहुंच गए रेस्टोरेंट में** : बच्चे नौ
विहार से घूमने के बाद पैदल ही र
को आठ बजे ट्रेन पकड़ने के लि
गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। लेकि
जब वहां पर उन्हें खलीलाबाद अ
के लिए कोई ट्रेन नहीं दिखी अ
भूख लगी तो स्टेशन के सामने स्थि
इंटरनेशनल बाटी चोखा रेस्टोरेंट
पहुंच गए। वहां पर पैसा न होने अ
भूख लगने की बात बताई। रेस्टो

# मासूम बेटे का हत्यार
# गिरफ्तार, भेजा गया

जागरण संवाददाता, दुधारा : आठ वर्षीय मासूम पुत्र अदनान की निर्मम हत्या के आरोपित पिता मोईद अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। लोग अवाक हैं कि एक पिता अपने ही बेटे के साथ ऐसी हैवानियत कैसे कर सकता है। यह घटना न केवल रिश्तों को शर्मसार करने वाली है, बल्कि समाज को सोचने पर मजबूर करती है कि शराब और हिंसा का यह जहर किस कदर हावी हो गया है।

बहरहाल घटना बुधवार देर रात की है। दुधारा निवासी मोईद अहमद

- पोस्टमार्टम में ख
सच्चाई, 10 पस
फेफड़ों में जमा
- नशे में घर पहुंचे
विवाद के बाद अ
की ली थी जान

पोस्टमार्टम रिप
अदनान की छाती
10 पसलियों के टूट
भारी मात्रा में खून
हुई है, जिससे स
उसकी मौत पिता
कुचलने के कारण हु

# हत्यारोपितों से मिली धमक

जासं, संतकबीर नगर: महुई गांव निवासी महिला ने अपने पति की हत्या के मामले में जेल से जमानत पर रिहा हुए आरोपितों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता सुमन देवी पत्नी धर्मेंद्र ने तहरीर में बताया कि गांव के ही बोधनाथ, इंद्रजीत, गोरखनाथ और शेषनाथ ने एक वर्ष पूर्व 8 जन

# शादी के बाद गहने लेकर भागी पत्नी, दो पर मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने शादी के बाद गहने लेकर फरार होने और पति को जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। केरमुआ गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र राधेश्याम ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी 5 दिसंबर 2024 को बलरामपुर जनपद के उतरौला थाना अंतर्गत चिरकुटिया गांव निवासी रम्भा के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुई थी। अशोक का आरोप है कि 20 जून 2025 को रम्भा घर के सभी जेवरात लेकर अचानक जयपुर (मानसरोवर) चली गई। जब अशोक ने रम्भा को फोन कर घर लौटने को कहा तो उसने

# साइकिल सवार युवक ने कुआनो नदी में लगाई छलांग



नदी में कूदे युवक की पुल पर खड़ी साइकिल व मौके पर जुटी भीड़। जागरण

**जासं, महुली** : क्षेत्र के ग्राम सिसवनिया स्थित कुआनो नदी पुल पर शुक्रवार दोपहर बाद डेढ़ बजे युवक साइकिल से पहुंचा। पुल पर साइकिल खड़ी कर युवक रेलिंग पर चढ़ गया और नदी में छलांग लगा दी। यह दृश्य देख लोग अवाक रह गए। लोग दौड़कर पहुंचे, युवक पानी में डूब चुका था।

घटना की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते पुल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही महुली और धनघटा थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की निगरानी में गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी गई, लेकिन



युवक के नदी में कूदने के बाद तलाश करती एनडीआरएफ टीम। जागरण

समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय ने बताया कि एनडीआरएफ टीम को सूचना दे दी गई है। जल्द ही नदी में डूबे युवक की खोजबीन शुरू कराई जाएगी। युवक की पहचान अभी तक नहीं हुई है

# शराब के लिए चावल बेचने जा रहे युवक ने मां और भाई पर किया हमला

जासं, महुली : थाना क्षेत्र के ग्राम तरयापार में शराब के नशे में धुत युवक ने मां को मारने से रोकने पर अपने ही बड़े भाई पर फावड़े से हमला कर दिया। हमले में उसका दाहिना हाथ टूट गया। बीच-बचाव में आई मां को भी डंडे से मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपित युवक घर से चावल लेकर फरार हो गया। पीड़िता अमृता देवी ने महुली थाने में घटना की तहरीर दे दी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


घायल राम जनक

ग्राम तरयापार निवासी परशुराम का बेटा नशे का आदी है। शुक्रवार को उसने शराब पीने के लिए घर के कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखा चावल निकालना चाहा ताकि उसे बेचकर शराब खरीद सके। इसी दौरान उसके बड़े भाई रामजनक और मां अमृता देवी ने उसे रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि नाराज युवक ने बगल में रखे फावड़े से अपने भाई रामजनक पर हमला कर दिया, जिससे उसका दाहिना हाथ टूट गया। इसके बाद युवक ने डंडे से अपनी मां को भी पीटकर घायल कर दिया और घर में रखा चावल लेकर फरार हो गया।

---

दैनिक जागरण के लोकप्रिय कार्यक्रम प्रश्न पहर में अतिक्रमण व भूमि विवाद की आई सर्वाधिक शिकायतें

# अतिक्रमण करने वालों को चिह्नित कर की जाएगी कार्रवाई : एडीएम

[illegible] सिंह • जागरण

संतकबीरनगर : दैनिक जागरण के लोकप्रिय प्रश्न पहर कार्यक्रम में भूमि विवाद, अतिक्रमण, आवास और तहसीलों में मनमानी को लेकर ढेरों शिकायतें आईं। अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश शुक्रवार को सवालों का जवाब देने के लिए दोपहर बाद एक से दो बजे तक दैनिक जागरण कार्यालय में उपस्थित रहे। सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बन गई है। समय-समय पर इसको लेकर अभियान चलाया जाता है लेकिन लोग फिर से अतिक्रमण कर लेते हैं। ऐसे लोग जो बार-बार अतिक्रमण करते हैं, चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पेश है प्रश्न पहर में पूछे गए सवाल और अपर जिलाधिकारी के जवाब।



दैनिक जागरण के लोकप्रिय प्रश्न पहर कार्यक्रम सवालों का जवाब देते अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश। जागरण

• नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा के वार्ड नंबर तीन बूंदीपार निवासी अवनीश त्रिपाठी और दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि रास्ते पर अतिक्रमण के चलते एंबुलेंस भी लोगों के घरों तक नहीं पहुंच पाते हैं। रोगी को अस्पताल ले जाने में अत्यधिक कठिनाई होती है। कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

- देखिए, आप जो समस्या बता रहे हैं, यह मामला मेरे पास आया था। राजस्व विभाग की टीम भेजी गई थी। परंपरागत रास्ता चल रहा है। रही बात रास्ते पर अतिक्रमण की तो टीम ने यह रिपोर्ट दी थी कि जमीन पर मकान बन चुके हैं। ऐसे किसी का मकान नहीं तोड़ा जा सकता। अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली (पीपी एक्ट) के लिए मुकदमा दर्ज कर इसकी सुनवाई होगी। दोनों पक्षों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया जाएगा। इसके बाद ही गुण-दोष के आधार पर कोई निर्णय लिया जा सकता है। हां इतना जरूर है कि टीम भेजकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आवागमन में किसी को कोई दिक्कत न हो।

• सेमरियांवा के पुरवा ग्राम पंचायत के इस्माइल ने बताया कि उनकी पत्नी के नाम पूर्व में आवास आया था लेकिन ग्राम पंचायत सचिव ने कटवा दिया। दोबारा आवेदन किया तो गांव में सर्वे को आई टीम उनके घर नहीं आई। वह परिवार सहित रिहायशी झोपड़ी में रहते हैं। आवास के लिए पात्र है फिर भी भेदभाव किया जा रहा है।

-प्रधानमंत्री आवास के लिए सर्वे हो रहा है। यदि आप पात्र हैं तो जरूर आवास मिलेगा। इसके लिए संबंधित को निर्देशित किया जाएगा।

• खलीलाबाद के रामबेचन ने बताया कि गुलरिहा में जमीन खरीदी थी। तहसीलदार कोर्ट से खतौनी में नाम दर्ज करने का आदेश दिया गया है लेकिन अब तक नाम नहीं दर्ज हुआ। आरोप लगाया इसके लिए जगह-जगह पैसे की मांग की जा रही है।

- खतौनी में नाम दर्ज करने के लिए किसी को पैसे न दें। तहसीलदार कोर्ट का आदेश लेकर अपर जिलाधिकारी के कार्यालय में आएं, आपकी समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

• खलीलाबाद के धौरहरा ग्राम पंचायत के प्रभात वर्मा ने बताया ग्राम पंचायत सड़क बना रही है लेकिन दबंग बनने नहीं दे रहे हैं। कई बार पुलिस भी गांव में मौके पर आ चुकी है। सड़क नहीं बनने से आवागमन में समस्या हो रही है।

-ग्राम प्रधान को बोलिए सड़क निर्माण में व्यवधान डालने की शिकायत खंड विकास अधिकारी और उपजिलाधिकारी के पास लेकर जाएं। वहां से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद भी बात नहीं बनती है तो मेरे पास आएं। सड़क निर्माण में व्यवधान डालने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

• सांथा ब्लाक के ग्राम पंचायत जमयाताल के रहने वाले संतोष ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मेंहदूपार-बीरब्यास मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। नाली निर्माण न होने से जलनिकासी की समस्या हो रही है।

-देखिए, सड़क निर्माण के साथ नाली निर्माण को प्रस्ताव में शामिल नहीं किया गया है। नाली निर्माण के लिए जिलाधिकारी अथवा अपर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दें। आगे जब भी सड़क का निर्माण होगा, उसमें नाली निर्माण शामिल कराकर जलनिकासी के समस्या का समाधान कराया जाएगा।

• मेंहदावल के बनकसिया के गोल ने बताया कि गांव में चकबंदी चल रही है। छोटे काश्तकारों की जमीन काटकर उसे बड़े लोगों में बांट दिया जा रहा है। सरकारी भूमि भी आरक्षित नहीं की जा रही है। चकबंदी कर्मियों की मनमानी को लेकर लोगों में आक्रोश है।

-चकबंदी विभाग के उपसंचालक का भी चार्ज उनके पास है। गांव से किसी ने इस बारे में शिकायत नहीं की है।

ऐसे दो-चार मामले मेरे पास कार्यालय में लेकर आए। इसकी जांच कराई जाएगी, गड़बड़ी मिलने पर उसे दुरुस्त करा दिया जाएगा।

• धौरहरा ग्राम पंचायत के विपिन यादव ने बताया कि गांव में अंडरग्राउंड नाली का निर्माण हो रहा है लेकिन गांव के कुछ दबंग इसका विरोध कर रहे हैं। जलनिकासी के लिए जरूरी है।

-ग्राम प्रधान से बोलिए, एसडीएम के पास जाएं और पूरी समस्या बताएं। नाली बनाने में जो अवरोध पैदा कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# संतबली यादव हत्याकांड का नामजद आरोपित गिरफ्तार

जासं, मेंहदावल : मेंहदावल पुलिस ने शुक्रवार को संतबली यादव हत्याकांड के वांछित आरोपित श्याम मोहन पुत्र श्रीराम सागर निवासी अमरडोभा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेज दिया गया। यह मामला गत 14 जून का है, जब ग्राम सिक्टौर माफी में आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में संतबली यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। हत्याकांड में नामजद आरोपित श्याम मोहन घटना के बाद से फरार चल रहा था। मेंहदावल पुलिस ने उसे शुक्रवार को उसके घर से गिरफ्तार

# पंचायत के दौरान दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल



घायल हरीश



घायल खालिद



घायल खान अब्दुल्ला



घायल निसार अहमद



घायल नसरीन

जासं, महुली : छितही गांव में शुक्रवार को मकान के बंटवारे को लेकर बुलाई गई पंचायत में मारपीट हो गई। मामूली कहासुनी के बाद भिड़े दोनों पक्षों में हुई मारपीट में पांच को चोटें आईं हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर भेजवाया। छितही कस्बा निवासी खालिद और नसरीन पत्नी स्वर्गीय शाहिद के बीच घर के बंटवारे को लेकर शुक्रवार सुबह 11 बजे पंचायत बुलाई गई थी। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी, जो मारपीट में बदल गई। इस घटना में एक पक्ष से खालिद, अब्दुल्ला, सैफ और दूसरे पक्ष से नसरीन, हारिस और अब्दुल्ला को चोटें आईं हैं। इनमें खालिद, अब्दुल्ला और नसरीन को गंभीर चोटें आई हैं। खालिद का कहना है कि उन्होंने मकान का कुछ हिस्सा अपने भाइयों से बैनामा करवा लिया है, जिसमें नसरीन और उनके बेटे जबरन हिस्सा मांग रहे हैं। नसरीन का आरोप है कि पट्टीदारों ने घर में घुसकर उन्हें और उनके बेटों को पीटा, घर से बाहर निकाल दिया और कमरे में ताला जड़ दिया। दोनों पक्षों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष रजनीश राय ने बताया कि चार आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

# जमीनी रंजिश में बुजुर्ग पर हमला, घर में की तोड़फोड़

- कट्टा-पिस्टल लहराकर दी जान से मारने की धमकी
- बुजुर्ग ने कोतवाली थाने में दी तहरीर, पांच पर मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली क्षेत्र के झीनखाल मेहनिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर 93 वर्षीय बुजुर्ग के घर पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन सगे भाइयों समेत पांच आरोपितों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित खदेरु राम मास्टर ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनका पट्टीदार दीनानाथ से लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते 12 जुलाई की शाम करीब छह बजे दीनानाथ, उनके भाई सुभाषचंद्र, प्रभूनाथ व प्रभूनाथ की पत्नी आरती देवी और बेटे दीपक ने लाठी-डंडा व असलहा लेकर उनके दरवाजे पर चढ़ गए और अपशब्द कहने लगे, उन्होंने विरोध किया तो दीनानाथ ने कट्टा सटाकर जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह भागकर कमरे में छिप गए और शोर मचाया। आरोपितों ने घर में घुसकर बर्तन सहित अन्य सामान तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। उस समय घर में महिलाएं और बच्चे ही मौजूद थे। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# और दहेज की मांग करने पर टूटी शादी, पहले दिए गए आठ लाख रुपये भी नहीं लौटाए

जासं, संतकबीर नगर: खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र में दहेज की अतिरिक्त मांग के चलते एक तय विवाह टूट गया। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि शादी तय होने के बाद दूल्हे पक्ष को करीब आठ लाख रुपये मूल्य की संपत्ति व सामान दिया गया था, इसके बावजूद बरात लाने से कुछ दिन पहले तीन से चार लाख रुपये की और मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर विवाह से इन्कार कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दूल्हे सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोरखपुर जनपद के चिलुआताल थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर माफी गांव निवासी राघवेंद्र यादव ने बताया कि उनकी बेटी की शादी खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के बनपुरवा गांव निवासी शिवम यादव से 24 अप्रैल 2025 को तय हुई थी। उन्होंने दूल्हा पक्ष को दहेज में 2.57 लाख की नकद राशि बैंक खाते में, 80 हजार रुपये मूल्य की एक भैंस दिए। इसके अलावा चार डिसमिल जमीन दूल्हे की मां गिरिजा देवी के नाम रजिस्ट्री की गई। इतना देने के बाद शादी से 10 दिन पहले दूल्हे के भाई सुंदरम यादव और चाचा दीनानाथ यादव ने तीन से चार लाख रुपये और देने की मांग की। पिता राघवेंद्र यादव ने कहा कि जब वे अतिरिक्त रकम देने में असमर्थ रहे, तो बरात लाने से इन्कार कर दिया गया। शादी टूटने के बाद रिश्तेदारों की मौजूदगी में बैठकर समझौता किया गया, जिसमें तीन माह में धन-संपत्ति वापस करने की बात कही गई। लेकिन निर्धारित समय के बाद भी पैसा नहीं लौटाया गया। कोतवाली प्रभारी पंकज पांडेय ने बताया कि दूल्हे शिवम यादव, उसके भाई सुंदरम यादव, चाचा दीनानाथ यादव समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।



धनघटा के कटार जोत में प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका को समझाती पुलिस ● जागरण

# प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका, गांव में चला हाईवोल्टेज ड्रामा

जासं, धनघटा : थाना क्षेत्र के ग्राम कटार जोत में शुक्रवार को एक प्रेम प्रसंग का पर्दाफाश तब हुआ जब गांव की ही युवती शादी की मांग को लेकर प्रेमी के घर पहुंच गई। इस दौरान मौके पर जमकर हंगामा हुआ और दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले को शांत कराने में जुट गई। युवती का आरोप है कि गांव के ही युवक ने एक वर्ष पहले प्रेम संबंध बनाते समय शादी का वादा किया था। लेकिन अब वह मुकर रहा है। युवती ने शादी की जिद पर अड़े रहने का फैसला किया, जिससे गांव में दो घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

**ग्रामीणों की भीड़, दो घंटे तक चली बातचीत** : युवती के प्रेमी के घर पहुंचने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। दोनों पक्षों के बीच लगभग दो घंटे तक बातचीत होती रही, लेकिन शुरू में कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। बाद में पुलिस की मध्यस्थता और ग्रामीणों की समझाने के बाद प्रेमी के स्वजन शादी के लिए तैयार हो गए। उन्होंने विवाह के लिए कुछ समय मांगा, जिस पर युवती और उसके स्वजन भी सहमत हो गए। गांव में इस घटनाक्रम को लेकर देर शाम तक चर्चा बनी रही और माहौल गर्म रहा।

# नौकरी का झांसा देकर युवती को भगाने का आरोप, तीन पर मुकदमा

जासं, धनघटा : थाना क्षेत्र के बकौली कला गांव में युवती को नौकरी का झांसा देकर भगा ले जाने और धर्मांतरण की आशंका के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्रामीण राधेश्याम पुत्र राजाराम ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले उसकी अविवाहित बेटी को गांव के ही मुस्लिम समुदाय के युवक ने नौकरी दिलाने का झांसा दिया और भगा ले गया। युवती का कोई सुराग नहीं मिला है। पीड़ित पिता का कहना है कि आरोपी युवक के घर के अला

# खलीलाबाद से लापता पांचों बालक गोरखपुर जिले में मिले

**पांचों बालकों ने कहा, गोरखपुर नौका बिहार गए थे घूमने, पुलिस ने 24 घंटे में बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के अलग-अलग मुहल्लों/गांवों से एक साथ लापता हुए पांच बालकों को 17 जुलाई की रात्रि गोरखपुर से बरामद कर लिया गया है। 24



घंटे में बरामद हुए इन पांचों बालकों को शुक्रवार को पुलिस ने नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए इनके परिजनों को सुपुर्द किया। अपने-अपने बेटों को पाकर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने पुलिस के इस सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि गुमशुदा बालकों अनुराग यादव (12वर्ष) पुत्र योगेन्द्र यादव मोहल्ला उस्का खुर्द खलीलाबाद, आजाद (12) वर्ष पुत्र स्व. जय हिंद, किशन शर्मा (13) वर्ष पुत्र ब्यास शर्मा, अनीश चौहान (12) वर्ष पुत्र मोहन चौहान मोहल्ला तितौवा कोतवाली खलीलाबाद और यूसुफ (13) वर्ष पुत्र मो. हसन निवासी केरमुआ माफी

के साथ बिना बताये कहीं चला गया था। देर शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परिजन परेशान हो गए। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बच्चों को बरामद करने की गुहार लगाई थी। पुलिस एवं परिजन रात से ही इन बच्चों का तलाश किए लेकिन गुरुवार की शाम तक इन बच्चों का कहीं पता नहीं चल सका था। करीब 09:00 बजे रात्रि में इंटरनेशनल बाटी चोखा ढ़ाबा गोरखपुर के पास इन बच्चों के रहने की सूचना प्राप्त हुई। जिन्हें 24 घंटे में बरामद कर लिया गया। पांचों बच्चों ने बताया कि वे सभी एक साथ मिलकर पैसे इकट्ठा कर गोरखपुर घूमने गये थे। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस गुमशुदा पांचों बच्चों को बरामद करके नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उनके

# किशोरी के अपहरण के आरोप में अज्ञात नामजद

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को शुक्रवार को अज्ञात युवक द्वारा बहला-फुसलाकर उसका अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। काफी खोजबीन के बाद जब परिजनों को किशोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजन धनघटा थाने पहुंच गए और अज्ञात युवक के विरूद्ध पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र सौंप दिया जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात युवक के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर अपहृता की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में धनघटा थाने के बगल के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया है कि शुक्रवार को उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को किसी अज्ञात युवक द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया है। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात युवक के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 87,137 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर अपहृता और अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि जल्द ही अपहृता को बरामद कर नामजद आरोपी की पहचान करते हुए उसे भी गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# युवक की पिटाई के आरोप में एक नामजद

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थानान्तर्गत स्थानीय धनघटा गांव निवासी एक युवक को तहसील गेट पर गुरूवार की शाम मारपीट कर घायल करने के आरोप में घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने एक हमलावर के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के स्थानीय धनघटा गांव निवासी सूरज गोस्वामी पुत्र संजय गोस्वामी ने बताया है कि गुरूवार की शाम को वह तहसील गेट पर ठेले के सामने भूजा खा रहा था उसी दौरान धनघटा गांव निवासी सत्यम यादव उर्फ दीपक पुत्र बीरचन्द यादव थार गाड़ी नम्बर यू.पी.32 क्यू.आर.9555 से पहुंचा और उसे गाली देने लगा। गाली देने का विरोध करने पर वह गाड़ी से उतर कर उसके उपर हमला कर दिया और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में उसके बांए हाथ में काफी चोटे आई है जिससे उसका बांया हाथ उठ नही रहा है और काफी दर्द हो रहा है। घटना को लेकर वह थाने पर प्रार्थनापत्र देने जा रहा था तो हमलावर वापस आकर दुबारा से उसे मारने-पीटने की धमकी देने लगा। हमलावर ने इससे पूर्व 22 नवम्बर 2024 को भी उसे जान-माल की धमकी दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर सत्यम यादव उर्फ दीपक के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 351 (3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावर को गिरफ्त में लेकर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पत्रकारों के सुझावों पर की जाएगी कार्रवाई : डीएम



संतकबीरनगर (एसएनबी)। शुक्रवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में 'पत्रकार स्थायी समिति' की बैठक जिलाधिकारी के निवर्तन कक्ष में हुई। बैठक में प्रशिक्षु पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सहित स्थायी समिति के सदस्यगण वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार श्रीवास्तव, राजेश पांडेय, रमेश शर्मा एवं सौरभ त्रिपाठी मौजूद रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद स्तर पर पत्रकारों एवं जिला प्रशासन के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने एवं प्रेस की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाये रखने के उद्देश्य से पत्रकार स्थायी समिति की बैठकें निर्धारित समय अंतराल पर आयोजित की जाती रहेंगी। उन्होंने कहा कि समिति के पत्रकार सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर कार्रवाई की जाएगी।

वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपद में सूचना संकुल/प्रेस क्लब भवन निर्माण से संबंधित सुझाव एवं प्रेस क्लब भवन निर्माण की प्रक्रिया में प्रगति लाने के बिंदु पर जिलाधिकारी द्वारा सूचना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस संबंध में मुख्यालय स्तर पर व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर अनुरोध कर लिया जाय जिससे जनपद में सूचना संकुल/प्रेस क्लब भवन निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराया जा सके। सूचना अधिकारी ने समिति को अवगत कराया कि

## डीएम की अध्यक्षता में हुई पत्रकार स्थायी समिति की बैठक

सूचना संकुल भवन के निर्माण के संबंध में हाल ही में शासन/मुख्यालय को एक अनुस्मारक पत्र भी प्रेषित कर दिया गया है। वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकार रमेश शर्मा का प्रिंटिंग संबंधी भुगतान विगत काफी समय से जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय स्तर पर लंबित होने के प्रकरण पर अवगत कराया। जिलाधिकारी ने इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी से जानकारी कर भुगतान कराने हेतु आश्वस्त किया। इसी क्रम में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद खलीलाबाद द्वारा जनसूचना न देने के नाम पर जनसूचना अधिकारी नियमावली 2015 में शुल्क के प्रावधान की गलत व्याख्या कर आवेदन लौटाने की शिकायत को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया और कारवाई का आश्वासन दिया। पत्रकार सौरभ त्रिपाठी ने धनघटा तहसील में पत्रकारों की सुविधा के दृष्टिगत जन सहयोग से भवन निर्माण करने हेतु सूचना विभाग, संत कबीर नगर के नाम से जमीन उपलब्ध कराने के संबंध में विगत बैठकों में तत्कालीन जिलाधिकारी के निर्देशों का हवाला देते हुए अग्रिम कार्रवाई की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने नियमानुसार कार्रवाई कराने हेतु आश्वस्त किया। बैठक में पत्रकार बंधुओं द्वारा उठाये गये बिन्दुओं एवं दिये गये सुझावों का जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए आश्वस्त किया गया कि प्रशासन पूरी तरह से पत्रकारों की सुरक्षा एवं हित को वरीयता देता है। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रिंट/इलेक्ट्रनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं के साथ किसी भी स्तर पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यदि किसी तरह का उत्पीड़न/व्यवधान संज्ञान में आता है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों द्वारा प्रशासन एवं पत्रकार के बीच आपसी ताल-मेल एवं सौहार्द को बेहतर बनाये रखने से संबंधित सुझावों की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने पत्रकार हित में उठाई गई मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर पत्रकार स्थायी समिति के सभी सदस्यगण एवं सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज उपस्थित रहे।

# पंचायत के दौरान दो पक्षों में संघर्ष, दर्जन भर घायल

**धनघटा (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छितहीं में शुक्रवार को घर के बंटवारे को लेकर बुलाई गई पंचायत में ही दो पक्ष आपस में भिड़ गए और खूब लाठी-डंडा चले जिसमें दोनों पक्षों से पांच-पांच समेत कुल 12 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है। ग्राम पंचायत छितहीं कस्बा निवासी खालिद पुत्र मुहम्मद शमीव नसरीन पत्नी स्व.शाहिद के बीच घर में कमरे को बंटवारा की दर्जनों ग्रामीणों के समक्ष दिन के 11 बजे लगभग पंचायत हो रही थी। मामूली कहासुनी के बाद पंचायत में ही दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए जिससे पंचायत कर रहे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। जमकर हुई मारपीट में एक तरफ से खालिद पुत्र मुहम्मद शमी खान, अब्दुल्लाह पुत्र शमशेर अली, शैफ पुत्र खालिद तथा दूसरे पक्ष से विधवा नसरीन पत्नी स्व.शाहिद, हारिश पुत्र स्व.शाहिद, अब्दुल्लाह पुत्र शाहिद के अलावा पंचायत करने आए ग्रामीण निसार अहमद पुत्र अतीकुर्रहमान, जमाल पुत्र

## फावड़े से हमले में युवक गंभीर

**धनघटा (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम तरयापार में मां को मारने का विरोध करने पर भाई ने भाई के उपर फावड़ा से हमला कर दिया जिससे उसका दाहिना हाथ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरयापार गांव निवासी परशुराम का शराबी बेटा शराब पीने के लिए घर के कमरे का ताला तोड़कर चावल निकाल कर बेचने के लिए ले जा रहा था तभी बड़े भाई रामजनक पुत्र परशुराम व मां अमृता देवी ने मना किया तो बगल में रखा फावड़ा से अपने भाई के उपर हमला बोल दिया तथा डंडे से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया और चावल लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी पीड़ित अमृता देवी महुली पुलिस को दे दिया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया था। थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय ने बताया कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर मनबढ़ों ने परिवार को पीटा, सात घायल

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के हंरदी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर गुरूवार की शाम को कुछ मनबढ लाठी-डंडे से लैश होकर उसके घर में घुस गए। परिवार के उपर हमला कर दिया। मनबढ हमलावरों ने मारपीट कर परिवार के सात लोगों को बुरी तरह घायल कर दिया। घटना को लेकर घायल की तहरीर पर पुलिस ने चार हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के हरदी गांव निवासी देवीशरण पुत्र रामनयन ने बताया कि गुरूवार की शाम को पुरानी रंजिश के चलते गांव निवासी पृथ्वीपाल,राजेश, राजकुमार व पृथ्वीराज पुत्रगण परमात्मा लाठी-डंडा लेकर उसके घर में घुस गए और उसके उपर हमला कर दिया। इस दौरान बीचबचाव करने पहुंची घर की महिलाएं प्रीति पुत्री देंवी चन्दन,मिश्रावती देवी पत्नी देवीचन्दन, मालती पत्नी मेवालाल,सुभावती देवी पत्नी देवीशरण, विभा पुत्री देवीशरण तथा प्रियंका पुत्री देवीशरण को भी हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर पुलिस ने तहरीर के आधार पर हमलावर पृथ्वीपाल,रोजश,राजकुमार और पृथ्वीराज के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुत्रहंता पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** थाना दुधारा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 08 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में पिता को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया। पति-पत्नी के विवाद में पिता द्वारा शराब के नशे में मासूम बालक की पिटाई के कारण उसकी मृत्यु होने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के निकट पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष दुधारा इन्द्रभूषण सिंह के नेतृत्व में थाना दुधारा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 258/2025 धारा 103(1)/115(2)/352 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त मोईद अहमद पुत्र स्व. सईद अहमद उर्फ पीटर निवासी दुधारा थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को जातेडीहा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि दिनांक 17.07.2025 को वादिनी संजीदा खातून पत्नी मोईद अहमद निवासी दुधारा थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गई कि उनके पति झगड़ालू व घुमक्कड़ किस्म के व्यक्ति हैं। दिनांक 16.07.2025 की रात में बिना किसी बात के वादिनी को मारें-पीटे व उसके बाद उनके 08 वर्षीय पुत्र अदनान के सीने पर चढ़कर मारने लगे जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

# पाक्सो एक्ट में अभियुक्त को तीन वर्ष का कारावास व तीन हजार जुर्माना की सजा

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** आपरेशन शिकंजा अभियान के तहत जनपद पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप पाक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त को 03 वर्ष का कारावास व 3000 ₹ के अर्थदण्ड की सजा कोर्ट द्वारा सुनाई गई है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने दी है। श्री मीना ने बताया कि पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में आज न्यायालय ए.एस.जे0/एस.पी.जे./ पाक्सो एक्ट द्वारा एक अभियुक्तको 03 वर्ष के कारावास व 3,000 ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश पारित किया गया है। उन्होंने बताया कि मु.अ.सं. 57/2018 धारा 363/366/376 भा.द.वि. व पाक्सो एक्ट थाना धर्मसिंहवा जनपद संतकबीरनगर से संबंधित अभियुक्त समसुद्दीन उर्फ शम्सू पुत्र नवाजुद्दीन निवासी बौरव्यास थाना धर्मसिंहवा जनपद संतकबीरनगर को धारा 363/366/376 भा.द.वि. व पाक्सो एक्ट के तहत दोषमुक्त कर धारा 16/17 पाक्सो एक्ट के अपराध के लिए 03 वर्ष कारावास व 3000 ₹ अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित करने का आदेश पारित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 01 माह के कठोर कारावास का दण्ड भुगतना होगा।

GONDA POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2025

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में छह पर मुकदमा

मनकापुर (गोंडा)। ग्राम दुर्गा चांदपुर की रहने वाली संगीता ने बताया कि ससुरालीजन कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। सोने की चेन व डेढ़ लाख रुपये की मांग पूरी न होने से पति सूरज भारती, ससुर हरीराम, सास सुशीला, देवर प्रिंशू ने मारपीट कर घर से भगा दिया। वहीं ग्राम मझेरिया की पूनम पांडेय ने बताया कि उसकी शादी बीते नौ मई को कन्हैया लाल मिश्रा के साथ हुई थी। अधिक दहेज की मांग को लेकर सास व पति प्रताड़ित करते थे। 14 जुलाई की रात पति व सास कमलेश मिश्रा ने पीटा जिससे वह बेहोश हो गई। कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि दोनों ही मामलों में छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# लिखने की आदत डालें विद्यार्थी

## अभ्युदय अभिनंदन समारोह में मंडलायुक्त ने छात्र-छात्राओं को दिए सफलता के टिप्स

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत चलने वाली कोचिंग में चयनित छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए शुक्रवार को टाउन हॉल में अभ्युदय अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने छात्र-छात्राओं को पूरी लगन से तैयारी करने एवं जीवन में सफल होने की सीख दी। कहा कि सभी छात्र अधिक से अधिक लिखने की आदत डालें और अपने शब्दकोश का भंडार बढ़ाएं। केवल पढ़ाई में ही ध्यान लगाएं। व्यर्थ की चीजों में अपना वक्त बर्बाद न करें। लिखने की आदत डालें। मोबाइल का इस्तेमाल कम से कम करें।



अभ्यर्थियों को संबोधित करते मंडलायुक्त, सीडीओ व अन्य अधिकारी। स्रोत: सूचना विभाग

कार्यक्रम में मंडलायुक्त ने विद्यार्थियों से संवाद भी किया। कहा कि आप सब अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। यह समय आपके लिए बहुत कीमती है। इस समय आप जो भी तैयारी करेंगे, उसका फल आपको आगे आने वाले जीवन में मिलेगा। यदि आप इस समय को व्यर्थ जाने देंगे तो आपका भविष्य भी अंधकार में चला जाएगा। कहा कि सभी छात्र पूरी मेहनत व ईमानदारी से परीक्षाओं की तैयारी करें।

मंडलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सफलता के लिए अनुशासित अध्ययन, निरंतर अभ्यास व आत्म मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को पाठ्यक्रम के गहन अध्ययन, ग्रुप डिस्कशन में भाग लेने और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने की सलाह दी।

सीडीओ अंकिता जैन ने बताया कि कोचिंग की ये निशुल्क सुविधा छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी में मदद करेगी। उन्होंने सभी छात्रों से समय का सदुपयोग करने का आग्रह किया। एसपी की पत्नी व एसोसिएट प्रोफेसर तन्वी जायसवाल और एलबीएस पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आरके पांडेय ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर जानकारी दी।

### क्लास रूम में लगेंगे दो एसी

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने क्लास रूम में एसी लगवाने की मांग की। जिस पर मंडलायुक्त ने सीडीओ को तत्काल क्लास रूम में दो एसी लगवाने के निर्देश दिए। इस पर छात्र-छात्राओं ने ताली बजाकर आभार जताया।

# हमले का आरोपी गिरफ्तार

**कटरा बाजार( गोंडा)।** इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि नगर पंचायत कटरा बाजार के वार्ड नंबर चार निवासी निजामुद्दीन पर 13 जुलाई को चाकू से हमला करने वाले सज्जाद को उपनिरीक्षक रजनीश द्विवेदी ने उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया है। वहीं, तिलका के सीरपुरवा निवासी मुलुकराज को एक टुल्लू पंप के साथ बालपुर तिराहा से गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# पुलिस ने खड़ंजा हटवा कर शांत कराया विवाद

**मुजेहना (गोंडा)।** धानेपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रुद्रगढ़ नौसी में खड़ंजा लगवाने को लेकर विवाद चल रहा है। गांव निवासी राम गोपाल मौर्या, रामरूप, रामानंद, कमलेश दुबे, सर्वेश दुबे आदि दो दर्जन ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस बल भेज कर खड़ंजा हटवा कर विवाद शांत करा दिया है। (संवाद)

# मां-बेटी को घर में कर दिया बंद

**वजीरगंज (गोंडा)।** सेहरिया निवासी सुंदर देवी ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि बृहस्पतिवार की रात 10 बजे गांव के ही भवानी बक्स सिंह, शिव बक्स सिंह, सत्यम सिंह, रिंकी सिंह, विकास सिंह, चंद्रावती व शुभी सिंह ने पांच अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर उसे व उसकी बेटी काजल को घर के अंदर बंद कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए दरवाजे पर बनी बाउंड्रीवाल को भी तोड़ दिया। साथ ही यूकेलिप्टस के 17 पेड़ काटकर गिरा दिए। (संवाद)

# युवक पर अपहरण का केस दर्ज

**मनकापुर (गोंडा)।** एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने बताया कि चार दिन पूर्व उसकी 22 वर्षीय पुत्री घर से बाहर निकली थी। काफी समय तक वापस न आने पर खोजबीन करता रहा। कहीं से भी पता नहीं चला। कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि सौरभ के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में छह पर मुकदमा

**मनकापुर (गोंडा)।** ग्राम दुर्गा चांदपुर की रहने वाली संगीता ने बताया कि ससुरालीजन कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। सोने की चेन व डेढ़ लाख रुपये की मांग पूरी न होने से पति सूरज भारती, ससुर हरीराम, सास सुशीला, देवर प्रिंशू ने मारपीट कर घर से भगा दिया। वहीं ग्राम मझेरिया की पूनम पांडेय ने बताया कि उसकी शादी बीते नौ मई को कन्हैया लाल मिश्रा के साथ हुई थी। अधिक दहेज की मांग को लेकर सास व पति प्रताड़ित करते थे। 14 जुलाई की रात पति व सास कमलेश मिश्रा ने पीटा जिससे वह बेहोश हो गई। कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि दोनों ही मामलों में छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# भूमि बेचने के नाम पर हड़पे 37 लाख, केस दर्ज

**मुजेहना (गोंडा)।** देवरिया अलावल गांव के अख्तर खान ने बताया कि उसने इरफान से गांव में स्थित एक प्लॉट 40 लाख रुपये में खरीदने का सौदा किया था। इस सौदे में उन्होंने एचडीएफसी बैंक पुणे के अपने खाते से 30.30 लाख रुपये ऑनलाइन और चेक के जरिए इरफान के खाते में भेजा था। साथ ही 7 लाख रुपए नकद दिया था। 28 मई को रजिस्ट्री के लिए गवाहों के साथ गोंडा रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे। लेकिन विपक्षी इरफान न तो वहां आया और न ही फोन उठाया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# आत्महत्या के लिए उकसाने में तीन गिरफ्तार

**माधोपुर।** इंस्पेक्टर कटरा बाजार राजेश सिंह ने बताया कि 16 जुलाई को एक गांव में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शकील, कमालुद्दीन व जमालुद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# दो सप्ताह बाद भी नहीं मिला युवक

**करनैलगंज।** कोतवाली करनैलगंज के ग्राम करुवा निवासी प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार गोस्वामी के भतीजे का दो सप्ताह बाद भी पता नहीं चला है। उन्होंने बताया कि 23 वर्षीय भतीजा विवेक गोस्वामी दो सप्ताह पहले दो जुलाई को अचानक लापता हो गया था। कोतवाली करनैलगंज में विवेक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। (संवाद)

# मूर्तियों की चोरी के बाद हटाए गए परसपुर थानाध्यक्ष

परसपुर (गोंडा)। परसपुर रियासत के प्राचीन राजमंदिर ठाकुरद्वारा से अष्टधातु की राम, लक्ष्मण व लड्डू गोपाल की मूर्तियां चोरी होने के बाद एसपी ने थानाध्यक्ष परसपुर को हटा दिया है। उनके स्थान पर सर्विलांस सेल के प्रभारी अनुज त्रिपाठी को परसपुर थानाध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, वारदात के खुलासे के लिए एसओजी, सर्विलांस समेत पांच टीमें लगाई हैं।

**फॉलोअप**

प्राचीन राजमंदिर ठाकुरद्वारा में पुजारी बुधवार शाम पूजा-अर्चना के बाद मुख्य गेट में ताला लगाकर घर चले गए थे। इसके बाद मंदिर से राम, लक्ष्मण व लड्डू गोपाल की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी हो गई थीं। मामले में अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि वारदात के खुलासे के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। चोरी की अन्य घटनाओं के बारे में भी जानकारी की जा रही है। पुलिस हर पहलू पर नजर रख रही है। एसपी ने बताया कि परसपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष शरदेंदु कुमार पांडेय बीमारी के कारण लंबी छुट्टी पर गए हैं। इसलिए सर्विलांस सेल के प्रभारी अनुज त्रिपाठी को परसपुर थानाध्यक्ष पद पर तैनाती दी गई है। (संवाद)

# झूठी निकली स्टेशन मास्टर से लूट की घटना

## जांच में हुए खुलासे के बाद स्टेशन मास्टर को किया गया निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर सुभाष चंद्र विश्वकर्मा के साथ मारपीट व लूट की घटना रेलवे अधिकारियों की जांच में झूठी मिली है। इसके बाद रेलवे प्रशासन ने स्टेशन मास्टर को निलंबित कर दिया है।

चौकाघाट के स्टेशन मास्टर व नगर कोतवाली के बुधई पुरवा पूरे शिवावख्तावर निवासी सुभाष चंद्र विश्वकर्मा का गांव के ही संजीव तिवारी से भूमि विवाद चल रहा है। बुधवार की रात 12 से सुबह आठ बजे तक सुभाष की स्टेशन पर ड्यूटी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि गले में रस्सी बांधकर पहले उनका गला दबाने की कोशिश की गई। इसके बाद मारपीट कर सोने की चेन व अंगूठी लूट ली गई। उनके मूर्छित होने पर हमलावर भाग गए।

इस दौरान लाइन क्लीयर न होने की कंट्रोल रूम से सूचना पर बुढ़वल स्टेशन के आरपीएफ कोतवाल [illegible]मेर सिंह यादव एवं यातायात निरीक्षक बादशाह [illegible]गर अजय कुमार कनौजिया चौकाघाट पहुंचे। जांच [illegible]में पाया गया कि स्टेशन मास्टर ड्यूटी कक्ष से मात्र 2[illegible] मीटर दूर प्लेटफार्म नंबर एक पर पड़े थे। उनके गले में जूट की पतली रस्सी लिपटी थी और आंखें खुल नहीं रही थीं। वह कुछ बोल भी नहीं रहे थे।

### विपक्षी को फंसाने के लिए साजिश रचने की जताई गई आशंका

टीम ने चौकाघाट पर तैनात कॉन्स्टेबल सुरेंद्र सिंह रावत सहित अन्य को लेकर स्टेशन मास्टर कक्ष में पहुंची तो वहां रिले केंद्र बंद था और मेज पर स्टेशन मास्टर का मोबाइल रखा था। टीम स्टेशन मास्टर को रामनगर सीएचसी में ले गई। डॉक्टर ने चेकअप किया तो उनका ब्लड प्रेशर व पल्स रेट सामान्य थी। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बाराबंकी में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टर ने शुक्रवार दोपहर 01:30 बजे डिस्चार्ज कर दिया।

टीम ने जांच में वारदात को फर्जी करार दिया। जांच टीम की रिपोर्ट पर रेलवे के प्रिंसिपल चीफ ऑपरेटिंग मैनेजर अनूप सतपथी ने स्टेशन मास्टर सुभाष चंद्र विश्वकर्मा को निलंबित कर दिया है।

**छह पर केस :** जीआरपी कोतवाल बांकेलाल ने बताया कि स्टेशन मास्टर सुभाष चंद्र की तहरीर पर रंजिश में मारपीट, लूट व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप संजीव तिवारी समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### स्टेशन मास्टर की साजिश से एक घंटे बाधित रहा ट्रेनों का संचालन

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक बृहस्पतिवार भोर 03:46 बजे अरुणाचल एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन (22411अप) को घाघरा घाट से लाइन क्लियर मिला। इसी समय पर हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन (12596 डाउन) को बुढ़वल स्टेशन से लाइन क्लियर दिया गया, लेकिन चौकाघाट स्टेशन से सिग्नल नहीं मिलने के कारण ये दोनों ट्रेनें दोनों स्टेशनों के बीच में एक घंटे तक अप व डाउन ट्रैक पर खड़ी रहीं।

- साथ ही पीलीभीत एक्सप्रेस 10 मिनट, आम्रपाली 35 मिनट, गोरखपुर वीकली एक्सप्रेस 35 मिनट, बरौनी स्पेशल 17 मिनट, सत्याग्रह एक्सप्रेस 45 मिनट तथा बांद्रा एक्सप्रेस 25 मिनट विलंबित हुई। हालांकि बाद में मौके पर पहुंची रेलवे की टीम ने इमरजेंसी चाबी से रिले सेंटर खोलकर ट्रेनों का संचालन शुरू कराया।

# आपसी विवाद के बाद पीटने पर केस दर्ज

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहनपुर सरायखत्री निवासिनी सुनीता पत्नी रतीपाल सोनकर ने थाने पर तहरीर दी है। आरोप है कि गुरुवार दोपहर बकरी के फसल नुकसान करने को लेकर गांव के किसान सोनकर व पुत्री आशा सोनकर ने पीड़िता की पुत्री संजू सोनकर व पुत्र प्रकाश को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।

# कॉलेज गई लड़की लापता, पुलिस तलाश में जुटी

गोण्डा। देहात कोतवाली क्षेत्र के व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 18 वर्षीय लड़की अपने हाईस्कूल का मार्कशीट लेने कॉलेज जा रही थी, तभी अज्ञात युवक उसे भगा ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात युवक के मोबाइल नंबर की जांच शुरू कर लड़की की तलाश में जुट गई है।

# आपसी विवाद को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

धानेपुर। रानीजोत में आपसी विवाद को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मां-बेटे सहित तीन पर केस दर्ज किया है। गांव की सीमा पुत्री रक्षा राम के मुताबिक आपसी विवाद को लेकर उसके गांव के रहने वाले सूरज ने अपनी मां कुसुमा व बहन रूबी के साथ मिलकर अपशब्द कहते हुए मूका थप्पड़, लाठी-डंडों से मारा-पीटा।

# भूमि विवाद में अभद्रता और छेड़खानी का आरोप

वजीरगंज। कस्बा निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है कि जमीन विवाद को लेकर अखिलेश कौशल, अनूप पर मारपीट व पुत्री के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया है। थाने के सिपाही द्वारा विरोधी पक्ष की मदद करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। प्रार्थनापत्र के अनुसार आरोपी उसके सहन से रास्ते की मांग को लेकर मारपीट को अमादा रहते हैं।

# घर में घुसकर मारपीट कर गाड़ी तोड़ी, रिपोर्ट

गोण्डा। मुंडेरवाकला पम्पापुर दबंगों ने एक घर में घुसकर मारपीट की। उन पर गाड़ी तोड़ने और फायरिंग करने का आरोप भी लगा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित राहुल पाण्डेय के मुताबिक वह अपने घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान आरोपी रमेश शुक्ला आया और उनसे ठंडा पानी मांगने लगा। जब उन्होंने पानी देने से मना कर दिया, तो रमेश शुक्ला ने अपशब्द कहा।

# दंपति और बेटे को पीटा, केस दर्ज

खरगूपुर, संवाददाता। पुरानी रंजिश को लेकर पति-पत्नी व बेटे पर हमला कर घायल कर दिया गया। चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

चंद्रिका प्रसाद सोनकर ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि गुरुवार रात वह अपनी पत्नी के साथ बाजार से घर वापस जा रहा था। रास्ते में तेलई पुरवा चौराहे के पास राजितराम सोनकर, मालिकराम सोनकर, सालिकराम व लैला ने उसकी पत्नी को धक्का देकर गिरा दिया। विरोध करने पर उसे व उसके बेटे अंगद कुमार पर लाठी डंडे से हमलाकर घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए सभी भाग गए।

# जालसाज को पुलिस ने दबोचा

उमरी बेगमगंज। वांछित आरोपी सुंदर सिंह पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी मरजात पुरवा मौजा गंगरौली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फर्जी वसीयत से जमीन हड़पने के मामले में अवध नारायण सिंह ने अर्जुन सिंह व उनके साथ एक दर्जन से अधिक लोगों पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया था।

# चाचा-भतीजे की मौत से गांव में मातम

संवादसूत्र, जागरण बेलसर (गोंडा) : ग्राम पंचायत गोड़वा के पूरे दयाल पुरवा निवासी प्रमोद कुमार व उनके भतीजे दीपक शुक्ल उर्फ सूरज की अयोध्या में गुरुवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत से गांव में मातम है। स्वजन को रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक के घर रिश्तेदार व मित्र शोक संवेदना जता रहे हैं। गांव में चूल्हा नहीं जला। हर कोई उदास है।

कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत गोड़वा के पूरे दयालपुरवा निवासी रामनाथ शुक्ल ने बताया कि गुरुवार की सुबह उनके भाई प्रमोद शुक्ल पिकअप से उनके बेटे दीपक शुक्ल उर्फ सूरज को लेकर बनारस गए थे। वापस लौटते समय गुरुवार की देर रात अयोध्या के बीकापुर थाना के शेखपुर पारा के पास पिकअप डंपर में भिड़ गई और दोनों की मौत हो गई।





दीपक शुक्ला ऊर्फ सूरज • फाइल फोटो   प्रमोद कुमार • फाइल फोटो

देर रात को ही सूचना मिलने के बाद घर में कोहराम मच गया। मृतक प्रमोद छह भाइयों में पांचवें नंबर थे। पिकअप से भाड़ा लादकर बनारस गए थे। मृतक सूरज इकलौता पुत्र था। पिछले वर्ष 28 अप्रैल को इटियाथोक के पारासराय गांव में उनकी शादी हुई थी। सूरज ने इसी वर्ष राजकीय पालीटेक्निक में प्रवेश लिया था। प्रधान शंकर शरण मौर्य ने बताया कि अयोध्या में मृतकों का पोस्टमार्टम हो रहा है। शव अभी घर नहीं आया है।

# अपने ध्यान को केवल पढ़ाई में लगाएं: आयुक्त

**कार्यक्रम**

गोण्डा, संवाददाता। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के मौजूदा सत्र में चयनित छात्र और छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए टाउन हॉल में अभ्युदय अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कमिश्नर, सीडीओ, एएसपी ने प्रतिभाग किया।

साथ ही कार्यक्रम में मंडलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण, पुलिस अधीक्षक की पत्नी व एसोसिएट प्रोफेसर तन्वी जायसवाल व एलबीएस कॉलेज के प्राचार्य मौजूद रहे। आयुक्त ने सरस्वती मां के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने मौजूद सभी छात्रों को पूरी लगन से तैयारी करने एवं जीवन में सफल होने की सीख दी। उन्होंने कहा कि सभी छात्र अधिक से अधिक लिखने की आदत डालें और अपना शब्दकोश का भंडार बढ़ाएं। अपने ध्यान को केवल पढ़ाई में लगायें। व्यर्थ की चीजों में अपने वक्त को बिल्कुल भी बर्बाद न करें। मोबाइल का इस्तेमाल कम से कम करें। उन्होंने सभी छात्रों से अपील करते हुए कहा कि पूरी मेहनत व ईमानदारी से परीक्षाओं की तैयारी करें। मुख्यमंत्री का संकल्प है कि इस अभ्युदय योजना से होनहार छात्र निकल कर प्रशासनिक सेवा में आए। मंडलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण ने सभी छात्र व छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।




शुक्रवार को टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में छात्र को सम्मानित करते आयुक्त।

# घर के सामने से ई रिक्शा चोरी

नंदिनीनगर : मंगुरा बाजार निवासी अजय गुप्ता ने दी गई तहरीर में कहा कि वह कटरा शिवदयालगंज में किराए का कमरा लेकर रहते हैं। गुरुवार की रात में घर के सामने ई रिक्शा खड़ा कर सो गए। चोर ई रिक्शा चुरा ले गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। (संसू)

# 'अधिक लिखने की आदत डालें सभी छात्र'

जासं • गोंडा : छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए टाउन हाल में अभ्युदय अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने सरस्वती मां के चित्र के सामने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को लगन से तैयारी करने एवं जीवन में सफल होने की सीख दी।

उन्होंने कहा कि सभी छात्र अधिक से अधिक लिखने की आदत डालें और अपना शब्दकोश का भंडार बढ़ाएं। अपने ध्यान को केवल पढ़ाई में लगाएं। व्यर्थ की चीजों में अपने वक्त को बिल्कुल भी बर्बाद न करें। मोबाइल का इस्तेमाल कम से कम करें। कहा कि आप सभी माता-पिता के सपनों को साकार करें। यह समय आपके लिए बहुत ही कीमती है। इस समय आप जो भी तैयारी करेंगे उसका फल आपको आगे आने वाले जीवन में मिलेगा। यदि आप इस समय को व्यर्थ जाने देंगे तो आपका भविष्य भी अंधकार में चला जाएगा। इसलिए उन्होंने सभी छात्रों से अपील करते हुए कहा कि सभी छात्र पूरी मेहनत व ईमानदारी से परीक्षाओं की तैयारी करें। मुख्यमंत्री जी का संकल्प है कि इस अभ्युदय योजना से होनहार छात्र निकल कर प्रशासनिक सेवा में आए और देश व प्रदेश को अपनी सेवा प्रदान करें। मंडलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण ने सभी छात्र व छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सफलता के लिए अनुशासित अध्ययन, निरंतर अभ्यास व आत्म-मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को पाठ्यक्रम की गहराई से पढ़ाई करने, ग्रुप डिस्कशन में भाग लेने और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने की सलाह दी। सीडीओ अंकिता जैन ने बताया कि यह निश्शुल्क कोचिंग सुविधा छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी में मदद करेगी। उन्होंने सभी छात्रों से समय का सदुपयोग करने का आग्रह किया।इस दौरान प्रोफेसर तन्वी जायसवाल व एलबीएस कालेज के प्रधानाचार्य प्रो. रवींद्र कुमार मौजूद रहे।



टाउन हाल में छात्रों को संबोधित करते मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील • सूचना विभाग

**छात्रों ने की क्लास रूम में एसी लगवाने की मांग :** कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा क्लास रूम में एसी लगवाने की मांग की। आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी को क्लास रूम में दो ऐसी लगवाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने मौके पर ही आश्वासन दिया किया छात्रों की सुविधा को देखते हुए तत्काल एसी लगवा दिया जाएगा। इस पर सभी छात्रों ने आयुक्त का जोरदार ताली बजाकर आभार व्यक्त किया।

# राममंदिर से अष्टधातु की मूर्तियां चोरी मामले में थानाध्यक्ष हटे



परसपुर रियासत का राजमंदिर जिसमें से राम व लक्ष्मण व लड्डू गोपाल की करोड़ों रुपये कीमत की अष्टधातु की प्रतिमा चोरी हुई • जागरण



राजमंदिर के गर्भगृह में चोरी के बाद बची अष्टधातु की माता सीता जी की मूर्ति, बगल से ले गए अन्य मूर्तियां • जागरण

संसू, जागरण • गोंडा : परसपुर के राजाटोला मुहल्ला स्थित राजमंदिर के गर्भगृह से भगवान राम, लक्ष्मण, लड्डू गोपाल की मूर्ति व सिंहासन चोरी होने के मामले में थानाध्यक्ष शरदेंदु कुमार पांडेय व अतिरिक्त निरीक्षक सभाजीत सिंह को थाने से हटा दिया गया है। प्रभारी स्वाट/सर्विलांस सेल अनुज त्रिपाठी को थानाध्यक्ष परसपुर बनाया गया है। डुमरियाडीह के चौकी प्रभारी आलोक कुमार राय को लाइन हाजिर किया गया है। निरीक्षक व उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है।

बुधवार की रात में नगर पंचायत के राजाटोला मुहल्ला स्थित राजमंदिर के गर्भगृह से चोरी हुई भगवान राम व लक्ष्मण के मूर्तियों का वजन करीब 15-15 किलोग्राम और ऊंचाई डेढ़ फीट बताई जा रही है। इन मूर्तियों के साथ लड्डू गोपाल की एक छोटी मूर्ति और एक छोटा सिंहासन भी चोरी हुआ है। मूर्तियों की कीमत करीब तीस करोड़ बताई जा रही है। परसपुर रियासत के राजमंदिर के सर्वराकार कुंवर विजय बहादुर सिंह बच्चा साहब की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। इतनी बड़ी चोरी को लेकर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की है। शरदेंदु कुमार पांडेय को थानाध्यक्ष के पद से हटाकर डायल 112 में भेज दिया गया है। इसके अलावा परसपुर के अतिरिक्त निरीक्षक सभाजीत सिंह को नगर कोतवाली भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी डुमरियाडीह आलोक कुमार राय को लाइन हाजिर किया गया है। वजीरगंज के उप निरीक्षक राम प्रकाश चंद्र को चौकी प्रभारी डुमरियाडीह बनाया गया है। पुलिस लाइन से राजेश कुमार दुबे को इटियाथोक भेजा गया है। अंकित को कोतवाली नगर से चौकी प्रभारी चचरी बनाया गया है। वैभव सिंह का पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी चचरी के लिए किया गया स्थानांतरण निरस्त किया गया है।

# हत्यारोपितों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस

संसू, जागरण • पंडरी कृपाल (गोंडा) : सिसई टिकरिया गांव में हुई विशाल की हत्या के पांच दिन बीतने के बावजूद पुलिस आरोपितों तक नहीं पहुंच सकी है।

पुलिस व एसओजी टीम विशाल की हत्या के कारण का तलाश में जुटी है। इसमें कई अनसुलझे सवाल का जवाब पुलिस खोजे नहीं पा रही है। हालांकि इस मामले में चार लोगों के खिलाफ देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शनिवार को गांव में स्थित मदरसे में पढ़कर विशाल वापस आया। 11 बजे के करीब खाना खाकर घर के पास बच्चों संग खेलने चला गया। इसके बाद उसका पता नहीं लग सका। सोमवार की सुबह करीब छह बजे गन्ने के खेत में उसका शव बरामद हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विशाल की गला घोंटकर मारने की पुष्टि हुई। मृतक विशाल के पिता गोविंदा ने बताया कि पांच दिन बीत गया लेकिन पुलिस आरोपितों तक नहीं पहुंच सकी। क्षेत्राधिकारी नगर आनंद राय ने बताया कि शीघ्र ही हत्या का राजफाश कर लिया जाएगा।

## फायरिंग का आरोप

पंड़री कृपाल : मुंडेरवा कला पंपापुर के राहुल पांडेय ने रमेश, उदय राज, बसंत लाल, रमेश व दस अज्ञातों फायरिंग करने का आरोप लगाया है। मुकदमा किया गया है। (संसू)

## स्कूल में चोरी

आर्यनगर : प्राथमिक स्कूल रामलला पुरवा के प्रभारी प्रधानाध्यापक भूमेश्वर सिंह ने कहा कि गुरुवार की रात चोर दरवाजा तोड़ सामान चुरा ले गए। जांच की जा रही है। (संसू)

## मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का आरोप, किया प्रदर्शन

संवादसूत्र, जागरण • धानेपुर : मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने थाने के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। ग्राम पंचायत रूद्रगढ़नौसी के रामगोपाल मौर्य ने कहा कि गांव में काली मंदिर है। इसकी जमीन पर कुछ दबंग व्यक्ति कब्जा करना चाहते है। ग्रामीणों का आरोप है कि कब्जे का विरोध करने पर दबंग मारपीट व जान से मारने की धमकी दे रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि खडंजा हटाने के निर्देश दिए है।

BALRAMPUR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2025

# यातायात नियमों संग संकेतकों का कराया बोध



जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह यादव ● सौ. स्वयं

जासं ● बलरामपुरः सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान तुलसीपुर के टीटू वर्ल्ड स्कूल में कार्यशाला में विद्यार्थियों व शिक्षकों को नियमों की जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह यादव ने कहा कि किसी भी दशा में नाबालिग वाहन न चलाएं। बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किए वाहन चलाना अपराध है। बाइक सवार व पीछे बैठने वाले हेलमेट जरूर पहनें क्योंकि दुर्घटना होने पर चालक संग पीछे बैठे व्यक्ति को भी चोट लगने की आशंका रहती है। इसी तरह चार पहिया एवं व्यावसायिक वाहन चालकों को सीट बेल्ट अवश्य बांधनी चाहिए। कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें। दुर्घटना की आशंका रहती है। साथ ही गलत दिशा में व नशे की हालत में वाहन बिल्कुल न चलाएं। इस दौरान छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए पंपलेट वितरित किए गए।

# हिंदू युवतियों से दुष्कर्म में युवक गिरफ्तार

## खेत की जोताई व ट्रैक्टर कार्य के बहाने लड़कियों को फोन कर फंसाता था प्रेमजाल में

- उपहार और धन का लालच देकर करता रहा दुष्कर्म
- आरोपित ने हिंदू युवतियों को टारगेट बनाने की बात स्वीकारी

जागरण संवाददाता • बलरामपुर: हिंदू युवतियों को लक्ष्य बनाकर प्रेमजाल में फंसाकर उनके साथ दुष्कर्म करने वाले मुस्लिम युवक को गौरा चौराहा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त की पहचान महुआ गांव निवासी आसिफ पुत्र शमीम के तौर पर हुई है। पूछताछ में आसिफ ने हिंदू युवतियों को ही अपना टारगेट बनाने की बात स्वीकार की है।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि गौरा चौराहा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बीते गुरुवार को पुलिस को शिकायती पत्र दिया कि आसिफ ने उनकी 20 वर्षीय बेटी व उनके साढ़ू की 23 वर्षीय बेटी को धन देने का लालच देकर उनके साथ दुष्कर्म किया है। जानकारी होने पर जब उलाहना दिया, तो उसने जान से मार डालने की धमकी दी।

प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को महुआ गांव के बाहर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में हेड कांस्टेबल झिनकू यादव, विनोद कुमार एवं कांस्टेबल रामवृक्ष आदि शामिल रहे।

**ट्रैक्टर व खेत जोताई के लिए जाता था गांव**: पूछताछ में आसिफ के मोबाइल में पुलिस को कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। अभियुक्त ने बताया कि उसके पास एक ट्रैक्टर-ट्राली, रोटावेटर और कृषि कार्य से संबंधित कई उपकरण हैं। गांव एवं आसपास के लोग उसे फोन करके बुलाते हैं।

दुष्कर्म का मुकदमा लिखाने वाले व्यक्ति ने भी उसे कई बार खेत की जोताई और अन्य ट्रैक्टर से संबंधित कार्यों के लिए बुलाया था। उसी मोबाइल से वह किसी न किसी बहाने बात करता था। जब लड़की फोन रिसीव करती तो उससे मीठी बातें करता और उपहारों का लालच देता था। वादी और उसके साढ़ू की बेटी से झूठे प्रेम का नाटक करके दोनों से अलग-अलग अकेले में मिलकर दुष्कर्म करता था।



गिरफ्तार अभियुक्त के बारे में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक विकास कुमार • जागरण

## अपहरण के मामले में पाक्सो आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता • बलरामपुर: अपहरण के मामले में वांछित पाक्सो एक्ट आरोपित को ललिया थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि देहात कोतवाली के डीहया सोनपुर गांव निवासी बिहारी लाल वर्मा की गिरफ्तारी की गई है। आरोपित को कुआंनो नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

### चोरी के मामले में चार हजार अर्थदंड

बलरामपुर: न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने चोरी के मामले में अभियुक्त ललिया के नीबा लक्ष्मणपुर गांव निवासी सालिकराम को चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि दो नवंबर 1991 को वादी कधई लाल ने ललिया थाना में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। उपनिरीक्षक वीपी यादव ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में भेजा। पुलिस की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को सजा दिलाई गई।

### दुर्घटना कर चोट पहुंचाने पर जुर्माना

बलरामपुर: सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में आरोपित को 2500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि 24 अक्टूबर 1996 को वादिनी की तहरीर पर विपक्षी राम शब्द के विरुद्ध देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। (जासं)

## दुष्कर्म के दोषी को नौ वर्ष की कैद, 56 हजार अर्थदंड



संवादसूत्र, जागरण • बलरामपुर: अपर सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार ने दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को नौ वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 56 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी ने बताया की थाना रेहराबाजार की एक महिला के साथ क्षेत्र के ही इरशाद ने बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किया घटना की प्राथमिकी की थाना रेहराबाजार में वर्ष 2014 को दर्ज कराई गई थी। अभियोजन की ओर से पीड़िता सहित 10 गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि घटना झूठी है। गवाहों के बयान में विरोधाभास है। पुरानी रंजिश के आधार पर फर्जी मुकदमा लिखाया गया है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 56 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित करते हुए 45 हजार रुपये पीड़िता को प्रतिकर के रूप में अदा करने का आदेश दिया है।

# छांगुर, करीबियों के 22 खातों से मिले 60 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के सुराग

## दूसरे दिन भी ईडी ने बलरामपुर में अवैध धर्मांतरण के आरोपी के ठिकाने खंगाले...बुटीक किया सील, विदेशी खातों में लेनदेन के दस्तावेज जब्त

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ/बलरामपुर।** अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसके करीबियों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों में विदेश से फंडिंग के पुख्ता सुराग मिले हैं।

ईडी के मुताबिक छांगुर और उसके करीबियों के 22 खातों के विश्लेषण के बाद करीब 60 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग होने से जुड़े प्रमाण मिले हैं। इसमें छांगुर, नवीन रोहरा और नीतू रोहरा की भूमिका सामने आई है।

ईडी को छांगुर से जुड़े एक बुटीक से संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। सुभाषनगर स्थित आसवी बुटीक कॉम्पलेक्स को सील कर दिया गया है। इसी बुटीक में छांगुर सारे अवैध धंधे के कागजात रखता था।



छांगुर।



नीतू उर्फ नसरीन

और उसके करीबियों के बलरामपुर, मुंबई व लखनऊ के 15 ठिकानों पर छापा मारा था। शुक्रवार दोपहर तक चली जांच में सामने आया कि छांगुर को मिली रकम से यूपी और महाराष्ट्र में कई संपत्तियों को खरीदा गया जिसमें अधिकांश नवीन व नीतू के नाम हैं। छांगुर और उसके करीबियों के ठिकानों की तलाशी में ईडी को विदेशी संस्थाओं से संबंध होने का पता चला है।

मुंबई में नवीन रोहरा के करीबी सहयोगी शहजाद शेख के मोबाइल फोन में क्रोएशियाई मुद्रा 'कुना' की तस्वीर मिली है। धर्मांतरण रैकेट में



उतरौला में नीतू के शोरूम पर चस्पा किया गया नोटिस। -संवाद

अधिक जानकारी जुटाने के लिए ईडी शेख के मोबाइल डिवाइस से डेटा का विश्लेषण कर रही है। ईडी को छापों के दौरान छांगुर के अवैध धर्मांतरण के सिंडिकेट से जुड़े दस्तावेज बरामद नहीं हुए। अधिकारियों के मुताबिक एटीएस द्वारा पूर्व में ही सारे दस्तावेज अपने

### मुंबई और पनामा में भी छांगुर ने खड़ा कर लिया था कारोबार

**बलरामपुर।** अवैध धर्मांतरण मामले के आरोपी छांगुर और उसके सहयोगियों के ठिकानों की पड़ताल में ईडी को कई संपत्तियों के सौदे के सबूत मिले हैं। छांगुर ने मुंबई में रनवल ग्रीन्स नामक एक कॉम्पलेक्स का सौदा किया था। मध्य अमेरिका स्थित पनामा गणराज्य में लोगोस मरीन कंपनी से जुड़े अभिलेख भी टीम के हाथ लगे हैं, जो छांगुर के करीबी नवीन रोहरा से संबंधित हैं। धर्म परिवर्तन से जुड़े दस्तावेज भी ईडी अपने साथ ले गया। छांगुर की विदेश यात्राओं, विदेशी खातों का विवरण और बैंकों से लेनदेन के अभिलेख भी मिले हैं। साथ ही मुंबई के बड़े बिजनेसमैन नासिर से छांगुर के संबंधों का भी पता चला है। संवाद

>> विदेशी फंड खपाने के लिए रजिस्ट्री में खेल करता था छांगुर : माई सिटी

### छांगुर के खिलाफ फतवा... ऐसे लोगों का करें बहिष्कार

**बरेली।** छांगुर के खिलाफ सुन्नी बरेलवी उलमा ने जुबानी फतवा जारी किया है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने उसके कृत्य को गैर इस्लामी बताते हुए कहा कि ऐसे लोगों का बहिष्कार किया जाना चाहिए।

# वकीलों ने की न्यायालय में एसी लगाने की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** अधिवक्ता संघ उतरौला के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने सिविल जज जूनियर डिविजन व अतिरिक्त सिविल जज जूनियर डिविजन के न्यायालय में एसी लगाने की मांग जनपद न्यायाधीश बलरामपुर से की है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने भेजे पत्र में कहा है कि बाह्य न्यायालय उतरौला में 24 हजार से अधिक मुकदमे लंबित है। भीषण गर्मी व उमस के चलते अधिवक्ताओं को कार्य करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने न्यायालय में एसी लगाने की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** ललिया थाना की पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि ललिया क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम डीहवा सोनपुर निवासी बिहारी लाल वर्मा पर अपनी नाबालिग पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने छानबीन के बाद बीते बुधवार को नाबालिग को बरामद कर लिया था। नाबालिग के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला भी दर्ज किया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी बिहारी लाल वर्मा को गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित कुआनों नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# हसुआडोल में 28 लीटर अवैध शराब बरामद

बलरामपुर। आबकारी विभाग की तरफ से शुक्रवार को अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। टीम ने कोतवाली देहात क्षेत्र के हसुआडोल गांव में दबिश देकर 28 लीटर अवैध शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान मौके पर 100 किलो लहन भी नष्ट किया गया। एक आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। निरीक्षण टीम में आबकारी निरीक्षक सदर रामधनी वर्मा, प्रधान आबकारी सिपाही उमेश कुमार, बाल गोविंद चौधरी, अरविंद कुमार, अतुल कुमार गौड़ एवं आबकारी सिपाही कविता गुप्ता शामिल रहे। (संवाद)

# दुष्कर्म के दोषी को नौ वर्ष की सजा

## न्यायाधीश ने दोषी पर 56 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

बलरामपुर। अपर सत्र न्यायाधीश ने दुष्कर्म के दोषी को नौ वर्ष के कारागार की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 56 हजार रुपये अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है। अर्थदंड में से 45 हजार रुपये पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने का आदेश न्यायाधीश ने दिया है।

रेहरा बाजार की एक महिला ने थाने में शिकायती पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि 31 अक्तूबर, 2013 को पति धनीराम के साथ मायके से आई और उन्हीं के कहने पर इरशाद के साथ ट्रेन में बैठकर भोपाल आ गई। आरोप लगाया कि इरशाद ने भोपाल में उनके साथ दुष्कर्म किया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया तो पीड़िता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म का मुकदमा 25 फरवरी, 2014 को दर्ज हुआ था। जांच के बाद पुलिस ने इरशाद के खिलाफ दुष्कर्म के मामले में आरोपपत्र न्यायालय में पेश किया था।

दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने इरशाद को दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए नौ वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को 26 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

### चोरी के मामले में दोषी को सजा

बलरामपुर। जेएम प्रथम प्रभात कुमार दुबे ने चोरी के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। जेएम ने दोषी को न्यायालय उठने तक न्यायिक हिरासत और चार हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। थाना ललिया में दो नवंबर, 1991 को कंधई ने चोरी का मुकदमा लक्ष्मणपुर निवासी सालिकराम के खिलाफ दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के बाद सालिकराम के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय में 34 वर्ष मुकदमा लड़ने के बाद सालिकराम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। (संवाद)

### लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालक को हुई सजा

बलरामपुर। सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी एसीजेएम राहुल आनंद ने लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में वाहन चालक को सजा सुनाई है। एसीजेएम ने दोषी को न्यायालय उठने तक न्यायिक हिरासत और 2,500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। रेहरा बाजार में 24 अक्तूबर, 1996 को एक महिला ने देहात कोतवाली के ग्राम हरिहर निवासी रामशब्द के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के बाद रामशब्द के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय में रामशब्द ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। (संवाद)

# सोशल मीडिया पर शेयर न करें अपनी फोटो व निजी डाटा : डा. जितेंद्र

### अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ अभ्युदय कोचिंग में पुलिस की पाठशाला आयोजित

### साइबर अपराध व डिजिटल अरेस्ट के प्रति किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

पुलिस की पाठशाला

[illegible]



पुलिस की पाठशाला में अतिथियों के साथ मौजूद विद्यार्थी। -संवाद

[illegible]

### विद्यार्थियों के सवालों के दिए जवाब

[illegible]

[illegible]

05:11

per.amarujala.com

Balrampur | My City | 19

Clip

बलरामपुर। आबकारी विभाग की तरफ से शुक्रवार को अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। टीम ने कोतवाली देहात क्षेत्र के हसुआडोल गांव में दबिश देकर 28 लीटर अवैध शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान मौके पर 100 किलो लहन भी नष्ट किया गया। एक आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। निरीक्षण टीम में आबकारी निरीक्षक सदर रामधनी वर्मा, प्रधान आबकारी सिपाही उमेश कुमार, बाल गोविंद चौधरी, अरविंद कुमार, अतुल कुमार गौड़ एवं आबकारी सिपाही कविता गुप्ता शामिल रहे। (संवाद)

## दो बाइक भिड़ीं, तीन घायल

तुलसीपुर (बलरामपुर)। क्षेत्र के रमवापुर पेट्रोल पंप के पास दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। पंडित पुरवा निवासी कमलेश यादव अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ तुलसीपुर से लौट रहे थे तभी सामने से आ रहे राजेश यादव की बाइक से भिड़ंत हो गई। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर पहुंचाया गया। हादसे में कमलेश (28) और लक्ष्मी (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार पूजा यादव को मामूली चोटें आई हैं। ग्राम प्रधान मिंकू मिश्रा ने बताया कि दोनों बाइक सवार एक ही गांव के रहने वाले हैं। दोनों की हालत में सुधार है। (संवाद)

# एक विक्रेता का ला

## उर्वरक वितरण में लापरवाही बरतने पर अपर

संवाद न्यूज एजेंसी

मेजर चौराहा के गोदाम में 875 बोरी यूरि
अभिलेखों में दुरुस्त मिला और रखरखा

## करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज जब्त, एक शोरूम सील

# छांगुर की सौ करोड़ की संपत्ति कुर्क होगी



**धर्मांतरण का धंधेबाज**

**लखनऊ/बलरामपुर, हिटी।** धर्मांतरण के खेल में जुटे जमालुद्दीन उर्फ छांगुर पर ईडी ने अपना शिकंजा और कस दिया है। ईडी ने बलरामपुर और मुम्बई में अपनी छापेमारी के दौरान छांगुर की करोड़ों रुपये की सम्पत्ति के दस्तावेज जब्त किए हैं। बलरामपुर में एक शोरूम सील कर दिया है। यहां पर ईडी ने नोटिस भी चस्पा कर दी है। ईडी जल्दी छांगुर की 100 करोड़ से अधिक सम्पत्तियों को कुर्क करेगी। इसके लिए कानूनी औपचारिता पूरी की जा रही है। इसमें काफी सम्पत्तियां बेनामी हैं।

छांगुर की सहयोगी नीतू, नवीन के नाम कई सम्पत्तियां फर्जी दस्तावेजों के सहारे ली गई हैं। इसमें से कई सम्पत्तियां सरकारी जमीनों पर हैं। ईडी की पूरी टीम 13 घंटे की कार्रवाई पूरी कर गुरुवार रात को उतरौला से लौट आई। उसने जहां-जहां छापे मारे थे, वहां नोटिस भी चस्पा की। इनमें उन चीजों का भी जिक्र है, जिन्हें उसने कब्जे में लिया है। इसकी एक कॉपी जिला प्रशासन को भी दी है।

**जब्त दस्तावेजों का ब्योराः** ईडी की जब्त चीजों की सूची के एनेक्जर-ए में 25 बिन्दुओं में विभिन्न दस्तावेज दर्ज हैं।

## ईडी ने शिकंजा और कसा



**13** घंटे चली कार्रवाई पूरी कर ईडी की टीम बलरामपुर से लौटी

**25** बिन्दुओं में दर्ज किए गए हैं ईडी को मिले विभिन्न दस्तावेज

### 22 बैंक खातों में 60 करोड़ रुपये का लेनदेन मिला

ईडी के मुताबिक छांगुर और सहयोगियों के 22 बैंक खातों को खंगाला जा चुका है। 60 करोड़ से अधिक की रकम का लेन-देन मिला है। इन खातों से भी पुष्टि हुई है कि काफी रकम लगातार विदेशों से उसके खातों में भेजी गई। अभी करीब 30 और खातों की जांच की जानी है। एसटीएफ अपनी जांच में पहले ही कह चुकी है कि इन खातों से एक साल में 100 करोड़ से अधिक का लेन-देन हुआ है।

### फतवा : छांगुर इस्लाम का गुनहगार करार

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने फतवा जारी कर कहा कि कोई व्यक्ति इस्लाम कबूल करने को दबाव नहीं डाल सकता। छांगुर ने जो किया वो गैरकानूनी, इस्लाम के खिलाफ है। वह मुजरिम, गुनहगार है। लोग ऐसे लोगों का बहिष्कार करें।

### तैयारी : दस्तावेजों की जांच के बाद ईडी पूछताछ

करीब 106 करोड़ विदेशी फंडिंग दस्तावेज, यूएई रैक इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, हबीब बैंक एजी जुरिच, एसबीआई समेत अन्य बैंकों में लेनदेन का ब्योरा और विदेशी मुद्रा मिली है। ईडी का दावा है कि करोड़ों की 40 सम्पत्तियां जल्द जब्त होंगी और छांगुर-नीतू को रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ होगी।

### मेरठ में करीबी बदर भी चला रहा था धर्मांतरण नेटवर्क

मेरठ। छांगुर का करीबी मेरठ का बदर सिद्दीकी धर्मांतरण का समानांतर नेटवर्क

# छांगुर ने धर्मांतरण और दबंगई के रुपयों से बनाई सारी संपत्ति

जब्त दस्तावेजों से साफ हुआ कि छांगुर गिरोह की सारी सम्पति दबंगई और धर्मांतरण के जरिए हुई आय से ही बनी है। उसकी सारी सम्पति अवैध कामों से ही बनाई गई है। इसमें विदेशों से आई रकम भी शामिल है। इन रकम से ही करोड़ों की अचल सम्पतियां खरीदी गई। फिर इन सम्पतियों पर निर्माण के लिए अलग-अलग लोगों के नाम इनकी रजिस्ट्री की गई। अब तक की जांच में यह भी सामने आया कि छांगुर अपने पास जितनी सम्पत्ति रखे हुए था, वह सभी नीतू व उसके पति नवीन रोहरा के नाम पर है। ऐसा उसने मनी लांड्रिंग में अपनी वास्तविक संलिप्तता छिपाने के लिए किया। ईडी इस गिरोह के खिलाफ एटीएस में दर्ज मुकदमे के आधार पर आगे की जांच कर रही है।

**शिकंजा**

■अविनाश त्रिपाठी/नूर मोहम्मद

**बलरामपुर।** धर्मान्तरण सहित देश विरोधी गतिविधियों का मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर तथा उसकी राजदार नीतू उर्फ नसरीन व नवीन भले ही सलाखों के पीछे हों, लेकिन इनका मंसूबा बेहद खतरनाक था। यह सभी मिलकर डेमोग्राफी चेंज करते भारत को गजवा-ए-हिंद बनाने का सपना देख रहे थे। इसी मंसूबे साथ छांगुर ने उतरौला के मधपुर गांव में अलीशान कोठी का निर्माण कराया था। जिसमें हर तरीके की व्यवस्था की गई थी। उतरौला के मधपुर स्थित छांगुर की जिस अलीशान कोठी के अवैध हिस्से को जमींदोज दिया गया है उसमें राष्ट्र विरोधी कई रहस्य छिपे हुए हैं। दरअसल इस कोठी का निर्माण जब छांगुर ने शुरू कराया तो वह उसे एक इस्लामिक आतंकवाद सेंटर के रूप में विकसित करना चाह रहा था।

निर्माण कार्य में 10 से 15 एमएम सरिया का इस्तेमाल किया गया। यह सरिया ओवरब्रिज अथवा बड़े पुल आदि के निर्माण प्रयोग किया जाता है। ऐसा जानकारों ने हिंदुस्तान को बताया है। दो-ढाई साल में छांगुर ने अपनी राजदार नीतू उर्फ नसरीन के नाम पर किला नुमा एक बड़ी कोठी का निर्माण करा लिया था। इस कोठी में कई तहखाने थे। जिसमें तकरीरें होती थीं।

## ईडी ने कोठी में जाकर तफ्तीश की



छांगुर के शोरूम पर ईडी ने नोटिस चस्पा कर दी है। • हिन्दुस्तान

**02** सौ लोगों के रहने की व्यवस्था थी छांगुर की कोठी में

**40** से ज्यादा कमरे थे यहां पर, बड़ा हॉल भी था

## कई सफेदपोश होंगे बेनकाब

ईडी की छापेमारी में धर्मान्तरण के आरोपी छांगुर और उससे जुड़े व्यापारिक और धार्मिक गतिविधियों के पीछे बड़े स्तर पर की गई मनी लॉडिंःग, धर्मान्तरण का संगठित गिरोह और विदेशी श्रोतों से वित्तपोषण से मजबूत संकेत मिले हैं। बरामद दस्तावेजों की जांच से संभवतः कई और बड़े खुलासे के साथ-साथ कई सफेदपोश चेहरे बे-नकाब होंगे ईडी को मिले दुबई, नेपाल व यूएई से हुई फंडिंग के सुरागज्वैलरी, लग्जरी गाड़ियां, नकदी व जमीन सौदे से जुड़े दस्तावेज लगे हाथ

## ईडी और प्रशासन की कार्रवाई से हड़कंप

### कई जिलों में नेटवर्क

भारत नेपाल दोनों देशों के सीमावर्ती जिलों में धर्मान्तरण के आरोपी छांगुर का नेटवर्क फैला हुआ था। दर्जनों गांव ऐसे थे जहां पर छांगुर के स्लीपर सेल धर्मान्तरण एवं अन्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। छांगुर सीमावर्ती क्षेत्रों के अवैध मदरसों को भी फंडिंग कर रहा था।

### शपथ पत्र का जिक्र

ईडी की जब्त चीजों की सूची के एनेक्जर-ए में 25 बिन्दुओं में विभिन्न दस्तावेज दर्ज हैं। इसमें मुख्य रूप से नीतू, नवीन रोहरा व नवीन घनश्याम रोहरा उर्फ जमालुद्दीन के इस्लाम धर्म स्वीकारने सम्बन्धी घोषणाएं और शपथ पत्र का जिक्र है। ये ईडी को मिले थे।

### नीतू-नवीन के नाम संपत्ति

खुलासा यह हुआ कि बलरामपुर में छांगुर के अधीन सारी अचल सम्पत्तियां नीतू, पति नवीन के नाम मिली। उसने सम्भवतः जब्त होने से बचाने के लिए ऐसा किया था। पर, एटीएस की एफआईआर में उसके साथ नीतू, नवीन भी नामजद हुए जिससे साजिश धरी रह गई।

# छांगुर पर फतवा, इस्लाम के गुनहगार करार

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसके जैसे तमाम लोगों पर फतवा जारी किया है।

मौलाना ने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी के ऊपर इस्लाम कबूल करने के लिए दबाव नहीं डाल सकता। छांगुर ने जो कुछ भी किया वो गैर कानूनी तो है ही, इस्लामी कानून के खिलाफ भी है। इसलिए वह इस्लाम की नजर में मुजरिम, गुनहगार है। मुस्लिम समाज ऐसे लोगों का बहिष्कार करे छांगुर बाबा और धर्मांतरण कराने को लेकर समाज के कुछ लोगों ने मौलाना शहाबुद्दीन से सवाल किए थे। इसपर शुक्रवार को मौलाना ने फतवा जारी करते हुए कहा कि जमालुद्दीन उर्फ

## धर्म का प्रचार करना ठीक, धर्मांतरण गलत

मौलाना ने कहा कि धर्म के प्रचार-प्रसार की हर शख्स को इजाजत हासिल है। इस्लाम का प्रचारक अपने धर्म के प्रचार के किसी दूसरे धर्म के सामने इस्लाम की खूबियां बयान तो कर सकता है, लेकिन उसे इस बात की बिल्कुल इजाजत नहीं है कि वह पहले से अपने धर्म पर अमल कर रहे उन दूसरे धर्म पर जोर व जबरदस्ती कर उन्हें इस्लाम धर्म में दाखिल करने की कोशिश करें।

हुए। इसलिए वह इस्लाम की नजर में मुजरिम है। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि इस्लाम में जब्र (मजबूरी) नहीं है।

कब्ज व गैस से परेशान?

# युवकों का ब्रेनवॉश करने के लिए विदेशों से आते थे लोग

## साजिश

**बलरामपुर।** छांगुर की उतरौली की कोठी में तकरीर कराने के लिए विदेशों से लोगों को बुलाया जाता था। विदेशी एजेंट न सिर्फ बलरामपुर सहित आस पास के जिलों के मुस्लिम युवकों को लव जिहाद का प्रशिक्षण देकर उनका ब्रेनवास करते थे, बल्कि उन्हें प्रोत्साहन के रूप में अच्छी खासी रकम भी दी जाती थी। ये रकम लाखों रुपयों तक में हो ती थी।

पैसा पाने के बाद मुस्लिम युवक छद्म हिंदू नाम अपनी सोशल मीडिया पर आईडी बनाकर हिंदू लड़कियों को अपनी मायाजाल में फंसाते थे। उनके साथ आपत्तिजनक वीडियो बनाते थे। जब यह लड़कियां ब्लैकमेल हो जाती थीं तो उन्हें धर्मान्तरण के लिए राजी कर लिया जाता था। धर्मान्तरण करने के लिए भी लड़कियों को बड़े-बड़े सपने दिखाए जाते थे। उन्हें विदेश जाने की बात कही जाती थी। यही नहीं इस पर



छांगुर उर्फ जलालुद्दीन

## कोठी में 55 कर्मचारी काम के लिए तैनात थे

ईडी और एटीएस की पूछताछ में यह बात सामने आयी है कि छांगुर की किलानुमा कोठी में 200 से अधिक लोगों के रुकने की व्यवस्था थी। 40 कमरों वाली इस कोठी में ऐशो आराम के सारे साधन उपलब्ध थे। यही नहीं छांगुर के 55 ऐसे कर्मी थे जो नियमित रूप से उसकी कोठी पर काम करते थे। इन लोगों को वह बाकायदा पगार भी देता था। यहां पर एक कैंटीन भी चलती थी। जिसमें यहां रुकने वाले लोग खाना खाते थे। यही नहीं छांगुर के जो 55 कर्मी यहां

# नीतू से अनबन पर बेटे को बढ़ाया

**विवाद**

**बलरामपुर, संवाददाता।** इधर कुछ दिनों में छांगुर की प्रमुख राजदार रही नीतू उर्फ नसरीन से कई मामलों पर उसकी अनबन होने लगी थी। क्योंकि छांगुर जो विदेशी फंडिंग हो रही थी, इसका कर्ताधर्ता अपने बेटे महबूब को बनाना चाह रहा था, जो नीतू को पसंद नहीं था। दोनों के बीच कई मामलों में विवाद भी हुआ था। इधर जब छांगुर प्रकरण सार्वजनिक होने लगा तब उसने सबसे पहले अपने बेटे के लिए सुरक्षित ठिकानों की तलाश की थी। इसमें उसने सबसे महफूज जगह नेपाल के दांग जिले में तलाश की थी। यहां पर जमीन लेकर अपने बेटे का नया ठिकाना बनाना चाह रहा था। सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों की मानें तो नेपाल के दांग जिले में छांगुर ने बेटे के नये ठिकाने के लिए जमीन भी चिन्हित कर ली थी और इसके लिए उसे विदेशी फंडिंग भी मिल चुकी थी। छांगुर जमीन तलाश कर निर्माण कराना चाह रहा था। इस बीच उसका और उसके बेटे की एटीएस ने गिरफ्तारी कर ली, जिससे उसका सारा का सारा प्लान धरा का धरा रह गया।



नीतू उर्फ नसरीन नवीन

## कई राष्ट्र विरोधी तत्वों से सम्पर्क भी थे

छांगुर और उसके बेटे का नेपाल में बैठे कई भारत विरोधी तत्वों से सम्पर्क था। बताया जाता है कि कई ऐसी संस्थाएं थीं जो भारत के खिलाफ आर्थिक और सामाजिक साजिश रच रहीं थीं। ऐसी संस्थाओं के मुखिया से छांगुर और उसके बेटों से सम्पर्क था। इस सन्दर्भ में कई इनपुट खुफिया एजेंसियों को मिले हैं। सूत्र बताते हैं कि छांगुर और उसके बेटे के नेपाली कनेक्शन का खुलासा जल्द ही सुरक्षा एजेंसियां कर सकती हैं। वहां पर इन लोगों के कई लोगों से कनेक्शन थे।

**गतिविधि** | मेरठ में एटीएस ने बदर और उसके कई करीबियों का रिकार्ड खंगाला, बदर के खिलाफ मुकदमों की जांच

# बदर भी चला रहा था धर्मांतरण का नेटवर्क

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** धर्मांतरण के मास्टर माइंड छांगुर उर्फ जमालुद्दीन का करीबी मेरठ का बदर सिद्दीकी धर्मांतरण का समानांतर नेटवर्क चला रहा था। एटीएस ने बदर को लेकर छानबीन शुरू कर दी है। उसका रिकार्ड खंगाला गया है। लखनऊ के निर्देश पर स्थानीय टीम ने बदर के परिवार, दोस्तों और साथियों को लेकर इनपुट जुटाया है। जो इनपुट मिला है वह चौंकाने वाला है।

पुलिस अधिकारियों की मानें तो अकेले बदर ने ही दर्जनभर युवतियों को शिकार बनाया था। सैकड़ों युवकों को अपने साथ जोड़ा हुआ है, जो युवतियों को जाल में फंसाकर धर्मांतरण की साजिश करते हैं। मेरठ में बदर के खिलाफ 2019 में मुकदमा दर्ज होने के बाद वह विदेश फरार हो गया था और वहीं से नेटवर्क चला रहा है। एटीएस ने बदर सिद्दीकी को वांटेड घोषित कर दिया है और उसकी तलाश की जा रही है।

छांगुर की गिरफ्तारी के साथ ही एटीएस ने उसका पूरा नेटवर्क खंगालना शुरू कर दिया। विदेशी फंडिंग और बाकी इनपुट के बाद ईडी ने भी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की है। खुलासा हुआ कि मेरठ का रहने वाला बदर सिद्दीकी भी छांगुर का करीबी है और धर्मांतरण में शामिल रहा है। बदर के पीछे भी एटीएस को लगाया गया।

## छांगुर का काफी करीबी था बदर



**12** से ज्यादा युवतियों के अकेले बदर ने ही निशाना बनाया था

छांगुर की कोठी को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया था • हिन्दुस्तान

## छांगुर को करता था फॉलो

जांच में खुलासा हुआ कि बदर छांगुर के समानांतर धर्मांतरण का नेटवर्क चला रहा था। उसके नेटवर्क में वेस्ट यूपी और दिल्ली से दर्जनों युवक शामिल हैं। इन्हें युवतियों को फंसाने और धर्मांतरण कराने समेत विदेशों में बेचने के लिए बड़ी रकम मिलती है। एटीएस ने बदर और उसके साथियों को अब वांटेड लिस्ट में शामिल कर लिया है और तलाश शुरू कर दी है। एक टीम को इसी काम पर वेस्ट यूपी में लगाया है। टीएस ने बदर सिद्दीकी की कुंडली तैयार कर ली है। परिवार के सदस्यों, बदर की पढ़ाई से लेकर कहां-कहां नौकरी की और किनके संपर्क में पिछले कुछ वर्षों में रहा इसकी जानकारी की जा रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को नौ वर्ष कारावास की सजा

**बलरामपुर, संवाददाता।** न्यायालय ने महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी को नौ वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 56 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी ने बताया कि 25 फरवरी 2014 को तहरीरी सूचना के आधार पर विपक्षी इरशाद निवासी मुबारकपुर कहारपुरवा के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना प्रदीप कुमार सिंह ने करके आरोप पत्र न्यायालय दाखिल किया। उन्होंने बताया कि न्यायालय के समक्ष गवाह प्रस्तुत हुए। परीक्षण के बाद आरोपी दोषी पाए गए। जिन्हें नौ वर्ष कारावास के साथ अर्थ दंड की सजा सुनाई गई।

## दो बाइक भिड़ीं, तीन घायल

**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** क्षेत्र के रमवापुर पेट्रोल पंप के पास दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। पंडित पुरवा निवासी कमलेश यादव अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ तुलसीपुर से लौट रहे थे तभी सामने से आ रहे राजेश यादव की बाइक से भिड़ंत हो गई। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर पहुंचाया गया। हादसे में कमलेश (28) और लक्ष्मी (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार पूजा यादव को मामूली चोटें आई हैं। ग्राम प्रधान मिंकू मिश्रा ने बताया कि दोनों बाइक सवार एक ही गांव के रहने वाले हैं। दोनों की हालत में सुधार है। (संवाद)

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**तुलसीपुर, संवाददाता।** स्थानीय थाना अंतर्गत बलरामपुर बौद्ध परिपथ स्थित रमवापुर पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए।

बताया जाता है कि पंडित पुरवा निवासी कमलेश यादव अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ तुलसीपुर से लौट रहे थे।इसी बीच सामने से आ रहे राजेश यादव की बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में कमलेश (28) लक्ष्मी (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें जिनको तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं पूजा यादव को मामूली चोटें आई हैं। पूर्व प्रधान मिंकू मिश्रा ने बताया कि दोनों बाइक सवार एक ही गांव के रहने वाले हैं।दोनों की हालत में सुधार है।

# अपहरण मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**बलरामपुर।** थाना ललिया पुलिस ने अपहरण के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी ललिया डॉ जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पाक्सो एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्त बिहारी लाल वर्मा पुत्र विक्रम वर्मा निवासी ग्राम डीहवा सोनपुर न्यायालय से वांछित चल रहा था, जिसे गिरफ्तार किया गया है।

# चोरी में अदालत उठने तक खड़े रहने की सजा

**बलरामपुर।** न्यायालय ने चोरी करने वाले आरोपी को न्यायालय उठने तक कटघरे में खड़े रहने व चार हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। सहायक लोक अभियोजक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि सालिकराम पुत्र रामकरन निवासी नीबा लक्ष्मणपुर थाना ललिया के विरुद्ध चोरी का उभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त के दोषी पाये जाने पर सजा सुनाई गई है।

# दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**बलरामपुर, संवाददाता।** थाना गौरा चौराहा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि थाना गौरा चौराहा पुलिस को तहरीर मिली कि 20 वर्षीय पुत्री व 23 वर्षीय उसके साढ़ू की पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया है। तहरीर मिलते ही आरोपी को नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# छांगुर ने पनामा में भी पंजीकृत कराई थी कंपनी

अमित श्रीवास्तव • जागरण

- ईडी ने शोरूम के शटर पर चस्पा की चार पन्ने की नोटिस
- छापे के दौरान ईडी के हाथ लगे महत्वपूर्ण दस्तावेज

**बलरामपुर** : हिंदू युवतियों का मतांतरण के मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर के यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी में महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे हैं। छापेमारी में मिले दस्तावेज के अनुसार छांगुर ने एक कंपनी पनामा गणराज्य में भी पंजीकृत कराई थी। इसके पीछे उद्देश्य यह था कि दूसरा देश होने से वहां आसानी से शरण मिल जाएगी।

गुरुवार को छांगुर, नीतू व नवीन की संपत्तियों तथा फंडिंग की कड़ियां जोड़ने के लिए ईडी ने उनके तथा करीबियों के 15 ठिकानों पर छापा मारकर साक्ष्य एकत्र किए थे। उतरौला में 12 स्थानों पर करीब 14 घंटे पूछताछ और तलाशी चली। टीम ने बाबा ताजुद्दीन आस्वी बुटीक शोरूम के शटर पर चार पन्ने की नोटिस भी चस्पा की है। इस नोटिस पर ईडी के अधिकारियों ने शोरूम में मिले अभिलेखों की सूची के साथ



नीतू उर्फ नसरीन की बुटीक पर चस्पा नोटिस पढ़ते लोग • जागरण

पड़ोसी से हथौड़ा लेकर शटर का गेट तोड़ने और तीन मंजिला शोरूम के अंदर कपड़े एवं जूते बिखरे होने की बात लिखी है। साथ ही शोरूम की तलाशी में मिले अभिलेखों का भी जिक्र किया है। इसमें नीतू और एजी कंस्ट्रक्शन के बीच कानून विवाद, नीतू द्वारा छांगुर को शोरूम सौंपने का अनापत्ति प्रमाण पत्र, पनामा गणराज्य में पंजीकृत मेसर्स लोगोस मरीन से जुड़े दस्तावेज ईडी के हाथ लगे हैं। मुंबई में रनवाल ग्रीन्स स्थित संपत्ति की बिक्री का ड्राफ्ट समेत अन्य अभिलेख ईडी साथ ले गई है। अब तक की जांच में बलरामपुर में 10 करोड़ 11 लाख रुपये की संपत्ति छांगुर की सहयोगी नीतू व नवीन की सामने आई है।

गुरुवार को ईडी की टीम ने जमीन बेचने वालों से सवाल पूछने के साथ ही बैंक खातों के साथ कार्य और पढ़ाई की जानकारी ली। छांगुर से मुलाकात कैसे हुई, उसका कार्य क्या था, उसको जमीन बेचने के लिए सीधे सौदा किया या किसी ने मिलवाया था। नीतू और नवीन को कैसे जानते हैं। दोनों से मुलाकात किसने कराई। छांगुर, नीतू और नवीन को ही क्यों जमीन बेची।

**संबंधित खबर » पेज 11**

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2025

# रिसिया लूटकांड का राजफाश पुलिस ने तीन को दबोचा



आरोपितों के बारे में जानकारी देते एएसपी नगर रामानंद कुशवाह ● जागरण

जागरण संवाददाता ● रिसिया (बहराइच): तीन माह पूर्व रिसिया-बहराइच हाईवे स्थित मुहम्दा पुल के पास बाइक सवार व ई-रिक्शा चालक को पीटकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को घटना का राजफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार गया है। आरोपितों के पास तीन बाईक ,तमंचा, कारतूस, मोबइल व नकदी भी बरामद हुई है। आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी है।

इलाके के ग्राम डिहवा निवासी युवक से 19 अप्रैल को रिश्तेदार को रोडवेज बस स्टेशन छोड़ने गया था। घर वापस जाने के दौरान महम्दा ओवर ब्रिज के पास बाईक सवार लुटेरों ने उसे ओवर टेक कर रोक लिया। डंडे से उसकी पिटाई कर बाइक व नकदी लूट ली थी। इसके बाद लुटेरों ने एक ई-रिक्शा चालक की पिटाई कर पांच हजार की नकदी व मोबाइल लूटकर फरार हो गये थे। पुलिस ने मामले में दीवान सिंह निवासी उंचवा धौतलिया कोतवाली नानपारा, योगेश निषाद व ऋषिमुनी सिपाही लाल निवासी राजापुर कतर्निया थाना मोतीपुर को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास तीन मोटर साइकिल, एक तमंचा व दो कारतूस , 3400 नकदी व मोबाईल बरामद किया गया। गिरफ्तारी टीम में एसओ मदनलाल, सर्विलांस व स्वाट टीम प्रभारी मनोज सिंह यादव, प्रदीप कुशवाहा समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# दुष्कर्मी को 10 वर्ष का क

जासं • बहराइच: विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीपकांत मणि ने दुष्कर्म के दोषी युवक को दोष सिद्ध ठहराते हुए 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई। उस पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर दो माह अतिरिक्त जेल में रहना पड़ेगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह, विशेष लोक अभियोजन संतोष कुमार सिंह तथा सुरेंद्र कुमार मौर्य ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार, जरवलरोड थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सात सितंबर 2023 को शाम साढ़े तीन बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी को गोंडा जिले के शेखन गां बहला-फुसलाकर गया। पुलिस ने सू मुकदमा दर्ज कर कर उसका बया समक्ष कराया। दुष्कर्म होने की बा बयान के आधार अन्य धाराओं में में दाखिल किय अदालत ने अभियो के तर्कों को सुन अशरफ को दोषी सुनाई। अदालत ने यह भी लिखा है जुर्माना अदा करता संपूर्ण धनराशि चिकित्सा एवं पुनर्व करा दिया जाए।

## परिवार में सुलह

बहराइच : शहर के पुलिस लाइन में गुरुवार को परिवार परामर्श केंद्र में शिविर लगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परामर्श केंद्र में पारिवारिक मामलों को लेकर टीम ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान महिला अपने परिवार के साथ रहने को राजी हुई। जिस पर लिखा पढ़ी के बाद उसे घर भेज दिया गया है। (संसू)

## स्मैक बरामद

रुपईडीहा : थाने की पुलिस और एसएसबी जवानों ने सीमा पर जांच अभियान के दौरान तस्कर को पकड़ा। थानाध्यक्ष रमेश रावत ने बताया कि साहिल खान उर्फ कालिया को 50 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# नेपाल सीमा पर पनप रही मतांतरण

## लखीमपुर, बहराइच श्रावस्ती, बलरामपुर सिद्धार्थनगर व महाराजगं

**सीमा पर नया खतरा**



धर्मेंद्र शुक्ला • जागरण

**188** मदरसे नेपाल सीमा पर अब तक किए गए सील | **61** मदरसों को अब तक किया गया ध्वस्त



मदरसे की जांच करते एसडीएम राजीव निगम व सीओ महक शर्मा • जागरण आर्काइव

लखीमपुर : नेपाल से सटी पीलीभीत से लेकर महाराजगंज जिले तक फैली 570 किलोमीटर लंबी भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बेशुमार अतिक्रमण बढ़ा है। इसी अतिक्रमण की आड़ लेकर सीमा पर मदरसों और दरगाहों की भी लंबी चौड़ी श्रृंखला तैयार होती गई। नेपाल सीमा से सटे जिलों में जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में अवैध मदरसों की संख्या बेतहाशा बढ़ी है, उससे साफ है कि छांगुर के लिए यह जिले बेहद उपजाऊ साबित हो रहे थे। खीरी, पीलीभीत, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज जैसे जिलों में बढ़ती मतांतरण की घटनाएं इस बात का प्रतीक हैं। प्रशासन का हंटर चला तो उसके आईने में ऐसी सभी तस्वीरें साफ होती चलीं गईं जहां अवैध मदरसे, मस्जिदें और ईदगाह संचालित हो रहे थे। अब इस पूरी सीमा पर अवैध तरीके से चल रहे मदरसों का जांच एजेंसियां छांगुर कनेक्शन भी तलाश रही हैं। पता लगाया जा रहा है छांगुर ने इस लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपना नेटवर्क कितना मजबूत किया।

छांगुर के नेपाल कनेक्शन की बात इस मामले की पीड़ित महिलाओं ने बाकायदा कैमरे के सामने कही है कि छांगुर और उसके गुर्गे फंडिंग व पुलिस से बचने के लिए भारत से सटे हजारों खुफिया रास्तों वाले देश नेपाल में छुप जाया जाया करते थे। इस इनपुट के बाद अब एटीएस समेत तमाम एजेंसियां छांगुर का बार्डर कनेक्शन तलाशने में लगी हैं। बलरामपुर में मतांतरण कराने वाले जलालुद्दीन उर्फ छांगुर का नेटवर्क नेपाल से सटे जिले लखीमपुर में भी रहा है। वह काफी दिनों से यहां काम भी कर रहा था। छांगुर का विशेष रूप से चंदनचौकी व नेपाल के थारु क्षेत्र पर फोकस था। खासकर चंदनचौकी इलाके में जहां पर दो अवैध मदरसे भी मिले थे, जिन्हें अब बंद करा दिया गया है। इन मदरसों को बनाने में छांगुर का आर्थिक सहयोग भी रहा है। बिचपटा व रामगढ़ में बने दोनों मदरसे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके बने थे। एसडीएम न्यायिक व तहसीलदार आरती यादव कहती हैं कि दोनों मदरसे नवीन परती व आबादी की जमीन पर बने थे। खीरी के ही निघासन में भी लालपुर और मिर्जागंज में बिना मान्यता के दो मदरसे सील किए गए। एटीएस की जांच में इस बात का राजफाश हुआ है कि नेपाल बार्डर से सटे सभी जिलों में मतांतरण का खेल चल रहा है। उसका इरादा था कि इन मदरसों का उपयोग थारु जनजाति के लोगों को प्रलोभन देकर उनका मतांतरण कराया जाए। इसके लिए प्रयास भी शुरू हो गया था जिसमें नेपाल के थारुओं को पहले निशाना बनाया गया, जिससे कि हो हल्ला कम हो।

बलरामपुर की 96 किमी सीमा नेपाल से सटी है। जहां 462 कुल मदरसे संचालित हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में मई और जून, 2025 में 36 मदरसों को ध्वस्त किया गया है। क्षेत्र में 51

# नेपाल से कुवैत ले जाई जा रहीं पांच किशोरियों को पकड़ा



रुपईडीहा वार्डर • जागरण

जागरण संवाददाता • वहराइच : भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्कर सक्रिय हैं। कुवैत में नौकरी दिलाने का झांसा देकर नेपाल से दिल्ली ले जाई जा रहीं पांच नेपाली किशोरियों को सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) ने

बताया कि नेपालगंज की ओर से बुधवार देर शाम पांच किशोरियां रुपईडीहा के रास्ते भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रही थी। इस दौरान सीमा पर एसएसबी 42वीं वाहिनी के जवानों ने उन्हें रोक लिया। इन सभी के पास

हिन्दुस्तान

# रेप के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**अदालत से**

- कोर्ट ने दोषसिद्ध अपराधी पर ठोंका 30 हजार रुपये का जुर्माना
- अदा न किए जाने पर काटनी होगी 5.माह की अतिरिक्त सजा

**बहराइच, संवाददाता ।** अपर सत्र न्यायाधीश , विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीप कांत मणि ने दलित किशोरी के अपरहण, पाक्सो, दलित उत्पीड़न अधिनियम के मामले में दोषसिद्ध युवक को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अपराधी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना ठोंका है। जिसे अदा न किए जाने पर पांच माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी ।

जरवलरोड थाने के एक गांव निवासी दलित व्यक्ति की 17 वर्षीय पुत्री का 07 सितम्बर 2023 को दोपहर में अपहरण हो गया। बेटी के पिता ने अगले दिन थाने में गोंडा जिले के नगर कोतवाली के शेखनगांव के मजरे मेलेरामपुरवा, गंगापुर निवासी अशरफ पुत्र हशमत अली को नामजद कर अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्ज कराया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मेडिकोलीगल के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराए।

जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में रेप, पाक्सो, दलित उत्पीड़न अधिनियम की धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष कुमार सिंह, सुरेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि पुलिस ने तहकीकात के बाद कोर्ट में चार्ज शीट दाखिल की। कोर्ट में मामले के विचारण, गवाह आदि के बयान दर्ज किए गए। बचाव पक्ष व अभियोजन के तर्कों को सुनने के बाद दोषसिद्ध अशरफ को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। तीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है । साथ ही जुर्माना की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया।

# सरयू में डूब गए दो बच्चों का अब तक नहीं लगा सुराग

**बहराइच, संवाददाता।** जिले के विभिन्न इलाकों में नदियों और नहरों में लापता होने वाले दो बच्चों और युवती का पता नहीं चल सका। परिजन बेचैन हैं। उम्मीद टूट रही है।

महसी में आठ दिन पूर्व सरयू में बहकर लापता बालिका, पयागपुर के मलांवा गांव में नहर में मंगलवार शाम छलांग लगाने वाली युवती, मुर्तिहा के मंझरा के ललतूपुरवा में घाघरा मे मंगलवार शाम बहकर लापता बालक रेस्क्यू अभियान में नही मिले है। इन तीनो परिवारो में बैचेनी का माहौल है। इन्हे क्रूर धाराओं ने निगल लिया है। हालांकि रेस्क्यू में लगे जवान उन्हे तलाश रहे है। लोग उम्मीद छोड़ चुके है। इसकी वजह नदियों में मगरमच्छों का बढ़ा कुनवा भी एक वजह माना जा रहा है।

मिहींपुरवा संवाद के अनुसार मुर्तिहा कोतवाली के मंझरा के मजरे ललतूपुरवा में बुधवार दोपहर एक बजे सात वर्षीय सूरज पुत्र रामू निषाद अपने ढाई वर्षीय भाई छोटू के साथ घाघरा नदी किनारे खड़े थे। पैर फिसलने से सूरज तेज बहाव में बह कर लापता हो गया था। छोटू ने भाग घर पहुंच परिजनों को जानकारी दी।

## मदक पदार्थों में 11 महीने की सजा

बहराइच। थाना हरदी में एडीपीएस एक्ट में दोषसिद्ध अभियुक्त को अदालत ने 11 महीने की सजा सुनाई है। अभियुक्त रिजवान साई पुत्र साबिर साई निवासी बंजरिया थाना हरदी को नाजायज चरस के साथ पकड़ा गया था। न्यायालय तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश 11 महीने की सजा के साथ 10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है।

हिन्दुस्त

# हाइड्रा ने बालक को रौंदा पहिये में फंसकर हुई मौत

**बहराइच, संवाददाता।** शहर के अति व्यस्ततम डिगिहा तिराहे के पास शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार हाइड्रा ने बालक को रौद डाला। परिजनों के शोर पर भी वाहन नही रूका। जिसके चलते लाश को पिछले पहियों ने भी रौंद डाला। वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। चालक कुछ आगे जा वाहन रोक कूद कर फरार हो गया।

खैरीघाट थाने के नकहा गांव निवासी मुबारक के बड़े भाई व भाभी परिजनों के साथ शुक्रवार रात लगभग 9:30 बजे दवा लेने अस्पताल रोड जाने को वाहन से उतर डिगिहा तिराहे से मेडिकल कालेज रोड की ओर चले। इसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइड्रा ने इनके साथ चल रहे मुबारक के पांच वर्षीय बालक आजम को रौंद दिया। परिजनों के शोर पर भी वाहन नही रूका जिसके चलते बालक पर पिछला पहिया भी चढ़ गया। बालक की दर्दनाक मौत हो गई। कुछ आगे जाकर वाहन रोक चालक फरार हो गया। डिगिहा तिराहा पर तैनात सुरक्षा कर्मी दौड़े।

हिन्दुस्त

# लूट में तीन आरोपियों को धर दबोचा, जेल भेजे गए

## कार्रवाई

**बहराइच, संवाददाता।** रिसिया पुलिस व स्वाट ने तीन शातिर लुटेरों को अलग अलग जगहों से धर दबोचा है।

एएसपी सिटी रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि रिसिया थाने के मोहम्मदा नाला के पास 19 अप्रैल की रात बाइक सवार लुटेरों ने ई रिक्शा चालक दरगाह थाने के चटाई गली निवासी लियाकत अली से मारपीट कर पांच हजार नगदी व मोबाइल लूटा था। कुछ देर बाद शहर से आ रहे बाइक सवार रिसिया थाने के डिहवा गांव के शाहिद अली को डंडे से मारपीट पांच हजार नगदी व बाइक लूट फरार हो गए थे। इस मामले को एसपी ने गंभीरता से ले पुलिस की मदद को स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव, दरोगा सर्वजीत गुप्ता व उनकी टीम लगाई गई थी। स्वाट व रिसिया थानाध्यक्ष मदन लाल, दरोगा हेमंत यादव, रघुवीर गौतम, पन्ना लाल व पुलिस की सयुंक्त टीम ने गुरूवार आधी रात बाद नानपारा कोतवाली के ऊंचवा धौतलिया निवासी दीवान सिंह को धर दबोचा गया। उसने लूट की वारदात दो अन्य गुर्गों के साथ अंजाम देना कबूल किया। उसके शिनाख्त पर इमामगंज रोड स्थित वन विभाग कार्यालय के पास बंद पड़े भठ्ठा से छिपाई ग ई बाइक मिली। उससे मिले इनपुट पर मोतीपुर थाने के राजापुर कतर्निया निवासी योगेश निषाद उर्फ राहुल को उठाया गया।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष की कैद

**बहराइच।** गंगापुर गांव थाना कोतवाली नगर गोंडा निवासी अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने शुक्रवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार देते हुए दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

**अदालत से**

कोर्ट ने तीस हजार का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की धनराशि अदा न करने पर दोषी को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जरवलरोड कस्बा क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने जरवलरोड थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को सात सितंबर 2023 को गोंडा जिले के थाना कोतवाली नगर निवासी अशरफ बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। बेटी कहां है, उसकी काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चल पा रहा। पिता ने थाने के एसओ से मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी। पिता की तहरीर के आधार पर थाने की पुलिस ने अशरफ के खिलाफ पॉक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दीपकांत मणि ने मुकदमे में सुनवाई करते हुए अभियुक्त को घटना में दोषी करार दिया और सजा सुनाई। (संवाद)

# नकदी व जेवर के साथ विवाहिता गायब

**मिहींपुरवा (बहराइच)।** एक सप्ताह पूर्व बाजार सामान खरीदने घर से बाजार गई 20 वर्षीय विवाहिता का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। विवाहिता के पति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके घर से 22 हजार नकद और चार तोला सोने के जेवर भी गायब हैं। विवाहिता के पति ने बताया कि उसके गायब होने के बाद पास पड़ोस और रिश्तेदारों से उसके बारे में मालूम किया गया तो सभी ने अनभिज्ञता जताई। पीड़ित ने एक युवक को नामजद करते हुए पत्नी के गायब होने में उसी का हाथ होने की आशंका जताई है। मोतीपुर थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। (सवाद)

# दो घरों से चोरों ने उड़ाए जेवर व नकदी

**हुजूरपुर (बहराइच)।** ससना ग्राम पंचायत नन्हुआ गांव में बीते बृहस्पतिवार की देर रात चोरों ने विजय श्रीवास्तव के छत के रास्ते घर में घुसकर अलमारी में रखे जेवर व 40 हजार की नकदी उठा ले गए। विजय के अनुसार जेवर व नकदी मिलाकर करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है। वहीं विजय के घर के बगल स्थित शंकर के घर में भी चोरों ने घुसकर 20 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। एसओ बृजेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है। मौके पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# व्यावसायिक कार्य में लगीं पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**बहराइच।** परिवहन विभाग ने शुक्रवार को व्यावसायिक कार्य में लगीं कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज भी किया गया। विभाग द्वारा कोतवाली देहात, नानपारा व मिहींपुरवा में अभियान चलाया गया। सीज की गईं ट्रैक्टर-ट्रालियां ईंट उद्योगों पर लगी हुई थी। इनका इस्तेमाल ईंट की ढुलाई के लिए किया जा रहा था। यात्री कर अधिकारी अवध राज गुप्ता ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2025

# हाईटेंशन लाइन ठीक करने पोल पर चढ़ा लाइनमैन झुलसा

**सिरसिया (श्रावस्ती)।** विद्युत उपकेंद्र घोलिया में बतौर निजी लाइनमैन काम करने वाला सिरसिया निवासी कलीम बृहस्पतिवार रात शटडाउन लेकर हाईटेंशन लाइन ठीक करने पोल पर चढ़ा था। इसी बीच आपूर्ति बहाल कर दी गई। इससे वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस कर गिर गया। साथ मौजूद लाइनमैन ने उसे सीएचसी सिरसिया पहुंचाया। कलीम ने बताया कि हाईटेंशन लाइन ठीक करने के लिए लाइनमैन देवराज उसे बुला ले गए थे। मोबाइल से देवराज ने घोलिया फीडर से शटडाउन लिया था। लाइन सही करते समय अचानक आपूर्ति बहाल करने से यह घटना घटी है। (संवाद)

# अब पड़री में दिखा तेंदुआ, दहशत में ग्रामीण

**सिरसिया (श्रावस्ती)।** सिरसिया के परसिया राजा में बुधवार रात दिखे तेंदुए की दहशत अभी कम नहीं हुई। वहीं शुक्रवार सुबह पड़री गांव में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गांव पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ तेंदुए की तलाश की। सिरसिया क्षेत्र के पड़री गांव में शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने बबूल के पेड़ पर तेंदुए को बैठा देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुन काफी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए और हांका लगाकर तेंदुए को भगाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों की भीड़ देख तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया। ग्रामीणों ने लक्ष्मणपुर चौकी प्रभारी शमशाद अली व वन क्षेत्राधिकारी भिनगा नंद किशोर यादव को इसकी सूचना दी। गांव पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम ने खेत में तेंदुए की तलाश की। घंटों मशक्कत के बाद तेंदुआ न मिलने पर टीम ग्रामीणों को एहतियात बरतने की सलाह देकर लौट गई। (संवाद)

# पड़री गांव के गन्ने के खेत में घुसा तेंदुआ

## दहशत

- सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कांबिंग शुरू की
- खेत की ओर जा रहे लोग तेंदुए को देखकर डरे

**लक्ष्मनपुर, संवाददाता।** पड़री गांव के बाहर शुक्रवार सुबह बबूल के पेड़ पर एक तेंदुआ बैठा देखा गया। ग्रामीणों के हांका लगाने पर तेंदुआ पेड़ से उतरकर गन्ने के खेत में घुस गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कांबिंग शुरू की।

कोतवाली भिनगा के परसिया राजा गांव में बुधवार रात तेंदुआ देखा गया था। लेकिन ग्रामीणों के हांका लगाने पर झाड़ियों में चला गया था। वहीं शुक्रवार सुबह कोतवाली भिनगा के ही पड़री गांव के बाहर एक तेंदुआ बबूल के पेड़ पर बैठा देखा गया। गांव के कुछ लोग अपने खेत की ओर जा रहे थे। जिन्होंने तेंदुए को देखा तो डर गए। वापस आकर गांव में लोगों को जानकारी दी। गांव के बाहर तेंदुए की आमद की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए। लोगों ने हांका लगाना शुरू किया तो तेंदुआ पेड़ से उतर कर पास के गन्ने के खेत में घुस गया। लोगों की ओर से मामले की सूचना वन विभाग के साथ ही पुलिस को दी गई। सूचना पर लक्ष्मनपुर पुलिस चौकी प्रभारी शमशाद अली, भिनगा रेंजर नन्द किशोर यादव पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। टीम ने गन्ने के खेत में तेंदुए की तलाश शुरू की लेकिन तेंदुआ नहीं दिखा। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ गन्ने के खेत में छिप कर बैठा है। वन विभाग की टीम कांबिंग कर रही हैं। मौके पर ड्रोन मंगाया गया है। जिसके जरिए गन्ने के खेत में तेंदुए की तलाश की जा रही ही। लोगों का कहना है कि बुधवार रात में इसी क्षेत्र के गांव परसिया राजा में तेंदुए को देखा गया था।



पड़री गांव में मौजूद वन विभाग की टीम व ग्रामीण।

# पीड़ित ने लगायी एसपी से गुहार

**गिरंटबाजार।** थाना हरदत्त नगर गिरंट के ग्राम पंचायत पटपरगंज निवासी मोहम्मद साबिर खान पुत्र फकीर मोहम्मद उर्फ फुरहे खान का न्यायालय में जमीन का विवाद चल रहा था। जिस पर न्यायालय से जीत मिली थी। न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने पैमाइश करके जमीन पर कब्जा दिला दिया। लेकिन जब ट्रैक्टर से जुताई करने गया तो विपक्षियों ने ट्रैक्टर चालक को धमकी देते हुए खेत से भगा दिया। इसके साथ ही फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने एसडीएम जमुनहा और पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती से आनलाइन शिकायत करके न्याय कराने की मांग की है।

# चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**इकौना।** नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती के प्रभारी निरीक्षक शम्भू सिंह गुरुवार शाम को टीम के साथ मरवटिया पुल से ग्राम छाडू पुरवा मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान मलखान पाण्डेय पुत्र करिंगन निवासी तेर्रे थाना विशेश्वर गंज बहराइच के रूप में हुई।

# महिला की तहरीर पर आरोपी पर केस दर्ज

**श्रावस्ती।** कोतवाली भिनगा के एक गांव निवासी एक महिला ने 11 जुलाई को एसपी को शिकायती पत्र दिया था। महिला ने आरोप लगाया था अफसर अली पुत्र नवाब अली उसके मोबाइल पर फोन करके अश्लील बातें करता है।

# चाचा भतीजे में मारपीट, भतीजा गंभीर

**श्रावस्ती।** सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर निवासी बलराम (25) पुत्र राम गोपाल का शुक्रवार को उसके चाचा मगन बिहारी पुत्र छन्नू से रास्ते को लेकर विवाद हो गया। बलराम का रास्ता उसके चाचा के घर के सामने से है।

# नेपाल सीमा पर पनप रही मतांतरण की विषबेल

## लखीमपुर, बहराइच **श्रावस्ती, बलरामपुर** सिद्धार्थनगर व महाराजगंज तक फैला जाल

**सीमा पर नया खतरा**

धर्मेंद्र शुक्ला • जागरण

**188** मदरसे नेपाल सीमा पर अब तक किए गए सील | **61** मदरसों को अब तक किया गया ध्वस्त



मदरसे की जांच करते एसडीएम राजीव निगम व सीओ महक शर्मा • जागरण आर्काइव

लखीमपुर : नेपाल से सटी पीलीभीत से लेकर महाराजगंज जिले तक फैली 570 किलोमीटर लंबी भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बेशुमार अतिक्रमण बढ़ा है। इसी अतिक्रमण की आड़ लेकर सीमा पर मदरसों और दरगाहों की भी लंबी चौड़ी श्रृंखला तैयार होती गई। नेपाल सीमा से सटे जिलों में जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में अवैध मदरसों की संख्या बेतहाशा बढ़ी है, उससे साफ है कि छांगुर के लिए यह जिले बेहद उपजाऊ साबित हो रहे थे। खीरी, पीलीभीत, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज जैसे जिलों में बढ़ती मतांतरण की घटनाएं इस बात का प्रतीक हैं। प्रशासन का हंटर चला तो उसके आईने में ऐसी सभी तस्वीरें साफ होती चलीं गईं जहां अवैध मदरसे, मस्जिदें और ईदगाह संचालित हो रहे थे। अब इस पूरी सीमा पर अवैध तरीके से चल रहे मदरसों का जांच एजेंसियां छांगुर कनेक्शन भी तलाश रही हैं। पता लगाया जा रहा है छांगुर ने इस लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपना नेटवर्क कितना मजबूत किया।

छांगुर के नेपाल कनेक्शन की बात इस मामले की पीड़ित महिलाओं ने बाकायदा कैमरे के सामने कही है कि छांगुर और उसके गुर्गे फंडिंग व पुलिस से बचने के लिए भारत से सटे हजारों खुफिया रास्तों वाले देश नेपाल में छुप जाया जाया करते थे। इस इनपुट के बाद अब एटीएस समेत तमाम एजेंसियां छांगुर का बार्डर कनेक्शन तलाशने में लगी हैं। बलरामपुर में मतांतरण कराने वाले जलालुद्दीन उर्फ छांगुर का नेटवर्क नेपाल से सटे जिले लखीमपुर में भी रहा है। वह काफी दिनों से यहां काम भी कर रहा था। छांगुर का विशेष रूप से चंदनचौकी व नेपाल के थारु क्षेत्र पर फोकस था। खासकर चंदनचौकी इलाके में जहां पर दो अवैध मदरसे भी मिले थे, जिन्हें अब बंद करा दिया गया है। इन मदरसों को बनाने में छांगुर का आर्थिक सहयोग भी रहा है। बिचपटा व रामगढ़ में बने दोनों मदरसे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके बने थे। एसडीएम न्यायिक व तहसीलदार आरती यादव कहती हैं कि दोनों मदरसे नवीन परती व आबादी की जमीन पर बने थे। खीरी के ही निघासन में भी लालपुर और मिर्जागंज में बिना मान्यता के दो मदरसे सील किए गए। एटीएस की जांच में इस बात का राजफाश हुआ है कि नेपाल बार्डर से सटे सभी जिलों में मतांतरण का खेल चल रहा है। उसका इरादा था कि इन मदरसों का उपयोग थारु जनजाति के लोगों को प्रलोभन देकर उनका मतांतरण कराया जाए। इसके लिए प्रयास भी शुरू हो गया था जिसमें नेपाल के थारुओं को पहले निशाना बनाया गया, जिससे कि हो हल्ला कम हो।

बलरामपुर की 96 किमी सीमा नेपाल से सटी है। जहां 462 कुल मदरसे संचालित हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में मई और जून, 2025 में 36 मदरसों को ध्वस्त किया गया है। क्षेत्र में 51 मदरसों को नोटिस दी गई थी। श्रावस्ती की 62 किमी सीमा नेपाल से सटी है। अधिकांश इलाका जंगल, पहाड़ और पहाड़ी नालों से घिरा है। श्रावस्ती में सबसे अधिक लगभग 130 मदरसे सील किए गए। सरकारी जमीनों पर बने 25 मदरसों को ध्वस्त किया। चार मजार, तीन मस्जिद व दो ईदगाहों को भी ध्वस्त किए जा चुके हैं। बहराइच में कुल 13 मदरसों को सील किया गया है। महराजगंज जिले के मदरसों में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर प्रशासन ने जांच कराई तो 321 मदरसों में 74 बिना मान्यता के चलते मिले। 28 अवैध मदरसों, धार्मिक स्थलों के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई। सिद्धार्थनगर के 1,122 मदरसों में 528 गैर मान्यता प्राप्त मिले। बीते दो माह में सरकारी भूमि पर बने 13 मदरसे और आठ मस्जिद के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो चुकी है। नेपाल सीमा पर स्थित बढ़नी के आठ मदरसों को प्रशासन ने अति संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया है। दलित बाहुल्य जिले अंबेडकरनगर में मतांतरण कराने में ईसाई मिशनरियां भी यहां सक्रिय रही हैं। ईसाई मिशनरियों के निशाने पर अनुसूचित जाति व गरीब हैं, जिन्हें रुपयों का हवाला देकर मतांतरण कराया जाता है। मालीपुर, जलालपुर, राजेसुल्तानपुर, हंसवर, सम्मनपुर थानों में मतांतरण के छह से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। सभी मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन हैं।

# सड़क दुर्घटना में मां और बेटा घायल

श्रावस्ती। सड़क दुर्घटना में मां और बेटा गंभीररूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली भिनगा क्षेत्र के सुजानडीह गांव निवासी धर्मराज (20) शुक्रवार को अपनी मां ज्ञाना देवी (50) को बाइक से लेकर भिनगा आ रहा था। इस दौरान रास्ते में दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी।

# किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। शादी का झांसा देकर किशोरी को बहला फसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सिरसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने 26 जून को सिरसिया थाने में तहरीर दी थी।